# दैनिक सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

दतिया ■ शनिवार 15 जून 2024 ■ वर्ष-19 ■ अंक-228 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03




इस योग की मुद्रा को बैठकर किया जाता है। गोमुख आसन स्त्रियों के लिए बहुत ही लाभप्रद व्यायाम है।

03 गोमुख आसन

**सुविचार**

डर हमेशा आपको एक कैदी बना के रखेगा, जबकि खुले विचार आपको एक बादशाह बना के रखेंगे।
- अज्ञात

# भाजपा-संघ में खटपट! अहंकारियों को भगवान राम ने 241 पर रोका

## भाजपा को लगे चुनावी झटके पर संघ ने बताया भगवान का न्याय

### संघ के इंद्रेश कुमार ने किसी का बिना नाम लिए कहा-प्रभु राम ने लोगों की रक्षा की और रावण का भी भला किया

## ब्रीफ न्यूज

### दतिया में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, पांच की मौत

**दतिया।** प्रदेश के दतिया जिले में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां टैक्टर-ट्रॉली पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 से अधिक लोग घायल हो गए। मृतकों में तीन एक ही परिवार के हैं। हादसे के समय टैक्टर-टॉली में 30 लोग सवार थे। सभी रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे, इस दौरान दुरसड़ा थाना क्षेत्र के जोरा मैथाना पाली गांव के पास सुबह करीब पांच बजे यह हादसा हो गया।

### नक्सलियों के ठिकानों से स्नाइपर जैकेट बरामद

**सुकमा।** सुकमा पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। सुकमा जिले के ग्राम कंगालतोंग के जंगल में सुरक्षा बल ने नक्सलियों के डंप से विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। जवानों को विस्फोटक सामग्री के साथ पहली बार स्नाइपर जैकेट सेट भी मिला है।

### थोक महंगाई 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली।** मई में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गई है। जारी आंकड़ों के अनुसार मई में थोक महंगाई बढ़कर 2.61 फीसदी पर पहुंच गई है। फरवरी 2023 में थोक महंगाई दर 3.85 प्रतिशत थी। वहीं अप्रैल 2024 में महंगाई 1.26त्न रही थी, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था।

## इंडिया गठबंधन... सब मिलकर भी नंबर-1 नहीं बन पाए

एजेंसी ■ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव-2024 के नतीजों में भाजपा पिछले चुनाव के मुकाबले नुकसान में है। पार्टी में आंतरिक तौर पर मंथन हो रहा है। वहीं इस मुद्दे पर आरएसएस की तरफ से लगातार बयान सामने आ रहे हैं, जिसमें पार्टी के फैसलों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस बीच आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने लोकसभा चुनाव नतीजों को भगवान राम का न्याय बताते हुए भाजपा पर हमला बोला है। इंद्रेश कुमार ने एक तरफ जहां सत्ताधारी दल भाजपा को अहंकारी बताया है तो दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन इंडिया को राम विरोधी कहा है। इंद्रेश कुमार ने कहा है कि राम सबके साथ न्याय करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव को ही देख लीजिए, जिन्होंने राम की भक्ति की, लेकिन उनमें धीरे-धीरे अंहकार आ गया, तो उसे भगवान ने सबसे बड़ी पार्टी तो बना दिया लेकिन जो पूरे हक वाली बात थी, वह ताकत अहंकार के कारण 241 पर रोक दी।

### विचित्र है प्रभु का न्याय

वहीं विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन को लेकर इंद्रेश कुमार ने कहा है कि जिन्होंने राम का विरोध किया, उन्हें बिल्कुल भी शक्ति नहीं दी। सब मिलकर भी नंबर-1 नहीं बने। नंबर-2 पर खड़े रह गए। इसलिए प्रभु का न्याय विचित्र नहीं है। सत्य है। बड़ा आनंददायक है।

### इशारों में दिया संकेत

दरअसल, संघ नेता इंद्रेश कुमार ने जयपुर के पास कानोता में 'रामरथ अयोध्या यात्रा दर्शन पूजन समारोह' में अपने संबोधन के दौरान कहा कि इंद्रेश आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य भी हैं। हालांकि उन्होंने अपने बयान में किसी पार्टी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा साफ तौर पर पक्ष-विपक्ष की तरफ संकेत दे रहा था।



### इंडिया गठबंधन को बताया-राम विरोधी

इंद्रेश कुमार ने 240 सीट लाने पार्टी भाजपा का अहंकारी बताया तो दूसरी ओर 234 सीटें पाने वाले इंडिया गठबंधन को राम विरोधी कहा। उन्होंने कहा है कि भगवान राम भेदभाव नहीं करते और किसी को दंड भी नहीं देते हैं। राम किसी को विलाप नहीं कराते। राम सबको न्याय देते हैं, और वे ऐसे न्याय करते रहेंगे। भगवान राम हमेशा न्यायप्रिय हैं और न्यायप्रिय रहेंगे। इसके अलावा कहा कि भगवान राम ने लोगों की रक्षा की और रावण का भी भला किया है।

### एक के बाद एक नेता हो रहे मुखर

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगे 63 सीटों के झटके के बाद लगातार संघ भाजपा का काम करने के तरीके पर सवाल उठा रहा है। पिछले दिनों ही संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर की हिंसा से लेकर चुनाव में भाषाई मर्यादा बरतने को लेकर टिप्पणी की थी। साथ ही जनता की सेवा करने के गुर भी बताए थे। इसके अलावा आरएसएस से लंबे वक्त तक जुड़े रहे राजनीतिक विश्लेषक रतन शारदा ने एक लेख में भाजपा को लेकर सवाल खड़े किए थे।

## गोरखपुर में भागवत बोले-आरएसएस का हर कार्यकर्ता समाज में अपनी भूमिका को अदा करे



**इधर,** गोरखपुर पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ की समाज सेवा को लेकर समाज में जो बेहतर छवि बनी है, उसमें निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। संघ का विस्तार करने के लिए स्वयं सेवक अपनी भूमिका का विस्तार करें। संघ की समाज में सकारात्मक छवि बने इसकी जिम्मेदारी सभी स्वयंसेवकों की है। संघ प्रमुख ने कहा कि संघ का हर कार्यकर्ता समाज में अपनी भूमिका को अदा करे। समाज में बेहतरी की तरफ बदलाव हो यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। संघ प्रमुख ने कहा कि संघ की स्थापना को 100 वर्ष पूरे होने वाले हैं। इस लंबे सफर में संघ ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों की बेहतरी के लिए काम किए हैं। इस छवि और काम की पहचान को आगे बढ़ाते हुए निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है।

**समाज में बेहतर बदलाव हो यह सभी की नैतिक जिम्मेदारी**

**संघ के काम की पहचान को बनाए रखने की जरूरत**

### भेदभाव की नींव डालना सही नहीं, इंद्रेश कुमार के बयान पर रामदेव बोले

**इधर,** आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार की टिप्पणी पर बाबा रामदेव ने कहा कि ऐसी राजनीतिक बयानबाजी होती रहती है। भगवान राम सबके हैं और देश भी हम सबका है। जाति, संप्रदाय और विचारधाराओं के नाम पर देश में भेदभाव की नींव डालना राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सही नहीं है। रामदेव ने यह बात हरिद्वार में हरी सेवा आश्रम में चल रहे कथा के समापन और वार्षिक उत्सव के दौरान मीडियो से बात करते हुए कही।



### जनता ने मोदी और योगी को नकारा, मंत्री राजभर ने फोड़ा हार का ठीकरा, कहा

**उधर,** यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने लोकसभा चुनाव में मिली हार का ठीकरा भाजपा पर फोड़ा है। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि गठबंधन के तमाम पार्टियों के नेता गठबंधन धर्म निभाना नहीं जानते। राजभर ने कहा कि जनता ने सीएम योगी और पीएम मोदी को नकार दिया है। दरअसल, राजभर ने शुक्रवार को सुभासपा के केंद्रीय कार्यालय रसड़ा पर समीक्षा बैठक ले रहे थे।



### मंत्री पाटिल ने कहा-संघ को हमें डांटने का पूरा हक

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान को लेकर आरएसएस नाराज चल रहा है। इसी बीच महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि संघ को हमें डांटने का पूरा हक है। संघ के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर में प्रकाशित लेख में भाजपा और डिप्टी सीएम अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के साथ गठबंधन पर सवाल उठाए गए थे। खास बात है कि इस लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा की सीटें कम हो गई हैं। पाटिल ने कहा कि जैसे माता-पिता उनके बच्चों को सलाह देते हैं, वैसे ही हम संघ से सलाह लेते हैं। अगर बच्चा कोई गलती करता है, तो माता-पिता डांटते हैं।




## ब्रीफ न्यूज

### राज्यसभा सीट के लिए संगठन में लामबंदी शुरू

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद भाजपा में रिक्त होने वाली राज्यसभा की सीट के लिए जोर अजमाइश शुरु हो गई है। प्रदेश नेतृत्व की कोशिश है कि राज्य के ही किसी नेता को प्रदेश के कोटे की सीट से राज्यसभा भेजा जायेगा। इस सीट के लिए अप्रत्यक्ष रूप से लामबंदी शुरु हो गई है। राज्यसभा के लिए टिकट से वंचित हुए पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया, पूर्व सांसद केपी यादव के साथ-साथ पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी राज्यसभा के माध्यम से राजनीति में पुर्नवास की कोशिश कर रहे हैं। राज्यसभा की रिक्त हुई सीट किसे दी जाये इसका फैसला शीर्ष नेतृत्व को करना है।

### कर्मचारी बचत व साख सहकारी समिति का चुनाव 27 जून को

**भोपाल।** जनसंपर्क संचालनालय कर्मचारी बचत और साख सहकारी समिति के संचालक मंडल का चुनाव 27 जून को किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बघेल ने इसकी जानकारी देते हुएउ बताया है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दोपहर 11 बजे आयुक्त जनसम्पर्क संचालनालय बाणगंगा रोड़, भोपाल पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 20 जून को दोपहर 2 से 4 बजे तक नामांकन पत्र लिए जाएंगे। 21 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 22 जून को नाम वापस लिए जा सकेंगे।

### नगरीय क्षेत्रों में 15 जुलाई से पौधरोपण अभियान

**भोपाल।** प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पौधरोपण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। इस उद्देश्य से नगरीय क्षेत्र में पूरे 2 माह पौधरोपण अभियान चलेगा। शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ 75 लाख पौधों को रोपा जाएगा। राज्य शासन ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग से सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं।

# वेंडर अगर सामान बेचने के लिए बच्चों का इस्तेमाल करते हैं, तो दर्ज हो एफआईआर

## राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष कानूनगो ने समीक्षा के दौरान कहा

सत्ता सुधार ■ भोपाल



राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने शुक्रवार को मंत्रालय में बाल अधिकारों के लिए बनाए गए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के मद्देनजर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। कानूनगो ने कहा कि प्रायः हर चौराहे पर यह देखा जाता है कि छोटे बच्चे विभिन्न प्रकार की सामग्री बेच रहे हैं। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वेंडर अगर सामान बेचने के लिए बच्चों का इस्तेमाल करते हैं, तो एफआईआर कराएं। कानूनगो ने कहा कि प्रायः देखा गया है कि विभिन्न चौराहों पर छोटे बच्चों से भिक्षावृत्ति कराई जा रही है।

सामाजिक परिस्थितियों, आर्थिक अभाव एवं संसाधनों की कमी के कारण अनेक परिवारों के बच्चे विभिन्न अपराधों में लिप्त पाये जाते हैं। सड़क पर रहने वाले बच्चों का चिन्हांकन और अभिलेखीकरण कर बच्चों की देखभाल और सुरक्षा तथा बच्चों को मुख्य धारा से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास का प्रावधान है। कानूनगो ने कहा कि ऐसे बच्चों, जिनकी आयु 6 वर्ष से कम हो, को पोषण एवं शिक्षा के लिये नजदीकी आंगनवाड़ियों में प्रवेश कराया जाये। स्वास्थ्य जांच, परामर्श, चिकित्सा उपचार के लिए आयुष्मान योजना से जोड़ने की कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाये। साथ ही परिवार के सदस्यों को रोजगार एवं लघु उद्योग से जोड़ने में सहायता प्रदान की जाये। कानूनगो ने बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये पूल बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने बाल आशीर्वाद योजना के तहत ऑफ्टर केयर के बच्चों को मेडिकल इन्टरेंस की भी निःशुल्क कोचिंग कराई जाने की बात कही।

# ताप्ती के उद्‌गम स्थल पर सीएम ने किया जलाभिषेक

## जल गंगा संवर्धनः मुलताई पहुंचे मोहन यादव ने किया रोड शो

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को बैतूल जिले के मुलताई पहुंचे। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सीएम के मुलताई पहुंचने पर पुराना नागपुर नाका से रोड शो कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। जगह-जगह लोगों ने सीएम का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री ने आंबेडकर चौक पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं मुख्यमंत्री ने सूर्य पुत्री ताप्ती के उद्गम सरोवर पहुंचकर पुण्य सलिला का पूजन किया और जलाभिषेक कर स्वच्छता अभियान में शामिल हुए।



मुख्यमंत्री ने महाआरती भी की और वहां मौजूद सभी लोगों को जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान वहां विभिन्न समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने स्टॉल्स संचालकों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस कार्यक्रम के बाद सीएम उत्कृष्ट स्कूल मैदान पर आमसभा में पहुंचे। यहां पर उन्होंने जिले के लिए 347 करोड़ की लागत से 1008 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। साथ ही कहा कि जल्द ही पूरे मध्यप्रदेश में अभियान शुरू कर छह करोड़ पौधे रोपे जाएंगे।

# राजस्व बढ़ाने अपनाएं नवाचार, जमीन की कीमत और रजिस्ट्री की दर में न हो अंतर

## राजस्व से संबंधित विभागों के अधिकारियों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए निर्देश- इमानदारी से किया जाए काम

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश में राजस्व बढ़ाने के लिए नवाचार अपनाएं। अन्य राज्यों के अच्छे प्रयासों को अपनाने के साथ राज्य की परिस्थितियों के अनुसार अधिक प्रभावी कार्ययोजना बनाने के लिए विषय-विशेषज्ञों की सलाह ली जाए। राजस्व प्राप्तियां बढ़ाने के लिए ईमानदारी से काम हो। यह भी देखा जाए कि भूमि के वास्तविक मूल्य और जिस दर पर रजिस्ट्री हो रही है, उसमें अधिक अंतर न हो। प्रदेश के जिन स्थानों पर दरों में अधिक असमानता है, वहां दरों को समायोजित किया। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्व से संबंधित विभागों के अधिकारियों की मुख्यमंत्री आवास स्थित कार्यालय में हुई बैठक में दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आबकारी से जुड़ी गतिविधियों में जो राजस्व की हानि होती है उसे रोकने और नियमानुसार सामग्री का विक्रय सुनिश्चित करने के लिए आकस्मिक निरीक्षण बढ़ाए जाएं।

वन संपदा और लकड़ी पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करें

राजस्व, धर्मस्व सहित अन्य विभागों की भूमियों पर अतिक्रमण न हो और ऐसी भूमियों के महत्व अनुसार राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि की दृष्टि से उनका उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

मध्य प्रदेश से निकलने वाले खनिज की निगरानी के लिए नई तकनीक का उपयोग करते हुए प्रदेश में नाकों की संख्या बढ़ाएं। खनन की गतिविधियां पर निगरानी के लिए ड्रोन और सैटेलाइट सर्वे का उपयोग किया जाए। खनिज व्यवसाय में प्रदेश के व्यवसायियों को प्रोत्साहित करने के साथ प्रदेश में खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ाने के लिए नीति भी बनाई जाए। वन संपदा और लकड़ी पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करें। देश में जिन स्थानों पर लकड़ी की मांग अधिक है, वहां प्रदेश की श्रेष्ठ लकड़ी की नीलामी की व्यवस्था विकसित की जाए। बैठक में वैट, जीएसटी, पंजीयन एवं मुद्रांक, खनिज साधन, आबकारी, राजस्व,



परिवहन, ऊर्जा, वन और सिंचाई क्षेत्र से प्राप्त होने वाले राजस्व के लक्ष्य, वर्तमान स्थिति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया, एनएन मिश्रा, डा. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सरकारी स्कूल में मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्कूल चलें हम अभियान की 18 जून से शुरुआत की जा रही है। इसके अंतर्गत 18 से 20 जून तक प्रवेशोत्सव कार्यक्रम होंगे। इसके तहत लगातार तीन दिनों तक स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत 18 जून को सांसद या विधायक या अन्य जनप्रतिनिधि किसी भी स्कूल में जाकर बच्चों का स्वागत करेंगे। इस अवसर पर 18 जून को राजधानी के सुभाष उत्कृष्ट उमावि में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी शामिल होंगे और विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे। इस कार्यक्रम में स्कूल के पूर्व विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों को बुलाया जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। इस दौरान सभी स्कूलों में शालेय गतिविधियों के अलावा शैक्षणिक कैलेंडर, अध्ययन, अध्यापन प्रक्रिया, सह शैक्षणिक गतिविधियों और स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। स्कूल से दूर रहने वाले बच्चों का स्कूल में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का सम्मान होगा।




प्रदेश में 18 जून से शुरू होगा स्कूल चलें हम अभियान

### मुख्यमंत्री उज्जैन में आज कान्ह-क्लोज डक्ट परियोजना का करेंगे भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को उज्जैन में 598.66 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। उल्लेखनीय है कि इंदौर तथा सांवेर के सीवेज युक्त जल को कान्ह नदी के माध्यम से क्षिप्रा नदी में मिलने से रोकने के लिए जमालपुरा ग्राम के समीप कान्ह नदी पर बैराज का निर्माण किया जायेगा। सीवेज युक्त जल क्लोज डक्ट के माध्यम से जल को गंभीर नदी में गंभीर बांध के डाउन स्ट्रीम में डायवर्ट किया जायेगा। आगामी सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए प्रावधानों के अनुसार जल प्रवाह 40 क्यूसेक जल बहाव क्षमता के रूपांकन कार्य किया गया है। जिसमें इंदौर शहर तथा सांवेर शहरी क्षेत्र की अनुमानित जनसंख्या से आने वाले सीवेज एवं सांवेर जल उद्वहन परियोजना के कमाण्ड क्षेत्र मे होने वाली सिंचाई से जल के रिजनरेशन, देवास एसटीपी से आने वाले जल को पंप कर कान्ह नदी में छोड़ते हुए डक्ट के माध्यम से व्यपवर्तित किया जाएगा। डक्ट में शुरुआती तथा अंतिम छोर के अतिरिक्त 4 संख्या में पहुंच मार्ग प्रस्तावित हैं। मार्ग की चौड़ाई डक्ट के समान ही 4.5 मीटर रखी गई हैं।

### जीवन और प्रकृति के संरक्षण के लिए नदियों को अविरल और पवित्र रखना जरूरी



**भोपाल।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की मानस यात्रा का कारवां छिंदवाड़ा पहुंचा। उन्होंने छिंदवाड़ा जिले की पेंच नदी के उद्गम स्थल पर पूजन, पौधरोपण कर जन-संवाद किया। जन-संवाद करते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि नदियों के उद्गम पर जाकर ऐसा लगता है कि प्रकृति ने हर कोशिश की है मानवीय सभ्यता को जीवित रखकर उन्हें जीवन देने की। मनुष्य ने इन नदियों के प्रति जो उपेक्षा पूर्ण रवैया अपनाया है, वह बहुत ही खतरनाक है। हमें अपने आने वाली पीढ़ियों के लिए इन्हें जीवंत बनाना होगा। नदी का उद्गम जन्म स्थान है। बचपन, यौवन और संगम के साथ एकाकार होना उसका सत्य है, लेकिन नदी कुछ लेती नहीं सदैव देती है। इसलिए वह मां के समान है। नदियों का संरक्षण कर हम आने वाली पीढ़ी को धरोहर संजोकर दे रहे हैं। प्रकृति और जीवन का वैसा ही संबंध है, जैसे संतान का और मां का। यदि हम प्रकृति और नदियों की उपेक्षा करेंगे तो हमारा जीवन भी निर्जल होगा।

# शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में जुनून-समर्पण के साथ करें काम

## उप-मुख्यमंत्री ने पुस्तक मेले का किया शुभारंभ, कहा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा जिले में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में अधिकारी व शिक्षक जुनून एवं समर्पण के साथ कार्य करें तथा संस्कार युक्त शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले का आयोजन विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिये लाभप्रद है क्योंकि एक ही छत के नीचे विभिन्न विक्रेताओं द्वारा लगाये गये स्टाल में सभी स्कूलों की किताबें, ड्रेस व अन्य स्टेशनरी सामग्री गुणवत्ता से किफायती दर पर उपलब्ध हो रही है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता का आह्वान

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा को अधोसंरचना विकास के



कार्यों के साथ-साथ शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उच्चतम स्तर तक ले जाने के सभी प्रयास तेजी से जारी है। जिले में सीएम राइज विद्यालयों की स्थापना इसी दिशा में किये जा रहे प्रयास हैं। उन्होंने जल संरक्षण एवं पुराने जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिये संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी से सहभागिता तथा पौधरोपण कार्य कर इन्हें सहेजने के लिए तत्पर रहने की अपील की। कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे, नगर पालिक निगम व्यंकटेश पाण्डेय, प्राचार्य सीएम राइज वरुणेन्द्र प्रताप सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी व अभिभावक तथा विक्रेता उपस्थित रहे।

# निजी अस्पताल, कोचिंग संस्थान मॉल को अब सार्वजनिक जगहों पर लगाने होंगे कैमरे

## सुरक्षा को लेकर सरकार बना रही कानून

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश का गृह विभाग अपराध की रोकथाम और नियंत्रण के लिए लोक सुरक्षा को लेकर कानून बनाने पर काम कर रहा है। इसमें भीड़भाड़ वाले इलाकों में पब्लिक की मदमद से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मध्य प्रदेश में अपराध की रोकथाम और नियंत्रण के लिए शहरी और ग्रामीण भीड़भाड़ वाली जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे निजी अस्पताल, शॉपिंग मॉल, सिनेमाघर, कोचिंग संस्थान के बाहर जनसहयोग से लगाए जाएंगे। इसके लिए गृह विभाग कानून बनाने पर काम कर रहा है। इसको लेकर गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की कई दौर की बैठकें हो गई हैं। गृह विभाग के अधिकारियों के अनुसार भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक इलाकों में अपराध को रोकने में अब सरकार जनता की मदद लेगी। ऐसे सार्वजनिक स्थल जैसे अस्पताल, शॉपिंग मॉल, कोचिंग, बैंक जहां हर दिन 100 से ज्यादा लोग आते है, उनको अपने सामने की सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। इसका एक माह का डाटा सुरक्षित रखने की व्यवस्था करना होगी। साथ ही किसी घटना पर पुलिस को जांच के लिए आवश्यक होने पर उसे अनिवार्य रूप से उपलब्ध भी करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर जुर्माने का प्रावधान होगा। इस पहल से किसी घटना या दुर्घटना के पहले अपराध को रोकने के साथ ही अपराध होने पर अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी।

## मप्र में भाजपा की एतिहासिक जीत पर बधाई



**भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा मध्यप्रदेश में 29/29 लोकसभा की सीटों पर मिली एतिहासिक जीत पर भोपाल में बधाई देने उनके निवास पहुंचे। इस अवसर पर वीडी शर्मा ने भी स्वागत कर अभिनंदन किया। साथ ही विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

**कांग्रेस में कलह** पार्टी के नेता अमिताभ अग्निहोत्री ने लिखा शिकायती पत्र, कहा-20 सीट भी नहीं जीत पाएंगे

# प्रदेश कांग्रेस में पुत्र, परिवार, पट्टा, पूंजी और चापलूसवाद को तवज्जो

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस में युवा नेतृत्व को सीनियर नेता स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। उन पर लगातार आरोप लगा रहे हैं। अब मध्य प्रदेश की स्थिति पर केंद्रीय नेतृत्व को पत्र लिखा गया है। पत्र में चेतावनी दी है कि अगर इन पदाधिकारियों को नहीं हटाया गया तो कांग्रेस प्रदेश में 20 सीट भी नहीं जीत पाएगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस में विधानसभा और लोकसभा चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस में अंदरूनी कलह कम होने का नाम नहीं ले रही है। पहले सीनियर नेताओं के पास जिम्मेदारी थी तो कोई कुछ भी बोलने से बचते रहता



था, लेकिन जब से जीतू पटवारी को प्रदेश का अध्यक्ष और उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया, तब से विरोधभरे सुर लगातार उठ रहे हैं। भोपाल के एक नेता ने कांग्रेस की दयनीय स्थिति को देखते हुए आलाकमान को पत्र लिखा है।

**आलाकमान को पत्र लिख बताई स्थिति और लगाए आरोप** : मध्यप्रदेश कांग्रेस नेता और पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता अमिताभ अग्निहोत्री ने कांग्रेस आलाकमान को एक पत्र के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस की दयनीय स्थिति से अवगत कराया और कई आरोप लगाए। अमिताभ अग्निहोत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नाम लिखे पत्र में कहा है कि मध्य प्रदेश में निष्ठावान, कर्मठ, जनता से जुड़ाव रखने वाले नेताओं की उपेक्षा की जाती है एवं मध्य प्रदेश में कांग्रेस में पुत्रवाद, परिवारवाद, पट्टावाद, पूंजीवाद एवं चापलूसवाद को तवज्जो दिया जाता है।

### अपना क्षेत्र भी नहीं बचा पाए प्रदेश अध्यक्ष

अमिताभ अग्निहोत्री ने जीतू पटवारी को लेकर कहा है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी का स्वयं के गृह क्षेत्र इंदौर शहर में ही प्रभाव नहीं है। जिन अक्षय कांति बम को मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनवाया, वह लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा के खेमे में चले गए। इसके परिणामस्वरूप इंदौर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को लगभग 11 लाख मतों से विजयश्री प्राप्त हुई। जीतू पटवारी की अभिमानपूर्वक कार्यशैली के कारण कई प्रभावशाली नेता कांग्रेस छोड़कर चले गए। अमिताभ अग्निहोत्री ने आगे लिखा कि मैंने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से निवेदन किया था कि कांग्रेस को नर्सिंग घोटाला, आयुष्मान अस्पताल घोटाला, कोरोना काल घोटाला, रेमडेसिविर इंजेक्शन घोटाला को मध्य प्रदेश के प्रत्येक शहर एवं जिले में युवक कांग्रेस एनएसयूआई के माध्यम से उठाना चाहिए, जिससे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को लाभ मिलेगा।

# अब एक ही घर में लग सकेंगे अलग-अलग बिजली के मीटर

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मध्य प्रदेश में अब एक ही घर (कैम्पस) में अलग-अलग बिजली मीटर लग सकेंगे। ऊर्जा विभाग के पायलट प्रोजेक्ट में कुछ शर्तों के आधार पर नए कनेक्शन दिए जाने के आदेश दिए हैं। अब तक विधिक बंटवारा नहीं होने पर अलग मीटर नहीं लगता था। जिससे एक ही परिवार में अलग रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इससे राहत मिलेगी। अलग-अलग मीटर लगाने के संबंध में आदेश जारी कर दिए गए है। वहीं बिजली चोरी का प्रकरण लंबित होने अलग कनेक्शन नहीं मिलेगा। ऊर्जा विभाग ने प्रदेश की तीनों ही विद्युत वितरण कम्पनियों को निर्देश में कहा है कि एक ही कैम्पस में अलग-अलग परिवारों के लिए स्वतंत्र घरेलू बिजली मीटर दिए जाने का काम सिर्फ उसी स्थिति में किया जा सकता है जब पहले से लगे मीटर पर किसी तरह का बकाया नहीं हो। एक ही कैम्पस में अलग-अलग मीटर लगाने के फैसले का सबसे अधिक लाभ उन लोगों को मिलेगा जो किराए के मकान में रहते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### सामूहिक योग दिवस के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**दतिया।** उप सचिव मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा 21 जून 2024 को 10वें अंन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजन के संबंध में निर्देश दिए गए है। कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी दतिया को नोडल अधिकारी तथा जिला आयुष अधिकारी दतिया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा ऑनलाईन प्रतिवेदन भेजने हेतु कर्मचारी नियुक्त

**दतिया।** राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 का आयोजन 23 जून 2024 रविवार को आयोजित की जा रही है। संयुक्त कलेक्टर श्री बृज बिहारी श्रीवास्तव द्वारा आदेश जारी कर उक्त परीक्षा के एक दिन पूर्व एवं एक दिन पश्चात् आयोग को ऑनलाईन प्रतिवेदन भेजने हेतु श्री अजय तिवारी सहायक वर्ग तीन को नियुक्त किया गया है।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 50 हजार रूपये की राशि स्वीकृत

**दतिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अपनी स्वेच्छानुदान मदसे वित्तीय वर्ष 2023-24 में भासड़ा खुर्द बड़ौनी दतिया निवासी जशोदा रावत पति श्री लक्ष्मीनारायण को 50 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की है।

### चालीस साल की महिला से छेडछाड की

**दतिया।** थाना बसई क्षेत्र के ग्राम हमीरपुर में एक व्यक्ति ने चालीस साल की महिला के साथ छेडछाड कर दी। घटना चार जून की बताई गई है। शुक्रवार को महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गत चार जून को ग्राम जनकपुर निवासी एक चालीस साल की महिला अपने ग्राम हमीरपुर में जमुनिया वाले खेत पर कुआं पर बनी कोठी पर थी, तभी हमीरपुर निवासी राम पाल ने उसके साथ छेडछाड की, चिल्लाने पर आरोपी वहां खडा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### जान से मारने की नीयत से युवक को गोली, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**दतिया।** थाना थरेट क्षेत्र के ग्राम पहाडी में शुक्रवार की सुबह तीन लोगों ने हवाई फायर किए और युवक में जान से मारने की नीयत से गोली मार दी। पुलिस ने आरोपियो खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पहाडी निवासी आकाश पुत्र महेन्द्र यादव उम्र 26 साल ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को सुबह साढे 8 बजे गांव में ओमी यादव घर के सामने खडा था तभी उसके ही गांव के मलखान पुत्र शालिकराम यादव, आदराम पुत्र रामसेवक यादव तथा विकास पुत्र कल्याण यादव वहां आ धमके और रंजिष के चलते उसके साथ गालीगलौच करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने हवाई फायर तथा तमंचा से उसमें गोली मार दी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिरी, पांच की मौत, बीस से अधिक घायल

सत्ता सुधार ■ दतिया

थाना दुरसड़ा क्षेत्र के इंदरगढ़-कामद रोड पर ग्राम कुरैठा के पास शुक्रवार तड़के सवा चार बजे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिया से अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। जिससे ट्रॉली के नीचे दबने से पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें एक महिला, एक युवती और तीन नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। मरने वालों में महिला और उसकी दो लड़कियां हैं। ट्रैक्टर ट्रॉली सवार सभी श्रद्धालु पांच ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सवार होकर रतनगढ माता मंदिर पर जबारे चढ़ाने के लिए जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार ग्राम दिसवार निवासी श्रद्धालु शुक्रवार को तडके पांच ट्रैक्टर ट्रॉलियों सवार होकर रतनगढ माता मंदिर पर जबारे चढाने के लिए दतिया-भांडेर रोड पर स्थित आड़े गोला होते हुए इंदरगढ-कामद के रास्ते रतनगढ़ जा रहे



थे। जब ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सवार लोग सुबह सवा चार बजे गांव से सात किमी दूर ग्राम कुरैठा के पास बनी पुलिया पर पहुंचे तभी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे जा गिरी। जिससे उसमें सभी लोग नीचे गिरकर घायल हो गए, जबकि कुछ महिलाएं ट्रॉली के नीचे दब गई जिससे उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक ट्रैक्टरों में आगे निकलने की होड लगी थी, तभी हादसा हो गया। दुर्घटना में सोनम (15) पुत्री चंदन अहिरवार, सीमा (35) पत्नी नवलकिशोर केवट, कामिनी (19) पुत्री नवलकिशोर, क्रांति (17) नवलकिशोर और रोशनी (17) रमेश अहिरवार की मौत हो गई। इनमें कामिनी और क्रांति सीमा की पुत्रियां है जबकि सोनम और रोशनी आपस में मामा-बुआ की लड़की हैं। जबकि हादसे में चेतराम पाल (80), विनीता (32) पत्नी पूरन पाल, पुष्पेंद्र (35) पुत्र नाथूराम दांगी, ट्रैक्टर चालक मुलायम सिंह (40) पुत्र घनश्याम दांगी, कल्लू दांगी (22) पुत्र जगत सिंह, कृष्णकांत (13) पुत्र भागवत प्रजापति, धनमंति अहिरवार (50) पत्नी सियाशरण, पुष्पा पाल (50) पत्नी रामचरण, तेजा पाल (50) पत्नी लक्ष्मण पाल, रमकु (50) पत्नी बंसी केवट, पान कुंअर (40) पत्नी बृजभान, धनमंति (40) पत्नी लखन पाल, ऊषा (35) महेश बाढ़ई, कल्लू (13), वीरवती (48) पत्नी प्रागीलाल पाल, रामकली (55) पत्नी रामस्वरूप अहिरवार, सुशीला प्रजापति (35) पत्नी हरिराम, रानी अहिरवार (32) पत्नी चंदन, दीक्षा पाल (16) पुत्री रामप्रसाद पाल, पनकू (70) लालाराम केवट, आशिक केवट (10) घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए एंबूलेंस से जिला अस्पताल पहुचाया गया। जानकारी मिलने पर प्रभारी कलेक्टर कमलेश भार्गव, पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा एवं भांडेर एसडीओपी कर्णिक श्रीवास्तव घटनास्थल पर पहुंचे।

## भतीजे ने किया चाची के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

**दतिया।** एक गांव निवासी महिला को उसका सगा भतीजा कुंजनपुरा मोहल्ले में एक कमरे पर लेकर गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी रात में उसे धमकी देता हुआ अकेला छोडकर भाग निकला। घटना 11-12 जून की रात की बताई गई। महिला दतिया स्थित एक कॉलेज में आशा कार्यकर्ता की ट्रेनिंग के लिए आई थी। जब वह वापस अपने गांव लौट रही थी तभी गोराघाट से उसका भतीजा बाइक से दतिया लेकर आया और कुंजनपुरा मोहल्ला में एक कमरे पर ले जाकर रात में उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार एक गांव निवासी महिला ने पुलिस बताया कि उसकी 9 से 13 जून तक झांसी रोड स्थित एक निजी कॉलेज में आशा कार्यकर्ता की ट्रेनिंग थी। इसलिए वह ट्रेनिंग में शामिल होने के लिए गांव से दतिया आती थी। 11 जून को उसका पति के गोराघाट तक उसे छोडने के लिए आया। यहां से वह बस से दतिया पहुंची। ट्रेनिंग खत्म होने के बाद शाम छह बजे बस में बैठकर गोराघाट पहुंची तभी उसके भतीजे का फोन आया और कहा मैं तुम्हें लेने आ रहा हूं। शाम सात बजे महिला का भतीजा बाइक से गोराघाट पहुंचा और उसे बाइक पर बैठाकर रात में कुंजनपुरा मोहल्ले में एक मकान पर ले गया। यहां उसके भतीजे ने रात में कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया इसके बाद धमकी देता हुआ उसे अकेला छोड़कर वहां से चला गया। अगले दिन 12 जून को महिला घर पहुंची फिर गुरुवार को पति के साथ थाना कोतवाली पहुंचकर भतीजे पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामले मे कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 12 घंटे के भीतर शुक्रवार को झांसी चुंगी पर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया।

## ट्रक में पीछे से टकराया आयशर वाहन, चालक की मौत

**दतिया।** थाना गोराघाट क्षेत्र के झांसी-ग्वालियर हाईवे पर एक ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे पीछे आ रहा आयशर वाहन ट्रक के डाले से टकरा गया। टक्कर लगने से आयशर चालक की मौत हो गई। घटना गुरूवार-शुकवार रात एक बजे की है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बिलाल पुत्र शरीफ खां निवासी निवासी सिंधिया नगर थाना विश्वविद्यालय ग्वालियर ने पुलिस को बताया कि उसके पिता शरीफ खां आयशर ट्रक पर चालक हैं। गुरूवार-शुक्रवार की रात एक बजे वह झांसी-ग्वालियर हाईवे पर बडौनकला और गुलियापुरा के बीच से जा रहे थे। उनके वाहन के आगे ट्रक जा रहा था तभी अचानक ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दिए जिससे उसके पिता का आयशर वाहन ट्रक के डाले से जा टकराया जिससे उसके पिता की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## 21 जून 2024 विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य मे काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन किया गया



सत्ता सुधार ■ दतिया

21 जून 2024 विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य मे शिक्षा विभाग व आयुष विभाग द्वारा आज शुक्रवार को प्रातः 7 बजे रेडक्रॉस सोसाइटी भवन में काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे डाइट प्राचार्य श्री अनिल कुमार दुवे द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग कराया कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी कलेक्टर कमलेश भार्गव, अपर कलेक्टर विनोद भार्गव, धंनजय मिश्रा, एस के अग्रवाल, जिला योजना अधिकारी एस एस सिसोदिया, रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव पुनीत टिलवानी द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पन से किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला आयुष अधिकारी द्वारा हार्टफुलनेस रिलेक्सेसन व ध्यान कराया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से,जिला योग प्रभारी राजेश कतरोलिया ,जिला क्रीड़ा अधिकारी सुनील शर्मा, सुरजीत अहिरवार, आयुष विभाग से डॉ आनंद किशोर खरे, डॉ हितेंद्र पुरोहित, डॉ आलोक श्रीवास्तव, डॉ विद्याभूषण तिवारी, डॉ भावना वर्मा, डॉ कपिल कांत गुप्ता, डॉ अनिल जाटव, अंकित गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों ने योग किया।

## राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के सफल संचालन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**दतिया।** राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 का आयोजन 23 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक दो सत्रो में दतिया जिले के 4 केन्द्रों पर आयोजित किया जा रहा है। संयुक्त कलेक्टर बृज बिहारी श्रीवास्तव ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु आदेश जारी स्टेनो कक्ष कलेक्ट्रेट दतिया में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 07522-234100 रहेगा। यह कंट्रोल रूम प्रातः 8 बजे से जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों की सामग्री जमा होने तक जारी रहेगा। कंट्रोल रूम पर श्री धूप सिंह कुशवाहा सहायक वर्ग तीन एवं श्री कविन्द्र वर्मा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कलेक्ट्रेट दतिया की ड्यूटी लगाई गई है।

## पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा आभार बैठक में शामिल होंगे

**दतिया।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा शनिवार को दोपहर तीन बजे भाजपा कार्यालय पर लोकसभा चुनाव में पार्टी की प्रत्याशी संध्या राय के विजयी रहने पर आयोजित आभार बैठक में शामिल होगे। इस मौके पर नवनिर्वाचित सांसद संध्या राय भी मौजूद रहेंगी। भारतीय जनता पार्टी के दतिया विधानसभा में निवासरत सभी वरिष्ठ भाजपा नेता, जिला एवं मंडलो के पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं दतिया विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ अध्यक्ष, महामंत्री पोलिंग एजेंट एवं कार्यकर्ताओं से आभार बैठक में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## महिला का पर्स छीनकर भागा बदमाश

**दतिया।** गुरूवार को दोपहर तीन बजे ससुराल से मायके जा रही एक महिला का पर्स रामनगर कॉलोनी में ज्योतिपुंज स्कूल के पास से एक बदमाश छीनकर भाग गया था। पर्स में मोबाइल, नगदी व दुकान की चाबी रखी थी। पुलिस ने महिला के आवेदन पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रीता श्रीवास्वत नाम की एक महिला गुरूवार को दोपहर तीन बजे अपनी ससुराल से मायके जा रही थी, जब वर रामनगर में ज्योतिपुंज स्कूल के पास पहुंची तभी एक बदमाश पर्स छीनकर भाग गया। पर्स में साढे चार हजार रूपए नगद, मोबाइल और दुकान की चाबी रखी थी। कोतवाली पुलिस ने महिला के आवेदन पर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।

## अशोक कुशवाहा हत्याकांड के दो आरोपी हथियार सहिंत गिरफ्तार



सत्ता सुधार ■ दतिया

पुलिस ने अशोक कुशवाहा हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी अरुण पुत्र महेश यादव 25 साल निवासी इमलीपुरा तथा छोटू उर्फ लाखन पुत्र कौशल यादव 23 वर्ष निवासी इमलीपुरा को ग्राम पेंता से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 11 जून को जमीन विवाद के चलते अशोक कुशवाहा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों का मृतक अशोक के साथ प्लॉट की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर के तमंचा, 12 बोर की अधिया व 4 जिन्दा कारतूस जप्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## ग्रामीण भी कर सकेंगे पानी में वैक्टीरिया की जांच

**दतिया।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल स्वच्छता मिशन के निर्देशानुसर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया के मार्गदर्शन में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकासखण्ड़ भाण्ड़ेर के ग्रामों में पेयजल में बैक्टीरिया की जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाकर सोहन, सालोन बी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाण्ड़ेर में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जिला समन्वयक अजय सविता द्वारा एच25 वायल्स से पानी में वैक्टीरिया की जांच का प्रशिक्षण दिया गया एवं एच25 वायल्स की किट प्रदान की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि एच25 वायल्स की शीशी में पानी को 24 घंटे के लिए भरकर रखते है। इस शीशी के पानी का रंग काला होने पर उस पानी के स्त्रोत में हानिकारक वैक्टीरिया के उपस्थित होने की आशंका होती है। आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा ऐसे पानी के नमूनों की सूचना देने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम के संबंधित पेयजल स्त्रोत के सैम्पल को भरकर जिले की प्रयोगशाला में जांच के लिये लाया जाएगा। वर्षा ऋ्तु में जीवाणु के सक्रिय होने से उल्टी, पेट दर्द, पेट खराब होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए इस एच25 वायल्स के माध्यम से सभी आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने ग्राम के सभी शासकीय एवं निजी स्त्रोतों के पेयजल में वैक्टीरिया की जांच कर सकेंगी। इससे पूर्व में भी विकासखण्ड़ दतिया एवं सेवढ़ा में भी आशा कार्यकर्ताओं को एच25 वायल्स एवं एफटीके किट का प्रशिक्षण दिया गया तथा किट प्रदान की गई है।

### बाल प्रगति संस्थान द्वारा आयोजित किया गया पौधरोपण कार्यक्रम

## पौधारोपण से ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सकता हैः मुनेंद्र शेजवार

सत्ता सुधार ■ दतिया

बाल प्रगति शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद दतिया के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के रामनगर कॉलोनी स्थित कार्यालय पर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक मुनेंद्र शेजवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान संचालक सुदीप तिवारी द्वारा की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि मुनेंद्र शेजवार द्वारा



पर्यावरण संरक्षण के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि नई पीढ़ी को पौधों का महत्व समझाना होगा, पौधे प्रदूषण को कम करने के साथ ही हमें प्राण वायु आक्सीजन देते हैं। धरती पर लगातार पौधे कम होने पर पर्यावरण में जहरीली हवा बढ़ती जा रही है। इससे लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। एक पौधा हमें आक्सीजन के साथ-साथ, फल, छाया और कीमती लकड़ी देता है। पौधारोपण से ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के संचालक सुदीप तिवारी ने कहा कि लोगों को जन्मदिन व अन्य उत्सवों पर पौधे रोपित करने चाहिएं। बच्चे अपने जन्मदिन पर पौधारोपित करें और अगले जन्मदिन तक इसकी देखभाल करें। इसके बाद अगले जन्मदिन पर पौधारोपित करें और इनकी देखभाल करें। इससे पौधों से रिश्ते बनेंगे और लोग इन रिश्तों को निभाएंगे तो धरती हरी-भरी हो जाएगी। इस दौरान करण निरंजन, चंद्रकान्त तिवारी, अभय प्रताप, सुनील निरंजन, विनोद श्रीवास्तव, ध्रुव तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्मारक क्षतिगस्त होने से असंतोष



**दतिया।** सीतासागर तालाब के पास झांसी विवाह वाटिका के सामने प्राचीन समय से स्थापित शहीद चन्द्रशेखर आजाद की संयुक्त स्मारक को 11 जून की किसी असमाजिक तत्व के द्वारा जमीन पर कब्जा करने की नीयत से स्मारक को क्षतिग्रस्त दिया है। जिसकी शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई है। स्मारक के क्षतिग्रस्त होने से देश भक्त एवं उपासकों में असंतोष व्याप्त है। अशोक कुमार ठेकेदा ने घटना में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है।

## पेयजल एवं सीवर समस्या को लेकर महापौर ने की विधानसभा वार समीक्षा

# पेयजल एवं सीवर से संबंधित समस्याओं का एक सप्ताह में करायें निराकरणः महापौर डॉ. सिकरवार

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

तिघरा जलाशय में पानी कम है इसको देखते हुए शहर वासियों को पर्याप्त व शुद्ध जल मिले इसके लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होगें। जिस क्षेत्र में पानी नहीं पहुंच रहा है उन क्षेत्रों को चिह्नित करें तथा टैंकर या अन्य माध्यम से पार्षदों के साथ समन्वय कर पेयजल उपलब्ध करायें। इसके साथ ही पेयजल एवं सीवर सें संबंधित कोई बडी समस्या है तो उसका एक सप्ताह में निराकरण करायें। उक्ताशय के निर्देश महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने ग्वालियर पूर्व, ग्वालियर दक्षिण एवं ग्रामीण विधानसभा में पेयजल एवं सीवर से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए।



बैठक में उपनेता सत्तापक्ष योगेन्द्र यादव मंगल भैया, एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव, नाथू राम ठेकेदार, लक्ष्मी सुरेश सिंह गुर्जर, पार्षद बृजेश श्रीवास, प्रमोद खरे, सुरेश सोलंकी, प्रीति संजय सिंह परमार, रेखा त्रिपाठी, ममता अरविंद शर्मा, गायत्री सुधीर मंडेलिया, अंकित गुप्ता, सुरेन्द्र साहू, सरोज हेवरन कंसाना, केदार सिंह, कमलेश बलवीर तोमर, अनीता मुकेश धाकड, चांदनी चौहान, संजय सिंघल, प्रेमलता जैन, अपर्णा पाटिल, अपर आयुक्त विजय राज, कार्यपालन यंत्री संजीव गुप्ता सहित अन्य संबंधित सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

बाल भवन के सभागार में आयोजित बैठक में पेयजल एवं सीवर से संबंधित समस्या से अवगत कराते हुए वार्ड 21 के पार्षद बृजेश श्रीवास ने अवगत कराया कि क्षेत्र में पेयजल समस्या तो है परंतु एक बार मोटर खराब होने के बाद कई दिनों तक उसको सुधारा नहीं जाता है जिस कारण कई क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। वार्ड 22 के पार्षद प्रमोद खरे ने बताया कि क्षेत्र में कई गलियों में पानी नहीं पहुंच रहा है। अधिकारी सर्वे करके पेयजल उपलब्ध करायें तथा सीवर लाइन की सफाई न होने से ओवरफ्लो हो रहे हैं। साथ ही वार्ड 23 के पार्षद सुरेश सोलंकी ने अवगत कराया कि गल्लार कोठार ने गंदा पानी आ रहा है। वार्ड 25 की पार्षद प्रीति संजय सिंह परमार ने अवगत कराया कि उनके क्षेत्र में दो बोर से मोटर निकाल ली परंतु आज तक डाली नहीं गई जिस कारण पेयजल समस्या गंभीर होती जा रही है। इसके साथ ही वार्ड 18 की पार्षद रेखा त्रिपाठी ने बताया कि पेयजल लाइन डालने के बाद मिलान नहीं किया गया है। जिस कारण कई क्षेत्रों में आमजन को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। साथ ही वार्ड 26 की पार्षद ममता अरविंद शर्मा ने बताया कि त्यागी नगर में पेयजल लाइन डाली गई है परंतु मिलान नहीं किया गया। क्षेत्र में सीवर समस्या गंभीर बनी हुई है। वार्ड 27 की पार्षद लक्ष्मी सुरेश सिंह गुर्जर ने बताया कि चिक संतर में गंदे पानी की समस्या बनी हुई है। कई गलियों में पेयजल एवं सीवर लाइन नहीं डाली गई है। साथ ही वार्ड 28 की पार्षद गायत्री सुधीर मंडेलिया ने बताया कि भीम नगर में पेयजल लाइन नहीं है। जहां लाइन डाल दी है उनके मिलान नहीं किये गए हैं। साथ ही वार्ड 45 के पार्षद अंकित गुप्ता ने अवगत कराया कि उनके क्षेत्र की चार गलियों में पेयजल एवं सीवर लाइन बहुत जरूरी है। वार्ड 56 के पार्षद सुरेन्द्र साहू ने अवगत कराया कि पारस विहार एवं मस्जिद वाली गली में सीवर सफाई नहीं होने से सीवर रोड पर फैल रहा है। वार्ड 59 की पार्षद सरोज हेवरन कंसाना अवगत कराया कि बोरिंग प्राइवेट व्यक्ति चालू करता है जिस कारण कई क्षेत्रों में पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वार्ड 60 के पार्षद केदार सिंह ने अवगत कराया कि हुरावली में सीवर की समस्या गंभीर है, सीवर लाइन डालने के बाद मिलान नहीं किया गया है। वार्ड 19 की पार्षद कमलेश बलवीर तोमर ने बताया कि क्षेत्र के 6 बोर में मोटर डलनी है जिससे कई क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध हो सके। वार्ड 37 की पार्षद अनीता मुकेश धाकड ने बताया कि पहाड़ी के नीचे अवैध कनेक्शन बहुत हैं। जिस कारण पहाडी क्षेत्र के निवासियों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वार्ड 35 की पार्षद चांदनी चौहान अवगत कराया कि अमृत योजना के तहत डाली गई लाइनों का मिलान नहीं किया गया है।

# कैंसर अस्पताल में किया 40 यूनिट रक्तदान



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

कैन्सर अस्पताल एवं शोध संस्थान द्वारा शुक्रवार को विश्व रक्त दाता दिवस मनाया गया। शिविर में 40 से अधिक रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का उद्घाटन डॉ. बीआर श्रीवास्तव, डायरेक्टर कैन्सर अस्पताल ने किया। उन्होंने कहा कि रक्त कोशिकाओं की एक निर्धारित उम्र होती है और रक्तदान ना करने से कुछ समय बाद वो कोशिकाएं मर जाती हैं। किसी के भी रक्त की मात्रा रक्तदान नहीं करने से से बढ़ती नहीं है इसलिए रक्तदान करके दूसरों का जीवन बचाना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र शर्मा अध्यक्ष ब्राह्मण समाज थे, जिन्होंने पूर्व में 100 से भी अधिक बार रक्तदान किया है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान बेहद जरूरी है क्यूंकि रक्त एक ऐसी चीज है जो ना कोई पेड़ पैदा कर सकता है और ना ही किसी किराने की दुकान पर मिल सकता है। ये विशेषाधिकार सिर्फ इंसानों के पास है और हमें इसमें पूरा योगदान कर लोगों का जीवन बचाने का कार्य करना चाहिए। शिविर में एकल युवा ग्वालियर, भारत विकास परिषद ग्वालियर तथा पी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग का सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. गुंजन श्रीवास्तव, डॉ. एमके पाठक, डॉ. जीएस राजपूत, डॉ. एसपी त्रिपाठी, डॉ. संतोष कुमार, मुकेश बत्रा, संदीप कुसमाकर, सुप्रिया गर्ग कपूर समीक्षा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण रेजीमेंट ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा





### मांगे पूरी नहीं हुई तो 18 को समाधि पर देंगे धरना

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ब्राह्मण रेजीमेंट ने मांग की है कि एक दशक से वीराना लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर संस्कृतिविभाग द्वारा दिए जाने वाला सम्मान की 200000 की राशि सरकार ने बंद कर दी है जो ब्राह्मण समाज सहन नहीं करेगा। 1857 में भारत की प्रथम आजादी के संग्राम में वीरागना लक्ष्मीबाई जी की रक्षा में गंगादास की बड़ी शाला के 745 साधु संतों ने बलिदान दिया था उनकी स्मृति में आज दिनांक तक मध्य प्रदेश सरकार ने कोई स्मारक नहीं बनाया। 14 जून को सुबह 11:30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर ब्राह्मण रेजीमेंट के अवनीश शर्मा के नेतृत्व शहीदों के सम्मान में, हम है मैदान में के जयघोष के साथ में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम विनोद सिंह को सौंपा। 24 घंटे के अंदर उपरोक्त मांग पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ध्यान देकर अभिलंब मांग को स्वीकार करें अन्यथा ब्राह्मण रेजिमेंट 18 जून को वीरांगना लक्ष्मीबाई की समाधि पर श्रद्धांजलि के साथ धरना देगी। कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन करने वालों में ब्राह्मण रेजीमेंट के दीपक शुक्ला, दीपक शर्मा, सूरज शर्मा, सौरभ शर्मा, आशीष शर्मा, विक्की उपाध्याय, भोलू दंडोतिया, कृष्णा सेंथिया, कुलदीप कांकोरिया, जयराम शर्मा, संस्कार श्रीधर, अभिषेक शर्मा, शिवम शर्मा, प्रशांत शर्मा, मनीष भारद्वाज, भानु पंडित, अभिषेक पटसारिया, आकाश शर्मा, गौरव पाठक, नरेंद्र यादव, संगम भार्गव, विपिन शर्मा, विजय शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, सुमित पाठक, कौशल प्रताप सेंथिया, आकाश डंगरोलिया, भूरे कांकर, अवधेश कटारे, कुलदीप शर्मा, आशुतोष सिंह, प्रवीण शर्मा, नवीन मुद्गल, शिवम शर्मा उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त जेएएच अधीक्षक सुधीर सक्सैना ने रिबन काटकर किया शुभारंभ

# जूडा ने लगाया रक्तदान शिविर तो 100 यूनिट से ज्यादा ब्लड दान किया






सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

रक्तदान दिवस पर जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय की ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर मे जूनियर डॉक्टरों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आलम यह था कि रक्तदान के लिए कतार लगी देखी गई। करीब 7 घंटे में 100 यूनिट से ज्यादा ब्लड दान किया गया। मुख्य अतिथि नवनियुक्त जेएएच अधीक्षक डॉ. सुधीर सक्सैना ने रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। जबकि अध्यक्षता पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा अयंगर द्वारा की गई। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की ओर से डॉ. नरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। रक्तदान को लेकर जूनियर डॉक्टरों मे काफी उत्साह देखा गया है। स्थिति यह थी कि जब तक शिविर लगा रहा रक्तदान के लिए जूनियर डॉक्टर आते ही रहे। इस शिविर के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों ने डॉ. नरेन्द्र कुमार मिश्रा की काफी सराहना की। शिविर के बाद मुख्य अतिथि के साथ विभाग अध्यक्ष डॉ. सुधा अयंगर, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. सुनीता राय प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। यह ब्लड अब जरूरतमंदों को दिया जाएगा। इस दौरान डॉ. नरेन्द्र मिश्रा ने लोगों से ब्लड देने का आव्हान किया। शिविर में डॉ. अमित निरंजन, डॉ. राकेश बघेल, डॉ. सचिन सिंघल के अलावा जूनियर छात्रों में अंकेश मिश्रा, अनुज राजपूत, आर्यन दहोलिया, मोहित शर्मा, निशांक, एकल सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# शारीरिक और मानसिक विकारों को भी नष्ट करता है योगासनः आशुतोष महाराज

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक आशुतोष महाराज का कहना है कि योगासन का नियमित अभ्यास शारीरिक मल व मन के विकार भी नष्ट करता है। उन्होंने कहा कि फिटनेस की आधुनिक प्रणालियों से केवल बाहरी शरीर मजबूत होता है। शरीर के आंतरिक तंत्र सशक्त नहीं बन पाते। पर योगासनों से हमारे स्थूल और सूक्ष्म- दोनों शरीरों पर प्रभाव पड़ता है। शरीर के साथ मन भी पुष्ट होता है। फिटनेस की आधुनिक प्रणालियों जैसे एरोबिक्स, जुम्बा डांस आदि को हर उम्र का व्यक्ति या रोगी नहीं कर पाता। वहीं बहुत से ऐसे योगासन हैं, जो हर उम्र के व्यक्ति व रोगी आसानी से कर सकते हैं। जिम की मशीनों पर व्यायाम करने से शरीर की मांसपेशियों में कड़ापन आ जाता है। वहीं योगासनों से शरीर सुडौल और लचीला बना रहता है। फिटनेस की आधुनिक प्रणालियों को अपनाने के बाद व्यक्ति थका हुआ महसूस करता है। वहीं योगासन करने के बाद शरीर हल्का व स्फूर्तिवान हो जाता है। तरोताज़गी और सुकून का अनुभव करता है। फिटनेस के आधुनिक साधनों का प्रयोग करने से शारीरिक और प्राण शक्ति दोनों नष्ट होती हैं। पर योगासन करने से शारीरिक और प्राण शक्ति का संचय होता है। फिटनेस की ये नई तकनीकें जब तक तेज गति से न की जाएं, इनका लाभ प्राप्त नहीं होता। इस कारण मांसपेशियों को नुकसान होने का खतरा बना रहता है। वहीं आसन धीमी गति से करने पर सर्वाधिक लाभ देते हैं और मांसपेशियां भी कमजोर नहीं होतीं। जिम बनाने के लिए अच्छी खासी जगह, धन और उपकरणों की जरूरत होती है। पर योगासन के लिए दरी और थोड़ी सी जगह के अलावा किन्हीं बाहरी साधनों की आवश्यकता नहीं होती है। जब हम फिट रहने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाते हैं, तो हमारा मन बाहरी संगीत या मशीन पर केन्द्रित होता है। पर योगासनों के दौरान हमारा ध्यान अपनी श्वासों पर होता है। बहिर्मुखी न होकर, अंतर्मुखी होता है। फिटनेस के आधुनिक उपकरणों का प्रयोग करते हुए, हमारी श्वास प्रक्रिया अनियंत्रित हो जाती है। वहीं योगासन श्वास क्रिया को नियंत्रित करते हैं, जिससे फेफड़े मजबूत होते हैं। सेहत की इन आधुनिक तकनीकों से किसी बीमारी का इलाज संभव नहीं है। पर आसनों से कई लाइलाज रोगों का निदान होता देखा गया है।

## जिला अस्पताल में लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल थे। जबकि विशिष्ट अतिथि आरएमओ डॉ. आलोक पुरोहित, पार्षद सुरेश सोलंकी रहे। रक्तदान प्रभारी अर्चना छारी रही। इस शिविर में करीब 18 यूनिट ब्लड़ इकट्ठा किया गया। इस दौरान स्टीवर्ट संदीप प्रधान, टेक्नीशियन केके शर्मा, महादेव गोयल, कोमल सिंह मौजूद रहे।



## भारत विकास परिषद ने लगाया रक्तदान शिविर

**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद् द्वारा रक्तदान दिवस पर कैंसर हॉस्पिटल में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता पं. दीपक शर्मा ने एक बार फिर ब्लड डोनेट किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जयदीप मिश्रा, महासचिव कांता शर्मा, कार्यक्रम संयोजक आलोक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, नरेंद्र शर्मा, प्रियंका गुप्ता, राजेश गुप्ता, धीरेंद्र तिवारी, आकाश यादव, बंटी शर्मा, बृजेश अग्रवाल, कपिल सोनी, प्रिया अग्रवाल, नेहा शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# कैट ने सरकार के 24 घंटे बाजार खोलने के फैसले का किया स्वागत

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



मध्यप्रदेश में अब 24 घंटे सातों दिन बाजार खुले रहेंगे। प्रदेश के नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्रों में यह सुविधा मिलेगी। श्रम विभाग के इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस तरह का प्रस्ताव लाना व्यापारियों के हित में बहुत बड़ा कदम होगा। प्रदेश के नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्रों में मॉल, रेस्टोरेंट, आईटी सेक्टर, मुख्य बाजार और बिजनेस सेंटर 24 घंटे खुले रहेंगे। इस प्रपोजल में तीन शिफ्ट में काम करने का जिक्र है। स्टाफ पर आठ-आठ घंटे का नियम लागू होगा। सप्ताह में 48 घंटे का काम लिया जा सकेगा। कैट प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने बताया कि नगर निगम और औद्योगिक क्षेत्रों में मॉल, रेस्टोरेंट, आईटी सेक्टर, मुख्य बाजार, मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और बिजनेस सेंटर 24 घंटे खुले रहेंगे। इससे मध्यप्रदेश का व्यापार अपनी नई ऊंचाई पर पहुंचेगा। प्रदेश में अभी सुबह से रात 10 बजे से लेकर 11 बजे तक ही दुकानें खुला रखने की व्यवस्था है। श्रम विभाग ने मॉल, रेस्टोरेंट, आईटी सेक्टर, इंडस्ट्रीज को चौबीस घंटे खोलने का प्रस्ताव के स्वागत किया है। यह फैसला अमल में लाया जाता है तो मध्यप्रदेश सातवां राज्य होगा। 24 घंटे दुकानें खोले जाने के फैसले से व्यापारी को अपने व्यवसाय में स्टाफ की दो गुना बढ़ोत्तरी करनी होगी। सरकार द्वारा सातों दिन 24 घंटे बाजार खुले रहने पर व्यापार में तो बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही साथ नए रोजगार भी मिलेंगे। इससे सरकार को भी अत्याधिक जीएसटी टैक्स मिलने की संभावनाएं होंगी। इस फैसले से मुख्य बाजार (खुदरा बाजार) अब ऑनलाइन कंपनियों से भी स्पर्धा करने में महत्वपूर्ण कदम होगा। इस फैसले से टूरिज्म एवं होटल इंडस्ट्रीज के व्यापार में ग्रोथ होने की भरपूर संभावनाएं रहेंगी। भूपेन्द्र जैन ने सरकार के इस फैसले की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे पहले महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना में यह व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि कई बार कई लोगों को समय के अभाव के कारण समय नहीं मिल पाता था कि वह मार्केट में जाकर शॉपिंग कर सकें। देर तक बाजार खोले जाने पर वह अपनी सुविधानुसार शॉपिंग कर सकेंगे।

**सत्ता न्यूज**

## एवीबी ट्रिपल आईटीएम का 5वां दीक्षांत समारोह 10 जुलाई को

# पद्मश्री विभूषित डॉ. विजय कुमार सारस्वत और सुधा मूर्ति का होगा सम्मान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

अटल बिहारी वाजपेयी-भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान का 5वां दीक्षांत समारोह, निदेशक प्रो. श्रीनिवास सिंह की अध्यक्षता में 10 जुलाई को अपराह्न 2:30 बजे से प्रारम्भ होगा। संस्थान के सभी शासी मण्डल एवं सीनेट के सदस्यगण की अगुवाही में पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन संस्थान के लगभग 1000+ सीटिंग क्षमता वाले नवीन कन्वेंशन सेंटर में होगा। परसिस्टेंट सिस्टम्स के संस्थापक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आनंद देशपांडे दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। डॉ. विजय कुमार सारस्वत सदस्य, नीति आयोग एवं श्रीमती





सुधा मूर्ति सांसद राज्यसभा विशिष्ट अतिथि होंगे एवं सम्मानार्थ डॉक्टर आफ साइंस (ऑनोरिस कॉसा) के प्राप्तकर्ता होंगे। संस्थान के निदेशक एवं शासी मण्डल के अध्यक्ष प्रो. श्री निवास सिंह, उपाधि प्रदान करेंगे। संस्थान की मीडिया प्रभारी दीपा सिंह सिसोदिया ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण संस्थान के माननी य निदेशक एवं शासी मण्डल के अध्यक्ष प्रो. श्री निवास सिंह के द्वारा संस्थान की प्रगति प्रतिवेदन की प्रस्तुति तथा डिग्री प्राप्तकर्ताओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह, सम्मानार्थ विज्ञान वारिधि डाक्टर आफ साइंस उपाधि प्रदान करना, डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी डिग्री उपाधि प्रदान करना, मुख्य अतिथि द्वारा स्वर्ण पदकों एवं श्रेष्ठता प्रमाणपत्रों को प्रदान करना होंगे। कार्यक्रम से संबन्धित महत्वपूर्ण निर्देश समारोह में शामिल होने वाले छात्रों को दिये जा चुके हैं। इस दीक्षांत समारोह में लगभग 290 छात्र डिग्री प्राप्त करेंगे एवं लगभग 7 छात्रों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह-2024 के लिए डिग्री प्राप्तकर्ताओं के लिए ड्रेस कोड पूर्व से ही निर्धारित किया जा चुका है। डिग्री प्राप्तकर्ताओं के लिए 9 जुलाई 2024 को अपराह्न 3:30 बजे रिहर्सल रखा गया है।

# गरगज हनुमान मंदिर के पास लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ग्वालियर ब्रांच द्वारा कंसोटिया ग्रैंड फंड प्रोजेक्ट के अंतर्गत बहोड़ापुर गरगज हनुमान के पास प्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शाखा की प्रबंधक नीलम दीक्षित ने फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। प्रोग्राम ऑफिसर अच्छेद्र सिंह कुशवाह ने सभी को प्रेप टैबलेट के बारे में जानकारी दी और बताया कि एचआईवी नेगेटिव व्यक्ति को किस तरीके से बचाया जा सकता है और उसकी सुरक्षा की जा सकती है। हेल्थ चेकअप कैंप में डॉ. पीयूष गोद ने कैंप में आने वाले सभी का चेकअप किया और वाइडल टेस्ट किया। कंसोटिया ग्रैंड फंड प्रोजेक्ट के फील्ड कोऑर्डिनेटर पंकज अग्रवाल ने प्रॉप टैबलेट के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और उसके साइड इफेक्ट और फायदे के बारे में बताएं। उन्होंने बताया कि किस तरीके से एचआईवी नेगेटिव व्यक्ति अपनी सुरक्षा कर सकता है और अपने आप को सुरक्षित रख सकता है।


वन अपराध या अवैध शिकार से संबंधित सूचना टोल फ्री नंबर 155312 अथवा 1800 233 4396 पर दीजिये-दिन या रात कभी भी!

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल दतिया (म.प्र.)**

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल दतिया**

//निविदा सूचना//

निम्नानुसार कार्य की निविदा दिनांक 11.06.2024 से वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर आनलाई आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | वाहन के लिए अधिकृत पदाधिकारी | वाहन संख्या | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_MPFD_350 | वनमण्डल अधिकारी दतिया | 01 | माह जुलाई 2024 से माह मार्च 2025 तक |
| | - 123.Pack1 | वन परिक्षेत्र अधिकारी दतिया | 01 | |
| | | वन परिक्षेत्र अधिकारी गोराघाट | 01 | |
| | | वन परिक्षेत्र अधिकारी सेंवढ़ा | 01 | |

1. निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 02.07.2024 समय 17.30 बजे तक।
2. निविदा दिनांक 03.07.2024 समय प्रातः 11 बजे वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल कार्यालय दतिया में खोली जावेगी।
3. समस्त दस्तावेज ऑनलाईन ही अमान्य किये जावेंगे। निविदा प्रतिस्पर्धा में सफल वाहन मालिक/फर्म को ऑनलाईन दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत मूल शपथ पत्र अनुबंध के समय देना अनिवार्य होगा।
4. अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल दतिया

G-11631/24

# धार्मिक स्थलों की यात्रा अब सुखद और आसान



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



हम प्रदेश में धार्मिक पर्यटन और अन्य पर्यटन केंद्रों तक हवाई सुविधा से आवागमन को और अधिक सुलभ बना रहे हैं। पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा अभी कुछ धार्मिक स्थलों पर प्रारंभ की जा रही है। यह सुविधा भविष्य में प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों के लिए प्रारंभ होगी।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



# पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा

## संचालन आरंभ

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

**16 जून, 2024 - प्रात: 9.30 बजे - पुलिस लाइन, उज्जैन**



**इन स्थलों के लिए सेवा प्रारंभ**

महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, पचमढ़ी, खजुराहो, कान्हा, इंदौर, भोपाल

**बुकिंग के लिए सम्पर्क करें -**

8076807095, 8076819774, Website : www.irctc.co.in, www.serbaviation.in

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

D-11015/24

# छात्र परीक्षा के परिणाम से निराश न हों

आईआईटी जेईई एडवांस के परीक्षा परिणाम( 2024 ) से कई छात्रों में खुशी मिली और उससे भी ज्यादा छात्रों को निराशा हाथ लगी कई छात्रों को फपक फपक कर रोते देखा हुँ जीससे उनके उम्मिदों पर पानी फिर गया लेकिन चिंता करने से क्या होगा संकट में भी निराश न हों और विश्वास रखें कि प्रभु के हाथ असंख्य हैं। एक छोटा द्वार हमारे लिए बंद हो गया है, तो कोई बड़ा-सा द्वार अवश्य मिलेगा। ईश्वर हमारा श्रेष्ट मित्र एवं बन्धु है। न देवा दण्डमादाय रक्षन्ति पशुपालवत। यं तू रक्षितुमिच्छन्ति बुद्धया संयोजयन्ति तम। ईश्वर ग्वाले की भाँति लाठी लेकर सहायता नहीं करता है, बल्कि समयोजित बुद्धि प्रदान कर रक्षा करता है। जहाँ उद्यम , साहस, धैर्य, विवेक, शक्ति और पराक्रम हैं, वहाँ ईश्वर भी सहायता करता है। उद्यम, साहसं धैर्य बुद्धिः शक्तिः पराक्रमः । षडेते यत्र वर्तन्ते तत्र देवो सहायकः ।। एक प्रसिद्ध कहावत है-हिम्मते मरदां मददे खुदा । जब मनुष्य हिम्मत से काम लेता है, तब ईश्वर भी उसकी सहायता करता है। साहसे श्री प्रतिवसति। साहस में श्री रहती है। हम जरा साहस करके उठें और दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ें, प्रभु अवश्य हमें सहारा देंगे। जीवन की समस्याएँ एक चुनौती हैं, जिसे स्वीकार कर मनोबल, नीतिबल और पुरुषार्थ द्वारा हम इन पर विजयी हो सकते हैं। जीवन-यात्रा के अनजाने मोड़ आने पर विवेक और धैर्य से काम लें, कहीं भी कुछ कठिन नहीं रहेगा। आशा और विश्वास रखों कि फिर प्रभात होगा, अँधेरा मिटेगा और प्रकाश आयेगा। इच्छा-शक्ति से निराशा की जड़ता को समाप्त कर दें।निराश न हों जिंदगी हिम्मत का सौदा है। प्रयत्न करने पर भी बार-बार विफल होने के कारण जब दिल टूट रहा हो, तब भी गिर-गिरकर अपने को संभालकर उठ खड़ा होना चाहिए और संकट की चुनौती को स्वीकार करके आगे बढ़ते रहना चाहिए। हिम्मत हारकर मनुष्य संतुलन और विवेक खो बैठता है तथा विषय परिस्थित को अधिक विषय बना देता है। साहस, संतुलन और विवेक द्वारा ही गंभीर संकट का दृढ़तापूर्वक सामना किया जा सकता है। वज्र संकल्प लेकर उठे और हिम्मत से आगे बढ़े। जीवन का प्रवाह सदैव गतिमान रहता है तथा व्यक्ति एवं स्थिति स्थिर नहीं रह सकते हैं। जो आगे नहीं बढ़ रहा है, वह पीछे या इधर-उधर हट रहा है तथा पतन के समीप जा रहा है। इन्सान को




हिम्मत से आगे ही आगे बढ़ते रहना चाहिए। जीवन में साहस और धैर्य ज्ञान की अपेक्षा अधिक उपयोगी सिद्ध होते हैं। धैर्य का अर्थ है, शान्तिपूर्वक कष्ट सहन करना तथा पुनः प्रयत्न करना। अपनी मंजिल तय करते हुए लक्ष्य की ओर हौसले से आगे बढ़ते रहने में ही जीवन का सुख छिपा पड़ा है। मंजिल पै जिन्हें जाना है, शिकवे नहीं करते, शिकवों में जो उलझे हैं, पहुँचा नहीं करते। अपने आपको गाली देना, अपने भाग्य को कोसना तुरंत छोड़ दें-यदि आपने जीवन में सुख की ओर बढ़ने का संकल्प किया है।

# हर नागरिक की पहुंच में हैं स्वास्थ्य सेवाएं

**मध्यप्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं का केन्द्र बन गया है। पिछले छह महीनों में स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभागों के एक साथ आ जाने से स्वास्थ्य सेवाएं मिलना और ज्यादा आसान हो गई हैं। इन दोनों विभागों को एक करने का ऐतिहासिक निर्णय मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने लिया।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों से अब नागरिकों के स्वास्थ्य को विकास का पैमाना बनाया गया है। विकसित भारत के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर जो कदम उठाए हैं उनसे स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना आसान हुआ है और इसके परिणाम भी मिलने लगे हैं।

**पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा योजना:** पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा मध्यप्रदेश के नागरिकों के लिए एक अनूठी पहल है। आपात स्थिति में या विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा मिलना आसान हो जायेगी। चिकित्सा विशेषज्ञों की पहुंच भी कठिन भौगोलिक क्षेत्र में हो सकेगी। मरीजों को उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट किया जा सकेगा। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा सडकों एवं औद्योगिक स्थलों में होने वाले हादसों, प्राकृतिक आपदा में गंभीर घायल व्यक्ति को अविलम्ब उपचार के लिए हवाई सेवा की सुविधा मिल पायेगी। हृदय सम्बंधित या अन्य गंभीर बीमारियाँ जिसमें रोगीको तत्काल इलाज की आवश्यकता होती है ऐसी स्थिति में मरीजों को अच्छे एवं उच्चतम चिकित्सा संस्थानों में त्वरित उपचार हेतु हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

एयर एम्बुलेंस सेवा के संचालन के लिए हेली एम्बुलेंस एवं फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस शुरू की गई है। यह सभी जिलों एवं प्रशासनिक विभागों के नागरिकों की सेवा में तैनात रहेंगी। एयर एम्बुलेंस में उच्च स्तरीय प्रशिक्षित चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम तैनात रहेगी। चिकित्सकीय आवश्यकता अनुसार प्रदेश के रोगियों को दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद अथवा देश के अन्य उच्च चिकित्सा संस्थानों पर हवाई परिवहन करेगी।

सड़क एवं औद्योगिक दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में पीडित को राज्य के अंदर एवं बाहर शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय में निशुल्क परिवहन किया जाएगा। आयुष्मान कार्डधारी के लिए राज्य के अंदर एवं राज्य के बाहर सभी शासकीय एवं आयुष्मान सम्बद्ध अस्पतालों तक पहुंचाने में निशुल्क परिवहन किया जाएगा। जो आयुष्मान कार्डधारी नहीं हैं, उनके उपचार के लिए राज्य के अंदर शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क परिवहन जबकि राज्य के बाहर के किसी भी अस्पताल में अनुबंधित दर पर सशुल्क परिवहन किया जाएगा।

**लोक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों का विलय:** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का विलय कर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के रूप में पुनर्गठित किया गया है। इस निर्णय से मेडिकल कॉलेज रूटीन चिकित्सा सेवाएं देने के बजाय अति गंभीर/विशिष्ट उपचार, चिकित्सा शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे। शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर की प्रभावी निगरानी हो सकेगी। मेडिकल कॉलेजों से जिला चिकित्सालयों को संबद्ध करना आसान हो जाएगा। स्वास्थ्य नीति और विभागीय योजनाओं के बेहतर



क्रियान्वयन एवं नियंत्रण में सुविधा मिलेगी।

**महाकाल लोक परिसर में स्थापित देश का पहला प्रसादम:** स्वास्थ्य सेवाओं के साथ पर्यावरण स्वच्छता, पौष्टिक और हाइजैनिक भोजन की उपलब्धता के लिए फूड एंड सेफ्टी स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (स्नस्स्द्ब) के क्लीन स्ट्रीट फूड हब प्रोग्राम में उज्जैन के श्री महाकाल महालोक के नीलकंठ वन परिसर एवं अवंतिका हाट के मध्य 1 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से प्रसादम् विकसित किया गया है। इसमें 17 दुकानों का निर्माण कर एक स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब बनाया गया है। महाकाल लोक परिसर में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए महाकाल लोक परिसर, नीलकंठ द्वार पर औसतन प्रतिदिन 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का संचालन जल्दी ही शुरू हो रहा है। इसमें आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा दी जा सकेगी। महाकाल लोक परिसर में स्थापित प्रसादम देश का पहला ऐसा मॉडल है।

**स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज भी:** प्रदेश के 13 जिलों दतिया, खंडवा, रतलाम, शहडोल, विदिशा, छिंदवाड़ा, शिवपुरी, सतना, राजगढ़, नीमच, मंदसौर, श्योपुर एवं सिंगरौली में नर्सिंग कॉलेज बनने जा रहे हैं। प्रत्येक नर्सिंग कॉलेज के लिये 14.80 करोड़ रूपये की स्वीकृति दे दी गई है। मेडिकल कॉलेजों के साथ नये नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिये मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने पहल करते हुए 192.40 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इससे इन जिलों एवं आस-पास के सभी नागरिको को चिकित्सा सुविधा का लाभ एवं छात्र-छात्राओं को सुगमतापूर्वक नर्सिंग संवर्ग की शिक्षा मिल सकेगी।

**सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत स्वास्थ्य सेवाएँ होगी सुदृढ़:** उज्जैन में सिंहस्थ 2028 आयोजन के दृष्टिगत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिये नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिये सिविल कार्यों के लिये 592.30 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण से आस-पास के जिलों की जनता को भी उच्च स्तर की चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

शासकीय अस्पतालों में उपचार के दौरान संस्थागत मृत्यु, सड़क दुर्घटना/आपदा में मृत्यु पर मृतक की पार्थिव देह को ससम्मान निःशुल्क शव वाहन से गंतव्य स्थल तक पहुँचाया जायेगा।

चिकित्सा महाविद्यालयों को पीपीपी मोड पर स्थापित करने की स्वीकृति दी गयी है। चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना होने से जिले के मरीजों को तृतीयक स्तर की सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मानव संसाधन उपलब्धकराने के लिये एवं जिला अस्पतालों का उन्नयन करमरीजों को उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

**रिकॉर्ड 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड:** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) में देश में अब तक 34 करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश (5.09 करोड़) के बाद मध्य प्रदेश (4 करोड़) दूसरे नंबर पर और तीसरे नंबर पर बिहार (2.91 करोड़) है। मध्य प्रदेश में 19 लाख से अधिक पात्र नागरिकों को 40 लाख से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण इलाज मिला है। समाज के वंचित वर्गो को स्वास्थ्य सेवाएं मिली हैं। केंद्र और राज्य सरकार के परस्पर प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाया गया है। हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देकर कर स्वस्थ, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

# महान वैज्ञानिक हर्बर्ट साइमन

हर्बर्ट साइमन का जन्म 15 जून 1916 को मिल्वौकी, विस्कोसिन में हुआ था। उन्होंने 1936 में बी.ए. और 1983 में पीएचडी की डिग्री प्राप्त की तथा उन्हें 1978 में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार दिया गया। उनके डिजाइन मेकिंग प्रोसेस के अनुसंधान पर इसके अतिरिक्त भी कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए। होते हैं । 1978 में, साइमन को विश्व संगठनों के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनके अग्रणी शोध के लिए आर्थिक विज्ञान में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। साइमन ने कई विद्वानों के साथ मिलकर भी सहयोग किया है जैसे- एलन न्यूवेल, एडवर्ड फेगेनबाम, एंडर्स एरिक्सन, जेम्स मार्च साइमन अपने समय के एक प्रसिद्ध राजनीतिक और सामाजिक वैज्ञानिक थे। साइमन ने अंत में सामाजिक अनुसंधान में विश्वास किया था तथा सामाजिक दबाव का विरोध किया था साइमन के दिमाग में कम उम्र से ही यह बात चल रही थी कि मानव व्यवहार का वैज्ञानिक रूप से कैसे अध्ययन किया जा सकता है



कारणात्मक तर्क जैसे थे। इनका मुख्य लक्ष्य निर्णय दिन में लोगों द्वारा प्रयोग किया गया चिंतन प्रक्रिया की प्रकृति और क्रियाविधि का विश्लेषण करना था । जब उन्होंने 1947 में प्रशासनिक संगठन में निर्णय लेने की प्रक्रिया का प्रशासनिक व्यवहार अध्ययन प्रकाशित किया तो इसमें वे प्रशासन की परंपरागत अवधारणाओं की आलोचना करते हैं। उन्होंने प्रबंधन के पारंपरिक सिद्धांतों की भी आलोचना की और उन्होंने प्रशासन के उन पुराने सिद्धांतों की अवधारणा पर प्रश्न उठाए और कहा कि यह प्रशासन के मुहावरे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि तथाकथित सिद्धांत अक्सर एक-दूसरे के साथ संघर्ष करते रहते हैं तथा वह वैज्ञानिक जांच तक नहीं कर पाते हैं, इसलिए यह जटिल परिस्थितियों में लागू नहीं होता तथा इसलिए इन्हें सिद्धांत नहीं कहा जा सकता है। साइमन ने वैज्ञानिक व्यवहार के लिए तथ्यात्मक प्रस्ताव की प्रेरित किया और तर्क दिया कि तथ्यों का अनुभवजन्य होना और वैज्ञानिक रूप से विश्वसनीय होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशासन निर्णय को और अधिक तेजी से बनाने के लिए प्रशासन को एक विज्ञान बनाने पर जोर दिया। साइमन ने कहा कि निर्णय लेना प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है और समग्रता का परिणाम उस प्रक्रिया पर निर्भर करता है जिसका उपयोग निर्णय लेने में किया जाता है अर्थात उन्होंने बाउंडेड रेशनैलिटी मॉडल को विकसित किया जो इस विचार की वकालत करता है कि मनुष्य केवल आंशिक रूप से से निकलता है ।



संजय गोस्वामी

निर्णय निर्माण प्रक्रिया

साइमन ने निर्णय निर्माण की प्रक्रिया को मुख्य रूप से तीन चरणों में रूपांतरित किया हैः-

बुद्धिमत्ता गतिविधि बौद्धिक गतिविधि

डिजाइन गतिविधि प्रारूप गतिविधि

विकल्प गतिविधि विकल्प चयन गतिविधि

1. बौद्धिक गतिविधि

साइमन के अनुसार इस प्रथम चरण में समस्या का पता लगाया जाता है तथा प्रत्याशा की तलाश की जाती है। आवश्यक सूचना, आंकड़े, घटनाएं, को एकत्रित किया जाता है तथा इसमें निर्णय लेने के अवसरों और घटनाओं का पता लगाया जाता है। 2. प्रारूप गतिविधि

इस चरण में समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न प्रकार तथा विभिन्न क्रियाओं का निर्माण किया जाता है, इसमें निर्णय पृष्ठों के मन में मुख्य रूप से आठ प्रकार के विकल्प सामने आते हैं। क्योंकि यह चरण समस्या तथा उसके संभावित प्रकारों के आकलन एवं समाधान के संबंध में विचार करने का है। 3. विकल्प चयन गतिविधि

साइमन के अनुसार इस अंतिम चरण में समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न योग्यताएं और कार्य-दरें उपलब्ध हैं, जिनमें से किसी एक का चयन कर लिया जाता है, जो उस विकल्प को सर्वश्रेष्ठ बनाता है।

यह तीनों चरण सामान्य और एक दूसरे के अनुक्रमगत होते हैं, लेकिन व्यवहार में यह बहुत जटिल होते हैं, क्योंकि इनमें से प्रत्येक चरण का निर्णय लेने की प्रक्रिया में अपनी अलग भूमिका होती है। शास्त्रीय और नव-शास्त्रीय सिद्धांत बनाम सीमित तर्कसंगतताशास्त्रीय और नव शास्त्रीय सिद्धांत के अनुसार निर्णय निर्माण का मुख्य लक्ष्य तर्क होता है अर्थात सबसे पहले समस्या या मुद्दे के जांच के अंतर्गत सभी प्रकार के उससे संबंधित जानकारी और आंकड़ों को एकीकृत किया जाता है

दूसरे चरण में विभिन्न संभावित श्रेणियों को उत्पन्न किया जाता है तथा इन श्रेणियों के परिणामों की जांच की जाती है तथा अंत में इनमें से सबसे अच्छा विकल्प चुना जाता है। बाउंडेड रैशनैलिटी यह निर्णय निर्माता की निकलतीता कि धारणा को चुनौती देती है तथा उसकी संज्ञानात्मक सीमाओं पर जोर देती है और ऐसी प्रक्रिया द्वारा निर्णय लिया जाएगा अर्थात साइमन का बाउंडेड रैशनैलिटी का सिद्धांत व्यवहार सिद्धांत पर आधारित है। साइमन के अनुसार चयन करते समय तर्क होना जरूरी है वह तर्कता को मूल्य व्यवस्था में प्राथमिक पूर्ण वैकल्पिक व्यवहार के चयन के रूप में लेते हैं। जिसके व्यावहारिक परिणाम का मूल्यांकन संभव है ।

## राजकाज



### पत्नी धर्म वाला इस्तीफा

पत्नी कृष्णा कुमारी राय के इस्तीफे पर प्रेम कुमार तमांग का बयान आया है, जिसमें वो कह रहे हैं कि उनकी पत्नी ने पार्टी के सर्वसम्मत निर्णय के अनुरूप अपनी सीट खाली कर दी है। तमांग के मुताबिक उनकी पत्नी ने यह काम पार्टी के कल्याण और उद्देश्यों को प्राथमिकता देते हुए किया है। इस पर सवाल करने वाले तो यही कह रहे हैं कि आखिर इस्तीफा देना ही था तो फिर कृष्णा कुमारी ने चुनाव लड़ा ही क्यों, फिर जीत दर्ज होने के बाद शपथ क्यों ली। बहरहाल सिक्किम विधानसभा चुनावों में जबरदस्त जीत हासिल करने वाले मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के बयान पर लोग यह भी कह रहे हैं कि उन्होंने पत्नी धर्म का पालन किया है, इससे पार्टी का क्या लेना-देना हो सकता है। विधानसभा चुनावों में कृष्णा कुमारी ने सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के उम्मीदवार बिमल राय को हराकर नामची-सिंघीथांग सीट से जीत हासिल की थी।

### नीतीश सरकार और कानून व्यवस्था

बिहार में चाहे लालू प्रसाद यादव की सरकार रही हो या अब नीतीश कुमार की सरकार हो, सभी के दौर में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए जाते रहे हैं। इसलिए जब-जब कोई नेता आरोप लगाते हुए कहता है कि बिहार की कानून व्यवस्था के हालात बिगड़े हुए हैं और सरकार सो रही है तो लोग मजाक में ले लेते हैं। शायद वो कहना चाहते हैं कि क्या यही एक मुद्दा रह गया है, बात करने को, क्या स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों पर भी बात नहीं की जानी चाहिए। बहरहाल पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने तो नीतीश सरकार पर सवाल उठाते हुए राज्य में बिगड़ी कानून व्यवस्था को सभी के सामने लाने का प्रयास किया है। तेजस्वी का कहना है कि प्रदेश में लगातार हो रही हत्याओं और गोलीबारी की घटनाओं ने सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब सवाल करने वाले कह सकते हैं कि किस मामले में सरकार को अदालती कटघरे में कौन ले जा रहा है? हॉं यह अलग बात है कि कानून व्यवस्था पर बिहार सरकार फेल होती हुई दिख रही है, लेकिन इससे क्या कोई जवाबदेही तो तय हो नहीं जाएगी।

### उद्धव को लेकर फडणवीस की सोच

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आए और जिसे सरकार बनानी थी वो बनाकर विदेश भी चले गए, लेकिन यहां लकीर को पीटने का काम बदस्तूर जारी है। दरअसल महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर मुस्लिम वोट बैंक को लेकर हमला बोल दिया है। फडणवीस ने अपने एक बयान में कहा है, कि इस चुनाव में उद्धव को ना तो मराठी मानुष के वोट मिले हैं और ना ही उत्तर भारतीयों के ही वोट वो प्राप्त कर सके हैं। असल बात जो फडणवीस कह गए वो यह कि उद्धव को सिर्फ उन लोगों के ही वोट हासिल हो सके हैं, जिनके लिए उन्होंने हिंदुओं को छोड़ दिया। अब जिनकी सोच ही धर्म और जाति तक टिकी हो, उन्हें कोई कैसे समझा सकता है कि मतदाता अब समझदार हो गया है, वह जाति-धर्म के फेर में नहीं पड़ता, बल्कि यह देखता है कि कौन सही से उनका प्रतिनिधित्व कर सकता है। फडणवीस इस बात को जितनी जल्दी समझ लें उतना ही अच्छा होगा, वर्ना उद्धव की जगह वो भी हो सकते हैं।

## योगासन



# एक योगासन और सेहत बन जाएगी दमदार

**अगर आप अपने डेली रूटीन में योगा करना शुरू करते हैं तो आपकी सेहत पर एक-दो नहीं बल्कि ढेर सारे पॉजिटिव असर पड़ते हैं। सेहत से जुड़ी अलग-अलग समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए अलग-अलग योगासन किए जाते हैं।**

क्या आप आनंद बालासन के बारे में जानते हैं? आइए इस आसन को करने से मिलने वाले कुछ कमाल के फायदों के बारे में जानते हैं।

**एनर्जेटिक फील करेंगे:** आनंद बालासन को रेगुलरली करने से आप पूरे दिन एनर्जेटिक फील करने लगेंगे। इस आसन को करने से थाई और हिप्स में मौजूद स्टिफनेस कम होती है और इनमें एक्टिवनेस आती है। इस आसन की वजह से आपकी थाई और हिप्स में फ्लेक्सिबिलिटी आती है। अगर आप ज्यादा स्ट्रेस लेते हैं तो आनंद बालासन आपके लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित होगा। इस आसन को करने के बाद हैप्पी हॉर्मोन रिलीज होता है जो आपके स्ट्रेस को दूर करने में असरदार साबित हो सकता है।


**पीठ और जोड़ों के दर्द से मिलेगी राहत:** अगर आपकी सिटिंग जॉब है तो आपको भी पीठ में दर्द रहता होगा। आनंद बालासन को अपने डेली रूटीन का हिस्सा बनाकर आपको पीठ के दर्द से छुटकारा मिल सकता है। दरअसल, आनंद बालासन पीठ के निचले हिस्से और रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने में मदद करता है। इतना ही नहीं इस योगासन की मदद से आप अपने पॉश्चर को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं।

**गट हेल्थ के लिए भी फायदेमंद:** आनंद बालासन आपकी गट हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। अगर आप पेट से जुड़ी समस्याओं से परेशान हैं तो इस आसन को करना शुरू कर दीजिए। आनंद बालासन कब्ज, गैस और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं को दूर करने में कारगर साबित हो सकता है। महज एक हफ्ते तक हर रोज आनंद बालासन की प्रैक्टिस कीजिए और इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाइए।

## प्रेरणा

# ब्रह्म मुहूर्त में क्यों जागे

साढ़े तीन बजे का महत्व सिर्फ 33 डिग्री अक्षांश तक के लिए ही होता है। 3.40 पर सूर्य उस जगह पहुंच जाता है, जहां उसका सीधा संबंध पृथ्वी से हो जाता है। इस समय उसकी किरणें ठीक आपके सिर के ऊपर होती हैं। जब सूर्य की किरणें धरती के दोनों तरफ एक ही जगह पड़ती हैं, तो इंसान का सिस्टम एक खास तरीके से काम करने लगता है और तब एक संभावना बनती है। इस संभावना के इस्तेमाल करने को लेकर लोगों में जागरूकता रही है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा। वैसे तो सूर्य हमेशा आपके सिर के ऊपर ही होता है, लेकिन जब मैं कहता हूं कि सूर्य ठीक आपके सिर पर है तो इसका मतलब है उस समय वह आपके सिर पर लंबवत है। उस समय यह एक विशेष तरीके से काम करता है। यह समय होता है 3.4 से लेकर अगले 12 से 20 मिनट तक। अब सवाल आता है कि इस समय में हम क्या करें? इस समय में हम ध्यान करें या क्रिया करें? इससे कोई फर्प नहीं पड़ता कि आप क्या करें। इस समय में आपको वही करना चाहिए, जिसमें आपको दीक्षित किया गया है। दरअसल, दीक्षा का मतलब यह नहीं है कि आपको कोई क्रिया सिखाई गई है, इसका मतलब है कि इस क्रिया से आपके सिस्टम को परिचित करा कर आपके सिस्टम में इसे बाकायदा स्थापित किया गया है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा।



## अपनी बात



आतिशी मरलेना ने कहा कि दिल्ली में बिजली और पानी की आपूर्ति की स्थिति की जांच करने की मांग की । आतिशी ने कहा, केजरीवाल ने आप के विधायकों को निर्देश दिया है, कि अगर वे पानी की कमी का सामना कर रहे हैं, तब वे लोगों के बीच जाएं और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए काम करें । मुख्यमंत्री को समाचार माध्यमों से पता चला कि दिल्ली में पानी की समस्या है और लोग परेशान हैं ।



बीजेपी नेता चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) को हमें डांटने का पूरा हक है । संघ के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर में प्रकाशित लेख में बीजेपी और डिप्टी सीएम अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के साथ गठबंधन पर सवाल उठाए गए थे । खास बात है कि इस लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में बीजेपी की सीटें कम हो गई हैं ।

# चौधरन कॉलोनी में पूर्व सिविल सर्जन के घर लगी आग

सत्ता सुधार ■ गुना



शहर के चौधरन कॉलोनी स्थित पूर्व सिविल सर्जन के निवास पर शुक्रवार सुबह आगजनी की घटना हो गई। जिसमें मकान के पहले कमरे में रखी दवाईयां, मेडिकल का सामान, कागजात, फोम सहित अन्य सामान जलकर राख हो गए। गनीमत यह रही कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और वह बाकी मकान में नहीं फैली। इस दौरान घंटों तक नपा की दो फायरबिग्रेड एवं टेंकरों से आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरन कॉलोनी निवासी पूर्व सिविल सर्जन स्व. डॉ. वायएस अग्रवाल के घर के आगे वाले कमरे में आग लग गई। कमरे में दवाइयां, मेडिकल का सामान, बच्चों का सामान, फोम का सामान भरा हुआ था। जिसने देखते ही देखते आग पकड़ ली। घटना सुबह 9:30 से 10 बजे के बीच की बताई जाती है। कुछ ही समय में कमरे में से आग की लपटें उठने लगीं। सूचना पर से फायर ब्रिगेड, पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाना शुरू किया। कमरे में बैग, मेडिकल का सामान रखा हुआ था, इस कारण आग ने पूरे कमरे को चपेट में ले लिया। आग से ऊपरी मंजिल सहित पूरी दीवारें काली पड़ गई। आस पड़ोस के युवाओं ने फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर आग बुझाना शुरू किया। कमरे के आगे के गेट को तोड़ा, जिसके बाद फायर ब्रिगेड से अंदर पानी डाला गया। दूसरी तरफ वाले गेट से भी अंदर पानी डाला गया। खिड़कियों के कांच तोड़कर अंदर पानी डाला गया। लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। आगजन में कमरे में रखा लगभग सभी सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि आग मकान के दूसरे हिस्से में नहीं बढ़ सकी।

ये दो उल्लेखनीय है कि चौधरन कॉलोनी स्थित दो मंजिला मकान जिला अस्पताल के पूर्व सिविल सर्जन स्व डॉ वायएस अग्रवाल का है। आग उसी कमरे में लगी जिसमें पूर्व में उनकी क्लीनिक संचालित होती थी। यहां मेडिकल और बच्चों से जुड़े सामानों के अलावा दवाइयां और फोम रखा हुआ था। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड और नगरपालिका के टेंकर पहुंच गए। वहीं दूर से ही दो मंजिला इमारत के कमरे से उठते धूंए के गुबारे देख अफरातफरी मच गई। आगजनी की घटना सुबह करीब 9-10 बजे के आसपास घटित हुई। इमारत के बाहर वाले कमरे में से धूंआ और आग की लपटे देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड और नगरपालिका के टेंकर पहुंच गए। वहीं नपा की टीम के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों के साथ स्थानीय युवाओं व अन्य लोगों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। पानी की बोछार कर आग को ठंडा कर सामान को कमरे से बाहर निकाला गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि मकान के बाहर वाली साइट का यह कमरा अक्सर बंद रहता था। यहां मेडिकल और बच्चों से जुड़े सामानों के अलावा दवाइयां व फोम का सामान रखा था। आगजनी में अधिकतर सामान जलकर खाक हो गया। शार्ट सर्किट से आगजनी का अनुमान लगाया जा रहा है। आगजनी की सूचना पर एडीएम अखिलेश जैन, एसडीएम रवि मालवीय, तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता, पार्षद दिनेश शर्मा, राजेश अग्रवाल आदि भी पहुंच गए। टीम के साथ सभी अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान भीड़भाड़ भी लगी रही।

## ब्रीफ न्यूज

### एडीएम का पद संभालेंगे बमन्हा

**गुना।** एडीएम एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार जैन 18 से 25 जून तक अर्जित अवकाश पर रहेगें। श्री जैन की अवकाश अवधि में अपर कलेक्टर गुना का चालू प्रभार कार्य महेश कुमार बमन्हा संयुक्त कलेक्टर गुना को अपने प्रभार के साथ-साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी सौपी गयी हैं ।

### दीवार उठाने को लेकर पड़ोसी भिड़े

**गुना।** जिले के आरोन थानांतर्गत ग्राम मातामूडरा में घर की दीवार उठाने को लेकर पड़ोसी ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी धर्मेन्द्र पुत्र नर्वदाप्रसाद प्रजापति ने अपने बड़े भाई नीरज प्रजापति के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह और उसका भाई मकान की दीवार बना रहे थे। उसी समय विवेक प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, गुमान सिंह प्रजापति तीनों आये उनसे बोले कि हमारी लडकी की शादी है तुम यह दीवार अभी मत बनाओ। जिस पर उन्होंने कहा कि हमारी जगह है हम तो दीवार बनाएंगे। इसी बात पर से आरोपियों ने दोनों भाइयों के साथ गाली गलौंच कर कुल्हाडी से हमला कर दिया। जिसमें उनकी अंगुली कट गई। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। इधर आरोन थानांतर्गत ही कुम्हार मोहल्ले में युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक्सरे रिपोर्ट आने के बाद विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। दरअसल विगत दिनों फरियादी अन्तिम पुत्र रमेश प्रजापति निवासी कुम्हार मोहल्ला घर के बाहर खड़ा था। तभी पुरानी रंजिश पर दुर्गेश शर्मा ने गाली गलौंच कर डंडे से मारपीट कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने आए उसक माता-पिता एवं भाभी के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने मारपीट के शिकार हुए युवक की एक्सरा रिपोर्ट आने के बाद आरोपी पर धारा 323, 504, 325, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### हिनोतिया और ऊमरी कंट्रोल दुकान संचालकों पर म्याना थाने में मामला दर्ज

गुना। जिले के म्याना थानांतर्गत ग्राम हिनोतिया एवं ऊमरी में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों में कंट्रोल संचालकों द्वारा अनियमितताएं करने पर उनको निलंबित कर विभाग ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध में खाद्य विभाग की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गुना ग्रामीण इंदु शर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उचित मूल्य दुकान हिनोतिया के विक्रेता दिग्विजय सिंह रघुवंशी एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान ऊमरी के विक्रेता पूरन दास बैरागी द्वारा गेहूं, चावल, मूंग एवं शक्कर आदि में हेरफेर कर बेचा गया है। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधि. 1955 की धारा 3, 7 के तहत मामला दर्ज किया है। इसके पूर्व दोनों को कारण बताओ नोटिस दिए गए थे, जिनके जबाव संतोषजनक नहीं मिलने पर इन पर एफआईआर की कार्रवाई की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार उचित मूल्य दुकान हिनोतिया के विक्रेता दिग्विजय सिंह रघुवंशी द्वारा 253.15 क्विंटल गेहूँ, चावल 162.04 क्विंटल, नमक 3.92 क्विंटल , मूँग 1.45 क्विंटल, शक्कर 12 किलो आदि में गड़बड़ी मिली थी।

# आरोन में जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने निकाली कलश यात्रा



सत्ता सुधार ■ गुना

जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून तक चलाया जा रहा है। जिसमें पुरानी जल संरचनाएं जो अनुपयोगी हैं उन्हें मरम्मत कार्य कराया जाकर अनुपयोगी संरचनाओं को उपयोगी बनाया जा रहा है। इसी क्रम में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सीएमओ दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि आज जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर परिषद आरोन द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, स्वसहायता समूह एवं आम नागरिकों द्वारा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### बमूरिया तालाब पर चलाया सफाई अभियान

इसी क्रम में आज आरोन के बमूरिया तालाब पर जन अभियान परिषद ने अपनी टीम के साथ साफ-सफाई का अभियान चलाया। जिसमें तालाब में पड़ी पॉलिथीन, डिस्पोजल आदि को एकत्रित कर नगर परिषद के सफाई वाहन में भरकर तालाब से बाहर डंपिंग यार्ड पर भेज डंपिंग कराया गया।

### जल संरक्षण के लिए निर्मित कराये गये सोकपिट

इधर राघौगढ़ जनपद सीईओ शैलेंद्र यादव ने बताया कि आज जनपद पंचायत राघौगढ़ क्षेत्रांतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में वर्षा जल का अधिक से अधिक संरक्षण के लिए प्रति ग्राम 5-5 सोकपिट का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

# अपनों की बेरुखी, छल, कपट से तंग आकर, दिल जब रोता है तो आंसू आ ही जाते हैं ...

सत्ता सुधार ■ गुना



चेतना साहित्य एवं कला परिषद द्वारा मुरलीधोकर मंदिर पर वरिष्ठ कवि विष्णु साथी की अध्यक्षता, गोवर्धन लाल के मुख्य आतिथ्य तथा निरंजन भाया कसेरा एवं अमित शर्मा उर्फ बलू के विशिष्ट आतिथ्य में कवि गोष्ठी संपन्न हुई। कवि गोष्ठी का संचालन नगर के जाने-माने शायर प्रेम सिंह प्रेम ने किया। सरस्वती वंदना हरीश सोनी ने सुनाई। संचालन करते हुए प्रेम सिंह प्रेम ने कहा कि कभी अच्छे, कभी बुरे ख्याल आ ही जाते हैं। ज़हन में अनसुलझे सवाल आ ही जाते हैं। अपनों की बेरुखी, छल, कपट से तंग आकर, दिल जब रोता है तो आंसू आ ही जाते हैं। वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने कहा कि इतने बुरे तो दुनिया में दुश्मन नहीं होते, कुछ दोस्त, दुश्मनों से भी आगे निकल गए। उमाशंकर भार्गव ने बेटी के संबंध में अपने विचार इस प्रकार व्यक्त किए बेटी तो दो परिवारों का ध्यान रखती है श्रीमान, नहीं भूलना चाहिए हमें उसका यह एहसान। शायर संजय खरे, धर्मवीर सिंह भारतीय, सियाराम कुशवाह, शंकर राव मोरे, अभिनंदन मंडवारिया, डाक्टर लक्ष्मीनारायण बुनकर, वीरेन्द्र सोनी मुक्त, रवि शर्मा बंजारा, बाबू खां निडर, अमित शर्मा उर्फ बलू, माया ओझा, रामजीवन भार्गव ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। गोवर्धन लाल ने गीत वीर हनुमाना सुन बलबाना सबकी सुनियो रे सुनाया। अंत में सभी ने समाज सेवी निरंजन भाया कसेरा को जन्मदिन की बधाई दी। कवि गोष्ठी में जगदीश प्रसाद शर्मा, नंदकिशोर अग्रवाल, पवन शर्मा, बाबू खां, रमेश,तन्वी, उमेश, गोपाल, साक्षी ओझा, संतोष, गोविन्द राव, रंगेश श्रीवास्तव, जगदीश श्रीवास्तव, कैलाश धाकड़, रणबीर सिंह कुशवाह, असीम भटनागर, पंडित देवेन्द्र उपाध्याय, रामलाल, विनय सहित कई श्रोताओं ने कवि गोष्ठी का लुत्फ उठाया। वहीं आभार व्यक्त बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# शासकीय आईटीआई गुना में प्लेसमेंट ड्राइव 19 को

**गुना।** कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्लेसमेंट ड्राइव/रोजगार मेले का आयोजन सतत जारी है। प्राचार्य आईटीआई नवीन रायकवार ने बताया कि आईटीआई उर्त्तीण आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार हेतु विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड हरिद्वार प्लांट द्वारा 19 जून को शासकीय आईटीआई, नानाखेडी, गुना में कैंपस सिलेक्शन के माध्यम से युवाओं का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट ड्राईव के दौरान कंपनी द्वारा लिखित परीक्षा/साक्षात्कार की प्रस्तावित तिथि 19 जून की गई है। कंपनी- हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड हरिद्वार प्लांट हरिद्वार, उत्तराखंड (प्लांट मुख्य शहर से सिर्फ 6-7 किमी दूर स्थित है), जो दुनिया की अग्रणी 2 पहिया वाहन निर्माता कंपनी है। कंपनी द्वारा आवश्यक उम्मीदवारों के मानदंड इस प्रकार हैं। जिसमें आयु 18 से 26 वर्ष, आईटीआई उत्तीर्ण वर्ष 2021, 2022 और 2023 पासआउट (लड़के और लड़कियां), पात्रता - 10वीं + आईटीआई (एनसीवीटी या एससीवीटी), आईटीआई ट्रेड (पुरुष और महिला) फिटर, टर्नर, एमएमवी, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन ट्रेड शामिल है।

### आईटीआई इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में महिला आवेदक भी कर सकती हैं आवेदन

आईटीआई ट्रेड (केवल महिला) - (इलेक्ट्रीशियन) में केवल महिलाओं के लिए - 2024 अंतिम उपस्थिति भी परीक्षा / साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकती हैं। कंपनी में लगभग 200 संख्या (लड़के और लड़कियाँ), सरकारी प्रशिक्षु के लिए रिक्तियां हैं। जिनकी वेतन संरचना- (स्न्न्नक्ष) मासिक रु. 22348, कटौती के बाद हाथ में वेतन - रु. 15703 - लगभग + क्क्न. अन्य लाभ - ईएसआई, कैंटीन, वर्दी/ जूते, चिकित्सा आदि शामिल है। इस दौरान नौकरी की अवधि - केवल फ्रेशर्स के लिए 1 वर्ष के लिए कंपनी ट्रेनी योजना तथा सरकारी प्रशिक्षु मासिक हाथ में वजीफा - रु. 16934/- लगभग देय होगा।

# 180 लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास



सत्ता सुधार ■ गुना

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मार्डन चिल्ड्रन हायर सेकेण्डरी स्कूल गुना में प्रोटोकॉल के अनुसार काउंटडाउन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 180 लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया शिक्षा विभाग, जिला आयुष अधिकारी डॉ.गोपाल कृष्ण धाकड, जिला योग प्रभारी काव्यांजलि शर्मा, आयुष विभाग के अधिकारी, योग प्रशिक्षक विधालय स्टाफ के साथ गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। अतिथियों से 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

# आसमान में दिनभर छाए रहे बादल, पारा पहुंचा 40 पार

**गुना।** जिले में एक बार फिर शुक्रवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 40 डिग्री पार कर गया। हालांकि इस दौरान दिनभर आसमान में बादलों की लुकाछिपी चलती रही। लेकिन गुरुवार को हुई बारिश के बाद शुक्रवार को मौसम में उसम और गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री दर्ज किया। इसके चलते एक बार फिर लोगों को गर्मी का एहसास ज्यादा हुआ। शुक्रवार सुबह हल्के बादल भी छाए दिखाई दिए।

**पिछले 24 घण्टे में 0.4 मिमी वर्षा दर्ज**

**जिले में अब तक 4.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज:** इधर जिले में 01 जून से अब तक 4.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 0.4 प्रतिशत है। जिले में गतवर्ष इसी अवधि में 2.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है । अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 14 जून प्रात- 8 बजे तक तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 3.8 मिलीमीटर, बमौरी में 4.0, आरोन में 0.0, राघौग? में 1.0, चांचौ?ा में 22.0 तथा वर्षामापी केन्द्र कुम्भराज में 2.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 0.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 2.6 मिमी., बमोरी में 0.0 मिमी., आरोन में 0.0 मिमी., राघौगढ़ में 0.0 मिमी., चांचौड़ा में 0.0 मिमी. एवं वर्षामापी केन्द्र कुंभराज में 0.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

# अवैध ट्रांसफॉर्मर उतारने गई बिजली कंपनी की टीम पर पथराव

## जामनेर के जामोन्या जागीर की घटना, पुलिस ने किया शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज

**गुना।** जिले के जामनेर थानांतर्गत जामोन्या जागीर में अवैध रूप से चल रहे ट्रांसफॉर्मर को निकालने पहुंची बिजली कंपनी के टीम के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट, गाली गलौंच सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में सहायक लाईनमैन राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गत दिवस वह ग्राम जामौन्या जागीर में अवैध रूप से चल रहे 25 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर को उतारने के लिए अपने साथी कर्मचारी विजय प्रकाश साहू, विजय सिंह राजपूत, मेहताव सिंह भील, राहुल सेन, राकेश मीना, ओमप्रकाश सुमन के साथ बिजली कंपनी के वाहन एमपी 04-7255 से चालक शंकरलाल लोधा के साथ पहुंचे थे। उक्त टीम द्वारा ग्राम जामौन्या जागीर में सरकारी स्कूल के पीछे रखे अवैध ट्रासफार्मर को उतारते समय गांव के कजोड़ पुत्र श्यामलाल मीना, बंटी पुत्र नारायण मीना, धीरप पुत्र कैलाश नारायण मीना, रमेश पुत्र श्यामलाल मीना ने गाली गलौंच कर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान गाड़ी में तोड़फोड़ कर गाड़ी का शीशा, साईड ग्लास फोड़ दिया। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 353, 294, 323, 336, 427, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

# महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण



सत्ता सुधार ■ गुना

मुख्यमंत्री म.प्र.शासन के आह्वान पर जलगंगा संबर्धन अभियान के तहत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना के परिसर में जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष मंगल के मुख्य आतिथ्य में एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टेन मनोज कुमार भिरोरिया के मार्गदर्शन में एन.सी.सी.कैडेटों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एक दिन पहले निर्धारित स्थान पर गड्ढे खोदे गए एवं साफ-सफाई की गई तथा आज दिनांक को विभिन्न फलदार वृक्ष जिनमें आम, अमरूद, जामुन, नीबू, आँवला के 25 पौधे लगाये गये।कार्यक्रम में जनभागीदारी अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए सभी से आग्रह किया कि वर्तमान समय में बढ़ रहे पर्यावरण असंतुलन में पौधारोपण ही मात्र एक ऐसा उपाय है जिससे प्रकृति का संरक्षण किया जा सकता है। कार्यक्रम में जनभागीदारी के सदस्य विनोद बिंदल, चंद्रेश जैन, संजीव विजयवर्गीय, पुनीत राय, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रभात चौधरी, डॉ. हरिओम खटीक, संकेत क्षत्रिय एवं 40 एन.सी.सी.कैडेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने स्वल्पाहार किया।

# जेसीआई पायोनियर ने इंटरनेशनल वर्ल्ड डोनर डे पर लगाया रक्तदान शिविर

सत्ता सुधार ■ गुना



वर्ल्ड ब्लड डोनर डे के उपलक्ष्य में जेसीआई गुना पायोनियर ने प्रेम मोटर्स (एरेना) के साथ मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें प्रेम मोटर्स एरेना के जनरल मैनेजर शीतल टाटिया ने भी रक्त दान किया। वहीं एरेना के स्टाफ के साथ जेसीआई गुना पायनियर के सदस्यों ने रक्तदान में बढ़ चढ़कर भाग लेकर 51 यूनिट रक्त ब्लड बैंक को दिया। रक्तदान शिविर के लिए विशेष सहयोग गुना पायनियर के नीड ब्लड कॉल कोऑर्डिनेटर सुमित अग्रवाल का रहा। साथ में संस्था के सभी पूर्व अध्यक्ष, सीनियर्स, लेडी जेसी विंग, सभी बोर्ड मेंबर के साथ मेंबर्स उपस्थित रहे। अंत में संस्था द्वारा प्रेम मोटर्स एरेना को मोमेंटो दिया और आभार सचिव द्वारा दिया गया।

# गड़बड़ न करे सेहत की गोली

नवीन नगर की शालिनी दुबे बचपन से ही आरामतलब रही है। कॉलेज कार से आती जातीं और लौटने पर सोफे में बैठकर जंक फूड का स्वाद लेतीं। जोड़ों में दर्द की शिकायत से परेशान हुईं तो पता चला कि वे ऑस्टियोपोरोसिस से ग्रसित है। यह कहानी किसी एक शालिनी की नहीं, बल्कि बदली लाइफ में हर महिला की है।

## खुद न बनें डॉक्टर

विटामिन डी शरीर के लिए जितना जरूरी है, अच्छी फिटनेस के लिए उतनी ही जरूरत अन्य विटामिंस की भी है। बिना शरीर की जरूरत को समझे विटामिन या एंटीऑक्सीडेंट की गोलियां गटकना घातक है। स्वरूप नगर स्थित एक मेडिकल स्टोर के संचालक संजय मेहरोत्रा बताते है, हर दिन ऐसी महिला ग्राहक आती है जो बिना सलाह के मल्टी विटामिंस या इसके सप्लीमेंट मांगती है। गर्ल्स स्किन में ग्लो लाने और बालों को चमकदार बनाने के लिए विटामिन ए और ई की गोलियां खरीदती है। उन्हे पता नहीं होता है कि वास्तव में उनके शरीर को इसकी जरूरत है या नहीं।

## जरूरी है संतुलित आहार

परफेक्ट प्वाइंट की डाइटीशियन व फिटनेस एक्सपर्ट डॉ. शिप्रा माथुर कहती है, ऐसे लोग तेजी से बढ़ रहे है, जो स्वाद के लिए सेहत से समझौता करते है और फिर मल्टी विटामिंस लेते है। अधिकतर लोग समझते है कि मल्टी विटामिंस लेने से कोई नुकसान नहीं होता जबकि अधिकता में कोई भी विटामिन सेहत के लिए ठीक नहीं होता है। विटामिंस की अधिकता से लीवर, किडनी और आंखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। हरी सब्जियों और संतुलित आहार को भोजन में शामिल करे तो सप्लीमेंट लेने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।डाइटीशियन मीनाक्षी अनुराग कहती है, टेबलेट्स या सप्लीमेंट्स से आप जितना विटामिन लेती है उसका दस फीसदी ही शरीर को मिल पाता है। प्राकृतिक चीजों से आप नब्बे फीसदी तक विटामिन शरीर के लिए पा लेती है।

## किसको कितनी जरूरत

जीवन के हर पड़ाव पर विटामिन की अलग-अलग जरूरत होती है। मेडिकल कालेज में मेडिसिन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. आरएन द्विवेदी बताते है, बच्चों को विटामिन डी की अधिक जरूरत होती है और उन्हे इसके साथ विटामिन बी और सी भी पर्याप्त मात्रा में मिलना चाहिए। वयस्क महिलाओं को विटामिन डी, सी, ई के अतिरिक्त ए को खाने में शामिल करना चाहिए। आंखों की रोशनी के लिए विटामिन ए की जरूरत होती है। कामकाजी व व्यायाम करने वाली महिलाओं को मल्टी विटामिन की जरूरत होती है, इसलिए वे डाइट में हरी सब्जियों, फलों, दूध, अंडा आदि को शामिल कर शरीर में इनकी भरपाई करे।

## बदलें लाइफस्टाइल

बदलती लाइफस्टाइल और विटामिंस का सीधा संबंध है। आर्थोपैडिक सर्जन डॉ. आर.के. सिंह कहते है, कंधे में दर्द, जोड़ों में दर्द या घुटनों की परेशानी इसी का परिणाम है। वजह कैल्शियम और विटामिन डी की कमी होती है, लेकिन सिर्फ विटामिन की गोलियां खाकर ऑस्टियोपोरोसिस से नहीं बचा जा सकता। जरूरी है कि नियमित व्यायाम व संतुलित आहार को रूटीन में शामिल करे। बिना सलाह के सप्लिमेंट्स का प्रयोग आपको और बीमार बना देगा।





# ग्रीन टी से त्वचा कैंसर का इलाज संभव

वैज्ञानिकों ने ग्रीन टी में ऐसा यौगिक खोज निकालने की बात कही है जो ट्यूमर के लगभग आधे भाग को नष्ट कर देता है। यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्राथक्लाइड के शोधकर्ता इस विशेष यौगिक की सहायता से मानव त्वचा कैंसर के ट्यूमर को 40 प्रतिशत तक खत्म करने में सफल रहे। यह परीक्षण प्रयोगशाला में त्वचा कैंसर की एक किस्म पर किया गया। एक अखबार की खबर के अनुसार ग्रीन टी में कैंसर रोधी गुणों की संभावना पहले भी जताई जाती रही है। पर यह पहला मौका है जबकि शोधकर्ता इसके द्वारा ट्यूमर को कम करने में सफल रहे हैं। ग्रीन टी के निचोड़ की कैंसर रोधी क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए पहले किए गए ज्यादातर प्रयास असफल ही रहे थे। कारण यह था कि इसके लिए वैज्ञानिकों ने जिन नलियों का प्रयोग किया था वे इसके निचोड़ को ज्यादा मात्रा में ट्यूमर तक नहीं पहुंचा सकी थीं। इसलिए इस बार शोधकर्ताओं ने इसके लिए टारगेट डिलीवरी सिस्टम अपनाया। इसमें उन्होंने निचोड़ को लौह-अणुओं से युक्त प्रोटीन पर लगाया। खास बात यह है कि इन अणुओं को कैंसर ट्यूमर खुद ही ग्रहण करते हैं। शोधकर्ताओं के दल प्रमुख क्रिस्टीन ड्यूफेस ने कहा कि यह परिणाम काफी उत्साहजनक हैं। यह शोध विज्ञान पत्रिका नैनोमेडिसीन में प्रकाशित हुआ है।



# दातों को ऐसे रखें दुरुस्त



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ दातों और मसूढ़ों का भी स्वस्थ रहना जरूरी है। इस सदर्भ में कुछ सुझावों पर अमल करना लाभप्रद रहेगा। याद रखें, दातों की सेहत आपके खान-पान पर भी निर्भर है। दातों में चिपकने और फँसने वाली चीजें जैसे चिप्स, बिस्किट्स और ब्रेड आदि से परहेज करना लाभप्रद है। वहीं कोल्ड डिंक्स दातों के इनेमल को विकारग्रस्त बना देती है। सिगरेट, बीड़ी पान व तम्बाकू का सेवन न करें। इन सबसे मुख के कैंसर होने का खतरा रहता है। ताजे फलों व सब्जियों के सेवन से आपके दातों का व्यायाम होता है और इनसे शरीर को पौष्टिक तत्वों की भी प्राप्ति होती है। दिन में दोबार ब्रश करना जरूरी है। रात में ब्रश करने से दातों में कीड़ा लगने और पायरिया होने की सभावना कम हो जाती है। जुबान की सफाई करने के लिए जीभ का इस्तेमाल करें। नियमित रूप से दातों का चेकअॅप कराना चाहिए। हर छह महीने में एक बार अपने दंतरोग विशेषज्ञ से जरूर सपर्क करें। दातों की सफाई साल में एक बार अवश्य कराएं। जो लोग किन्हीं और बीमारियों जैसे मधुमेह, हृदय रोग किडनी से सबधित रोग और कैंसर से ग्रस्त हैं, उन्हें हर छह महीने में दातों की सफाई कराना जरूरी है।

# जरूरी है थोड़ा सा गुस्सा भी



अभी तक यही कहा और सुना जाता था कि गुस्सा करना सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है, लेकिन ये बातें अब गुजरे जमाने की हो चुकी हैं। ये हैरान की होने बात नहीं है, बल्कि हकीकत है। हाल ही में अमेरिका में हुए एक शोध के अनुसार थोड़ा गुस्सा सेहत के लिए फायदेमंद होता है। अमेरिकी वैज्ञानिकों का कहना है कि जो लोग गुस्सा जाहिर कर देते हैं, वे गुस्से से डरने वालों के स्थान पर ज्यादा आशावादी होते हैं। ऐसे लोगों के लिए स्वयं पर नियंत्रण रखना ज्यादा आसान होता है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के छात्रों पर यह अध्ययन किया गया। उन्हें जानबूझ कर ऐसे सवाल दिए गए, जिनसे उन्हें गुस्सा व झुंझलाहट आए। बाद में वीडियो रिकार्डिग करके देखा गया कि जिनके चेहरे पर गुस्से के बजाय डर था, उनका ब्लडप्रेशर, नब्ज की गति और स्ट्रेस हॉर्मोन लेवल ज्यादा पाया गया।

# क्या करें जब लगे घुटने में चोट



अक्सर चलते समय या फिर दौड़ते वक्त घुटने में चोट लग जाने के कारण दर्द होने लगता है। इस कारण चलने-फिरने में बहुत तकलीफ होती है। स्पष्ट है, इस सूरतेहाल में आपकी दिनचर्या भी बुरी तरह प्रभावित होती है। अक्सर इस तरह की चोट को लोग मोच कहते हैं। इस स्थिति में डॉक्टर आराम करने की सलाह देते हैं, लेकिन-कभी-कभी आराम करने के बावजूद दर्द नहींजाता और चलने पर लगता है कि पैर आगे या पीछे की ओर मानो भाग रहा हो। इस स्थिति का मुख्य कारण लिगामेंट इंजरी होता है, जिसकी सटीक जानकारी एमआरआई से चलती है। घुटने में चोट लगने पर इन बातों पर ध्यान दें

- घुटना आगे की ओर भागता हुआ सा महसूस हो और पैर में अस्थिरता का आभास हो, तब यह समझें कि एसीएल नामक मासपेशी में टूट-फूट हो चुकी है। इसका इलाज आर्थोस्कोपी द्वारा किया जाता है।
- यदि पैर पीछे की ओर भागता हुआ सा महसूस हो तो इसका आशय है पीसीएल नामक मासपेशी में क्षति पहुंचना। इस शिकायत में अगर आराम करने से राहत नहीं मिलती, तब आर्थोस्कोपी की जाती है।
- नियमित रूप से व्यायाम करने से घुटने में चोट लगने की आशकाएं कम हो जाती हैं।
- ज्यादातर चोटें केवल आराम करने से ठीक हो जाती हैं।
- दौड़ने से पहले वार्म अपॅ एक्सरसाइज करना आवश्यक है।

# चंदू चैंपियन की स्क्रीनिंग में विद्या बालन ने फैंस को किया हैरान, दिखा गजब का ट्रांसफोर्मेशन

कार्तिक आर्यन की मोस्ट अवेटेड फिल्म चंदू चैंपियन आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें हिस्सा लेने बॉलीवुड सितारे भी पहुंचे। अरशद वारसी, ऋचा चड्ढा, शरवरी वाघ, रॉनित रॉय, टाइगर श्रॉफ और सुनील शेट्टी सहित कई स्टार चंदू चैंपियन की स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंचे, लेकिन यहां जिसने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया वह थीं विद्या बालन। इवेंट में विद्या बालन ब्लैक ड्रेस में पहुंची थीं, जहां उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन ने सबको हैरानी में डाल दिया।

**विद्या बालन ने घटाया वजन:** विद्या बालन अक्सर बॉडी शेमिंग को लेकर खुलकर बात करती रही हैं। की बार ट्रोल उनके बढ़े वजन को लेकर उन्हें निशाने पर लेते नजर आए, लेकिन हाल ही में जब विद्या कार्तिक आर्यन स्टारर चंदू चैंपियन की स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंचीं, तो उनका ट्रांसफॉर्मेशन देखने लायक था। इवेंट में विद्या एक ब्लैक बॉडी हगिंग ड्रेस पहनकर पहुंची थीं, जिसमें वह पहले की तुलना में काफी स्लिम लग रही थीं।



## बहन के बेटे के साथ विद्या ने दिए पोज

चंदू चैंपियन के प्रीमियर में विद्या बालन के साथ उनकी बहन का बेटा भी दिखाई दिया। अभिनेत्री ने प्रीमियर में अपनी बहन के बेटे के साथ भी पोज दिया और यहां तक कि मजाक में पैपराजी से कहा, अब ये मत कहना ये मेरा बेटा है। मेरी बहन का बेटा है । विद्या का ये वीडियो देखने के बाद फैंस भी रिएक्शन देने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। यूजर वीडियो पर खूब रिएक्शन दे रहे हैं और विद्या के ट्रांसफॉर्मेशन की तारीफ कर रहे हैं।

## विद्या के ट्रांसफॉर्मेशन पर फैंस का आया दिल

वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा- विद्या कितनी फिट हो गई हैं। एक अन्य ने लिखा- विद्या ने किया क्या, वह बहुत ही यंग लग रही हैं। आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं विद्या। और भी कई यूजर्स ने वीडियो पर रिएक्शन देते हुए विद्या के ट्रांसफॉर्मेशन पर पॉजिटिव कमेंट किए हैं।

## भूल भुलैया 3 में विद्या बालन

वर्क फ्रंट की बात करें तो आखिरी बार दो और दो प्यार में दिखाई दी थीं। ये फिल्म अप्रैल में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों से ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला। वहीं इन दिनों विद्या भूल-भुलैया 3 को लेकर चर्चा में हैं। भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की फिल्म के तीसरे पार्ट में विद्या बालन भी नजर आने वाली हैं। इससे पहले अभिनेत्री भुल भुलैया का भी हिस्सा थीं, 2007 में रिलीज हुई इस फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में थे। इसके अलावा शाइनी आहुजा और अमीषा पटेल भी इस फिल्म का हिस्सा थे। वहीं फिल्म के दूसरे पार्ट में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू लीड रोल में दिखाई दिए और अब तीसरे पार्ट में भी कार्तिक आर्यन लीड रोल में होंगे।



# नई नेशनल क्रश बनीं मुंज्या की बेला

निर्देशक कबीर खान की वेब सीरीज द फॉरगॉटन आर्मी से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वालीं एक्ट्रेस शरवरी वाघ को भला कौन नहीं जानता। मौजूदा समय में हॉरर कॉमेडी फिल्म मुंज्या को लेकर वह चर्चा में बनी हुई हैं। इस मूवी में बेला का किरदार अदा कर उन्होंने फैंस का दिल जीत लिया है। इतना ही नहीं उनके लुक्स और खूबसूरती को लेकर अब शरवरी को नई नेशनल क्रश करार दिया जा रहा है। आइए एक नजर उनकी कुछ शानदार तस्वीरों की तरफ डालते हैं।

## बेहद खूबसूरत हैं शरवरी

**राजनेता की नातिन हैं शरवरी वाघ**


27 वर्षीय शरवरी वाघ असल जिंदगी में काफी खूबसूरत दिखती हैं, जिसका सबूत उनके ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद तस्वीरें हैं। इन फोटो में आप देख सकते हैं कि अपने किलर लुक से वह फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराने का काम कर रही हैं। हॉटनेस के मामले में शरवरी अन्य किसी बी टाउन एक्ट्रेसेज से कम नहीं लग रही हैं। कातिलाना निगाहों वालीं शरवरी वाघ की इन फोटोज को देखकर आप भी दिल फिसल जाएगा। ये तमाम तस्वीरों से ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि बोल्डनेस से शरवरी हर किसी को दीवाना बना सकती हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो उनकी ये फोटो बेहद शानदार हैं और इंटरनेट पर तबाही मचाने के लिए काफी हैं। मालूम हो कि शरवरी बतौर एक्ट्रेस फिल्म बंटी बबली 2 फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं। इससे पहले निर्देशक लव रंजन और संजय लीला भंसाली के साथ असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुकी हैं। आने वाले समय में वह अभिनेता जॉन अब्राहम के साथ फिल्म वेधा में भी दिखेंगी, जोकि 15 अगस्त 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

## राजनेता की नातिन हैं शरवरी वाघ

दरअसल शरवरी वाघ का पॉलिटिकल फैमिली बैकग्राउंड है। उनके दिवंगत नाना मनोहर जोशी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे थे। राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने के बाद भी शरवरी ने फिल्मी दुनिया में अपना नाम कमाया है।

# कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर करती हैः सोनम वाजवा

पंजाबी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस सोनम बाजवा चाहती है कि उनकी और सिंगर, एक्टर एमी विर्क की जोड़ी बॉलीवुड की फेमस जोड़ी शाहरुख खान और काजोल जैसा जादू स्क्रीन पर पैदा करे। सोनम और एमी विर्क की अपकमिंग फिल्म क्रॉस-कल्चरल फिल्म कुड़ी हरियाणा वल दी जल्द रिलीज होने को है। एक्ट्रेस ने एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करने के बारे में कहा कि जब भी वह दोनों साथ काम करते हैं तो स्क्रीन पर ताजगी आ जाती है। एमी के साथ पुवाड़ा, निक्का जैलदार जैसी फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस ने बताया, कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर करती है। अगर कहानी और किरदार अलग हैं, तो आप अपने आप ही स्क्रीन पर ताजगी ला पाएंगे। अगर आप शाहरुख और काजोल की जोड़ी को देखें तो दोनों ने एक साथ कई सारी फिल्मों में काम किया है। मुझे नहीं लगता कि दर्शक कभी यह कहेंगे कि शाहरुख और काजोल फिर से वापस आ गए हैं। असल में लोग उनके साथ आने का इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि एमी के साथ उनकी जोड़ी शाहरुख और काजोल की जोड़ी से बहुत पीछे है। मुकलावा फेम एक्ट्रेस ने कहा, काश हम भी उनके जैसा कुछ कर पाते, उन्होंने जितना किया है, उसका एक छोटा सा हिस्सा भी हम कर पाएं तो हम बहुत लकी होंगे। उन्होंने कहा, लोग उनकी जोड़ी को पसंद करते हैं। हमारे प्रशंसकों में भी हमको लेकर उत्साह है। सोनम ने बताया कि वे विषय और कहानी के बारे में सोचते हैं और फिल्म में अपने आप ही ताजगी आ जाती है। एक्ट्रेस ने बताया, हमने कई फिल्मों में काम किया है मगर जो हमने कुड़ी हरियाणे वल दी में किया है वह अलग है। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि अगर



किरदार अलग हैं, तो कलाकार भी अलग तरह से काम करेंगे। हरियाणवी जाटनी का डी-ग्लैम लुक निभाने में किसी तरह की हिचकिचाहट के बारे में सोनम ने कहा कि इसमें कोई हिचकिचाहट नहीं है, मुझे इस पर गर्व है कि हमारे देश की लड़कियां कैसी दिखती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, अगर मैं आउटफिट की बात करूं तो सूट पंजाब और हरियाणा दोनों में पहना जाता है। इसके लिए हमने हरियाणा में रहने वाली लड़की से प्रेरणा ली कि वह किस तरह के कपड़े पहनती हैं।

# सदगुरु आश्रम कोयंबटूर पहुंची सांसद कंगना रनौत

हाल ही लोकसभा चुनाव जीतने के बाद एक्ट्रेस एवं सांसद कंगना रनौत सद्गुरू के आश्रम कोयंबटूर पहुंची है, जहां से उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तस्वीरें शेयर की है। कंगना की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। सद्गुरू की शरण में पहुंची मंडी की सांसद कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस पिंक साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनके चेहरे पर एक सुकून और खुशी नजर आ रही है। शेयर की गई पहली तस्वीर में कंगना ईशा फाउंडेशन में आदियोगी शिव की मूर्ति के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना करती दिखाई दे रही हैं। दूसरी में वह चलती नजर आ रही हैं, जबकि आखिरी फोटो में एक्ट्रेस सद्गुरू की शरण में जमीन पर बैठी दिख रही हैं और काफी मुस्कुराती दिखी रही हैं। बता दें, कंगना रनौत मंडी की सांसद बनने के बाद राजनीति में काफी एक्टिव हो गई हैं। वहीं, उनकी फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म इमरजेंसी में नजर आएंगी।



# पहली बार पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाएंगी हरलीन सेठी, कभी विक्की कौशल के साथ जुड़ा था नाम

एकता कपूर की वेब सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल और कोहरा जैसी वेब सीरीज में अपनी अदायगी का दम दिखाने वाली हरलीन सेठी जल्द ही अब अनुराग कश्यप की वेब सीरीज बैड कॉप में नजर आएंगी। इस सीरीज में उनका रोल बेहद ही दमदार होने वाला है। हरलीन सेठी में ब्रोकन बट ब्यूटीफुल को लेकर खूब तारीफें बटोरी थीं। हालांकि, कुछ सालों पहले वह बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल के साथ कथित तौर पर अपने रिश्ते को लेकर भी सुर्खियां बटोर चुकी हैं। हाल ही में हरलीन सेठी ने अपनी आगामी सीरीज के बारे में बातचीत की और बताया कि एक्टिंग की दुनिया में उन्होंने कैसे अपनी शुरुआत की।

## खुद को एक्ट्रेस बताने से हिचकिचाती थीं हरलीन सेठी

इंडस्ट्री में जब अवसर मिलने लग जाते हैं, तो आत्मविश्वास बढ़ जाता है। ऐसा ही कुछ कोहरा और ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल वेब शो की अभिनेत्री हरलीन सेठी के साथ भी रहा है। एक समय ऐसा भी था, जब हरलीन को यह कहने में झिझक होती थी कि वह अभिनय में नाम कमाना चाहती हैं। हरलीन के अनुसार, 'जब मैंने एक्टिंग करनी शुरू की थी तो बहुत वक्त तक किसी के पूछने पर नहीं बताती थी कि मैं क्या करती हूं। मेरे परिवार का इस इंडस्ट्री से जुड़ाव नहीं था।स्वजन नहीं चाहते थे कि मैं एक्टर बनूं, पर मेरी अभिनय में रुचि थी। पहले विज्ञापनों में काम करना शुरू किया, फिर अभिनय की राह मिली। यह झिझक खत्म करने में कुछ वर्ष लग गए कि सभी को बता सकूं कि अभिनेत्री हूं।

बैड कॉप वेब सीरीज में हरलीन पुलिस अधिकारी के रोल में हैं। कई अभिनेत्रियों ने ऐसे रोल किए हैं। ऐसे में क्या हरलीन के दिमाग में था कि कहीं वह उनकी कॉपी न करने लग जाएं वह कहती हैं कि मैं किसी और की परफॉर्मेंस की सराहना कर सकती हूं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि उनकी नकल कर सकती हूं। किसी के अभिनय से मैं केवल प्रेरित हो सकती हूं।



# अजीम दयानी ने किया देखा तेनु गाने का नया संस्करण पेश

धर्मा प्रोडक्शंस के म्यूज़िक सुपरवाइज़र अज़ीम दयानी ने राजकुमार राव और जान्हवी कपूर की फ़िल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के लिए कभी खुशी कभी ग़म के देखा तेनु पहली पहली बार वे का एक नया और खूबसूरत संस्करण पेश करके यह उपलब्धि हासिल की। जैसे ही गाना रिलीज़ हुआ, दर्शकों में पुरानी यादें ताज़ा हो गईं और उन्होंने मोहम्मद फ़ैज़ द्वारा गाए गए इस भावपूर्ण रीक्रिएशन को खूब पसंद किया। यह गाना सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें आम लोगों से लेकर आलिया भट्ट जैसी मशहूर हस्तियों तक ने अपने-अपने अंदाज़ में इस गाने पर इंस्टाग्राम रील बनाए हैं। अज़ीम इस गाने को मिली सफलता देखकर हैरान हैं। जब भी आप किसी क्लासिक चीज़ को नए तरीके से इस्तेमाल करते हैं, तो हमेशा यह डर बना रहता है कि इसे कैसे लिया जाएगा, लेकिन देखा तेनु को जो प्यार मिला है और मिल रहा है, उससे हमें वह मान्यता मिलती है जिसकी हमें गाने पर अपने काम के लिए ज़रूरत है।

# हमारे बारह के प्रदर्शन पर रोक

अन्नू कपूर अभिनित फिल्म हमारे बारह का टीजर जारी होने के बाद से लगातार विवादों में पड़ी हुई हैं। फिल्म को लेकर रोज कुछ न कुछ बवाल मचा हुआ है। अब फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हमारे बारह का ट्रेलर भी हटाया जा चुका है। फिल्म पर धर्म विशेष के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया जा रहा है और इसकी रिलीज को रोके जाने की मांग हो रही थी। इस बीच जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच से अन्नू कपूर की फिल्म हमारे बारह को राहत नहीं मिली है। ये फिल्म आज शुक्रवार को ही रिलीज होने वाली थी। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के द्वारा मामले के निपटारे तक फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी। साथ ही हाई कोर्ट से अनुरोध करते हुए कहा है कि याचिका को तेजी से निपटाया जाए।

# आशिका जननी– एआई की कहानी शो में आएंगी नजर

हाई प्रोफाइल टीवी एक्ट्रेस आशिका भाटिया जननी–एआई की कहानी शो में नजर आएंगी। इस बारे में आशिका ने बताया कि उनके लिए एआई रोबोट की तरह एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे किरदार का नाम चांदनी है। मैं एआई रोबोट हूं, जो इंसानों की तरह लगती है।





मेरे लिए रोबोट का एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। मैंने पहले कभी भी ऐसा रोल नहीं किया था, इसलिए मैं इस खास मौके का फायदा उठाना चाहती थी। उन्होंने कहा, खास तौर पर चलते हुए किसी शो में आपको किसी ऐसे व्यक्ति की तरह बर्ताव करना होता है जो पहले से ही सीरीज में है। मेरे लिए किसी और की नकल करना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैंने इसे स्वीकार किया। जननी-एआई की कहानी इरा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक वैज्ञानिक से मां बनी है। वह घातक बीमारी से अपनी बेटी की जान बचाने के लिए एआई रोबोट का आविष्कार करती है। एमएजे प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, जननी- एआई की कहानी दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आशिका को पिछली बार एंड टीवी पर वाणी रानी शो में देखा गया था। उन्होंने छोटे पर्दे पर मीरा शो में डेब्यू किया था। वह परवरिश - कुछ खट्टी कुछ मीठी में गुणवंत कौर अहलूवालिया के किरदार में नज़र आईं। इसके अलावा, उन्होंने 2015 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म प्रेम रतन धन पायो में सलमान खान की छोटी बहन का किरदार भी निभाया। आशिका ने लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स के रूप में एंट्री की, लेकिन कुछ ही हफ्तों बाद शो से बाहर आ गईं। शो में आशिका चांदनी के रोल में नजर आएंगी।

# पूनम ढिल्लों ने सोनाक्षी सिन्हा के होने वाले पति को किया वॉर्न

37 साल की सोनाक्षी सिन्हा अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। भले ही सिन्हा और इकबाल परिवार ने शादी की खबरों पर मुहर नहीं लगाई है, लेकिन इससे इनकार भी नहीं किया है। हालांकि, बीते दिन सोनाक्षी की शादी के कार्ड ने इसे सच साबित कर दिया। मैगजीन कवर पेज की थीम पर आधारित सोनाक्षी और जहीर की शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। कपल की शादी में कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज शिरकत करने वाले हैं, जिनमें एक नाम एक्ट्रेस पूनम ढिल्लों का भी है। उन्हें शादी का कार्ड भी पहुंच गया है। एक्ट्रेस ने सोनाक्षी की शादी को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है।



## पूनम ढिल्लों ने सोनाक्षी को दिया आशीर्वाद

पूनम ढिल्लों ने इंस्टैंट बॉलीवुड संग बातचीत में कन्फर्म किया कि उन्हें भी सोनाक्षी की शादी का कार्ड मिला है। उन्होंने इसे बहुत प्यारा बताया है। इसके साथ उन्होंने हीरामंडी एक्ट्रेस को आशीर्वाद दिया है। अभिनेत्री ने कहा- मैं सोनाक्षी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं। बहुत प्यारा इनवाइट भेजा है उसने। मैं उसे तब से जानती हूं, जब वह बहुत छोटी थी। उसकी पूरी जर्नी देखी है तो भगवान करे कि वह बहुत खुश रहे। वह बहुत प्यारी, सौम्य और लविंग बच्ची है। मैं उसकी खुशियों के लिए प्रार्थना करती हूं। पूनम ढिल्लों ने सोनाक्षी सिन्हा के होने वाले पति जहीर इकबाल को आगाह करते हुए कहा है कि उन्हें एक्ट्रेस को खुश रखना होगा।

# मामला भारत गैस गोडाउन का : रात्रि में गोडाउन में लगाया ताला

## गैस संचालक ने बाहर खड़े होकर किया गैस टंकी का वितरण, कराई शिकायत दर्ज

**सत्ता सुधार ■ हरदा/ खिरकिया**

नगर में भारतगैस एजेंसी का मामला जगजाहिर है। सनद रहे कि भारत गैस गोडाउन हटाने को लेकर प्रमुखता से खबरो का प्रकाशन किया गया है। जिस पर जिला कलेक्टर ने गोडाउन हटाने के सख्त निर्देश दिये है। गोडाउन हटाने की प्रकिया को लेकर भारत गैस एजेंसी संचालक रंगनाथ काबरा बुधवार को भोपाल पहुंचकर भारत पेट्रोलियम एलपीजी ऑफिस गोडाउन स्थापना हेतु अटैचमेंट की प्रक्रिया मुलाकात की उन्होने जल्द ही गैस गोडाउन हटाने का आश्वासन दिया। संचालक ने भोपाल ऑफिस से आकर रात्रि को गोडाउन आकर देखा तो गैस के गोडाउन में ताले दूसरे लगे हुए पाये गये। पुलिस थाना छीपाबड एवं अनुविभागीय अधिकारी संजीव नागू को जिसकी शिकायत की। शिकायती आवेदन में बताया कि शासन द्वारा प्रदत्त गैस एजेंसी जिसे श्रीनिवास भारत गैस एजेंसी के नाम से विधिवत संचालन करता हूं विगत दिनो मेरी पत्नि की तबीयत खराब होने के कारण मेरे मैनेजर द्वारा गैस एजेंसी का संचालन किया जा रहा था। जब



गोडाउन वह शोरूम का निरीक्षण करने गया तो किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरे गोडाउन एवं शोरूम में ताला लगा दिया गया है। जिससे वहा रखी संपत्तिया बंद हो गई है तथा गोडाउन के अंदर क्या हुआ इस बात की जानकारी नही लग रही है ऐसी स्थिति में मुझे जानकारी मिली है कि किसी व्यक्ति के द्वारा साजिशबस यह काम किया जा रहा है। उपभोक्ताओ को किसी प्रकार की परेशानी न हो इस कारण रिपोर्ट दर्ज करा रहा हूँ ताकि मौके पर पहुचकर निरीक्षण व जांच की जा सके।

**ताला लगाये जाने से बाहर से टंकी का वितरण** – आपको बता दें दिन गुरूवार की बात है जहॉ गोडाउन एवं शोरूम में ताला लगने के कारण गैस एजेंसी संचालक ने बाहर से उपभोक्ताओ को टंकी का वितरण किया। जानकारी लगते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा जहॉ पंचनामा बनाकर उक्त गैस गोडाउन का ताला तुडवाया गया। खादय विभाग अधिकारी एवं तहसीलदार राजेन्द्र पवार की मौजूदगी में शोरूम तथा गैस गोडाउन की जांच की गई। गैस एजेंसी संचालक श्री काबरा ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा ताला लगाये जाने कारण हमारे द्वारा बाहर से टंकी का वितरण किया गया है । जिससे उपभोक्ताओ को किसी प्रकार की परेशानी न हो प्रशासन का सहयोग लेकर जल्द से जल्द गैस गोडाउन की हटाने की प्रकिया की जाएगी। जिससे स्कूल में पढने वाले बच्चो को खतरा न हो।

### क्या कहते जवाबदार-

हमारे द्वारा मौके का पंचनामा बनाया जा चुका है, जिसकी रिपार्ट कलेक्टर को प्रेषित करेगें।

**राजेन्द्र पवार, तहसीलदार, खिरकिया।**

---

### ब्रीफ न्यूज

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश के17 जुलाई तक कराएं पंजीयन

**हरदा ।** डिप्लोमा इंजीनियरिंग में सत्र 2024- 25 में प्रवेश हेतु तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने प्रथम चरण की समय सारणी घोषित कर दी है। प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा ने बताया कि समय सारणी अनुसार दसवीं उत्तीर्ण किए हुए विद्यार्थी 17 जुलाई रात्रि 11¬45 बजे तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के बाद ऑनलाइन सत्यापित उम्मीद्वारों के लिये रजिस्ट्रेशन में केवल एक बार सुधार की सुविधा 18 से 19 जुलाई की रात्रि 11¬45 बजे तक रहेगी। इसी प्रकार इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की सुविधा 2 जुलाई से 21 जुलाई रात्रि 11¬45 बजे तक रहेगी। जारी समय सारणी अनुसार कॉमन मेरिट सूची एवं बीपीएल अथवा चतुर्थ श्रेणी कट ऑफ सूची 22 जुलाई को उपलब्ध होगी तथा ऑनलाइन आवंटन पत्रों की उपलब्धता, आवंटित संस्था में उपस्थिति तथा आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश की प्रक्रिया 27 जुलाई से 5 अगस्त 2024 की शाम 5 बजे तक होगी। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए छात्र शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय हरदा में संपर्क कर सकते हैं।

### मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर लगाया 51 हजार रू. जुर्माना

**हरदा ।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को परिवहन विभाग के दल ने हरदा हंडिया मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के वाहनों यात्री बस, ऑटो रिक्शा, लोडिंग वाहन तथा डम्पर वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर 3 ओव्हरलोड डंपर एवं 7 अन्य वाहनों से नियमानुसार चालानी कार्यवाही कर शमन शुल्क 51,000 रूपये वसूल किया गया। साथ ही वाहन चालकों को नियमपूर्वक वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

### आईटीआई में 20 जून तक कर सकते है पंजीयन

**हरदा ।** राज्य शासन द्वज़रा कौशल विकास संचालनालय अंतर्गत हरदा जिले में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, हरदा में एनसीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि में वृद्धि की गई है। प्राचार्य आईटीआई हरदा ने बताया कि अब प्रवेश के इच्छुक अभ्यार्थी इंटरनेट के माध्यम से स्वयं अथवा एमपी ऑनलाईन के अधिकृत सहायता केन्द्रों व एमपी ऑनलाईन के मध्यप्रदेश में स्थित किसी भी कियोस्क से पोर्टल के माध्यम से 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसकी च्वाईस फिलिंग व रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार भी 20 जून तक किया जा सकेगा। शरद मालवीय प्राचार्य आईटीआई हरदा ने बताया कि शासकीय आई.टी.आई में प्रवेश के लिए एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर रजिस्टेशन अनिवार्य हैं, रजिस्ट्रेशन होने के बाद ही च्वाईस फिलिंग की प्रक्रिया होगी। सभी इच्छुक आवेदक अंतिम तिथी 20 जून से पूर्व ही पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराएं।

---

# उत्कृष्ट विद्यालय में कराया गया योगाभ्यास



**सत्ता सुधार ■ हरदा**

आगामी 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिले में योग दिवस प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी यह कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में काउंटडाउन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने योगाभ्यास किया। यह कार्यक्रम आयुष विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुष तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे। सहायक संचालक शिक्षा विभाग बलवंत पटेल ने 21 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के पल प्रति पल कार्यक्रम के बारे में बताया कि यह कार्यक्रम प्रात¬ 6 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें अतिथिगण का आगमन एवं उद्बोधन के पश्चात राष्ट्रीय मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात¬ 7 से 7¬45 तक सामान्य योग अभ्यास किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस ह्यस्वयं एवं समाज के लिए योगह्न थीम पर आधारित होगा।

## मानव श्रृंखला बना कर और रैली निकालकर जल संरक्षण की अपील की

**हरदा ।** जल संरक्षण व संवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने 5 से 16 जून तक ह्यजल गंगा संवर्धन अभियानह्न आयोजित किया है, जिसके तहत जल स्रोतों की साफ-सफाई व उनके गहरीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले की ग्राम पंचायत हीरापुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जनसहयोग एवं श्रमदान से तालाब गहरीकरण का कार्य किया गया। इस अवसर पर विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान रैली निकालकर व मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों से जल संरक्षण की अपील की गई।

**जलोदा में प्राचीन बावड़ी का किया गया जीर्णोद्धार :** इसके अलावा ग्राम पंचायत गुल्लास के ग्राम जलोदा में 500 वर्ष पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्धार किया गया। इसके साथ ही ग्राम नीमाचाकला व तजपुरा में नाली सफाई और कायागांव में पुराने कुए का जीर्णोद्धार किया। ग्राम नौसर में नाला विस्तारीकरण का कार्य कराया गया।

### जेल विभाग के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु शारीरिक नापतौल 2 जुलाई को होगा

**हरदा ।** सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों के लिये सफल अभ्यार्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा जिसमें शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा, जेल विभाग स्वयं लेगा। जेल अधीक्षक जिला जेल प्रभात कुमार ने बताया कि प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम, भोपाल में 2 से 7 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। जिसका विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सफल अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट हेतु उपस्थित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 25 मई 2023 से 20 जून, 2023 तक आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च, 2024 को घोषित किया गया है। सहायक जेल अधीक्षक व जेल प्रहरी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा जिन अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण हेतु पात्र पाया गया है, उनका द्वितीय चरण में शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट लिया जाना है। शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट में योग्य पाए जाने वाले अभ्यार्थियों में से मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल अंतिम चयन सूची जारी करेगा।

# नगरीय क्षेत्रों में 15 जुलाई से पौधरोपण अभियान

**सत्ता सुधार ■ हरदा**

प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पौधरोपण को बढ़ावा देने के निर्देश दिये हैं। इस उद्देश्य से नगरीय क्षेत्र में पूरे 2 माह पौधरोपण अभियान चलेगा। शहरी क्षेत्रों में 1 करोड़ 75 लाख पौधों को रोपा जायेगा। राज्य शासन ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग से सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं। सभी जिला कलेक्टर के नेतृत्व में अन्य विभागों के साथ मिलकर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। वषार्काल में अधिक से अधिक पौधरोपण करने के निर्देश दिये गये हैं। नगर निगम इंदौर एवं भोपाल में 15-15 लाख, नगर निगम ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन में 10-10 लाख और शेष 11 नगर निगम में 5-5 लाख पौधे रोपे जायेंगे। इसी प्रकार 1 लाख एवं इससे अधिक जनसंख्या की 17 नगर पालिकाओं में 1-1 लाख, 1 लाख से कम जनसंख्या की 82 नगर पालिका में 15-15 हजार और 298 नगर परिषद में 10-10 हजार पौधे लगाये जायेंगे। नगरीय निकायों द्वारा पौधरोपण का कार्य नगरीय निकाय की स्वयं की हरित क्षेत्र के लिये आरक्षित भूमि, अन्य शासकीय भूमि तथा निजी कॉलोनियों में हरित क्षेत्र के लिये आरक्षित भूमि में किया जाएगा। निजी कॉलोनियों में पौधरोपण जन-सहयोग से होगा। निकाय द्वारा पौधों की आपूर्ति नगरीय निकाय एवं वन विभाग की नर्सरी तथा स्थानीय रूप से उपलब्ध पौधों से की जायेगी। अभियान में छायादार और औषधीय प्रजाति के पौधों का चयन करने को कहा गया है। सजावटी एवं हेज प्लांट का उपयोग नहीं होगा। निकायों द्वारा किये जाने वाले पौधरोपण की सुरक्षा का उचित प्रबंध करने को भी कहा गया है। निश्चित अंतराल एवं आवश्यकतानुसार पानी देने की व्यवस्था के भी निर्देश हैं। पौधों की निगरानी एवं रख-रखाव में निकाय द्वारा गैर सरकारी संस्थाओं और आम नागरिकों से सहयोग लेने की अपेक्षा की गई है।

### हरित क्षेत्रों का विकास कार्य प्रचलित

पौधरोपण कार्य वन, उद्यानिकी तथा नगरीय निकाय के स्वयं की उद्यानिकी शाखा के तकनीकी मार्ग दर्शन में किया जायेगा। अभियान में स्मृति वन, नक्षत्र वन, संस्कृति वन विकसित करने को प्रोत्साहित करने को कहा गया है। निकायों द्वारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा सांइन्टिफिक लैंडफिल परिसर में पौधरोपण का कार्य अनिवार्य रूप से करने को कहा गया है। साथ ही जन-अभियान परिषद, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्व-सहायता समूह, एनएसएस, एससीसी तथा स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों को भी इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिये गये हैं। वर्तमान में नगरीय निकायों में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत हरित क्षेत्रों का विकास कार्य प्रचलित है। पौधरोपण अभियान में वित्तीय व्यवस्था अमृत 2.0 योजना अंतर्गत उपलब्ध राशि, नगरीय निकाय में उपलब्ध स्वयं के स्त्रोत से तथा जन-सहयोग से की जायेगी। इसके अलावा भी प्रति वर्ष नगरीय निकायों द्वारा वषार्काल पौधरोपण का कार्य किया जाता है।

## खंडवा विधायक कंचन तनवे ने सादगी के साथ धार्मिक सामाजिक सेवा प्रसंगो के बीच मनाया अपना जन्म दिवस

**सत्ता सुधार ■ खंडवा**

खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने अपना जन्मदिवस सादगी एवं धार्मिक एवं सामाजिक प्रसंग के बीच पूजा अर्चना एवं सेवा कर मनाया, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष और उसके बाद विधायक तक का सफर करने वाली खंडवा विधान सभा की लोकप्रिय विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे ने अपने जन्म दिवस के दिन सुबह प्रतिदिन की तरह सबसे पहले दादाजी महाराज की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर दिन की शुरुवात की, क्षेत्र की जनता का असीम स्नेह स्वरूप क्षेत्र ने अनेकों स्थानों पर जन्म दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए , विधायक जी द्वारा केक काट कर जन्म दिवस मानने की पाश्चात्य संस्कृति को नकारते हुवे, पौधा रोपण कर मनाया और सभी को प्रेरित भी किया की पौधे लगाए उसके साथ सेल्फी ले और उसकी सुरक्षा पालन पोषण का प्रण ले, यही मेरे लिए आप की भेंट उपहार है, जन्म दिन के अवसर पर जिम खाना क्रिकेट ग्राउंड पर प्रशिक्षु नन्हे खिलाड़ियों के बीच उपस्थित हो कर जन्म दिवस मनाया, बच्चो को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कर शुभकामनाएं दी, पश्चात सराफा स्तिथ गणेश मंदिर व जैन मंदिर में पूजा अर्चना की, बाबा साहेब आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिला अस्पताल पहुंच कर मरीजों से भेंट कर स्वास्थ्य की जानकारी ली एव फल फरूट वितरण किए, लायंस क्लब में उपस्थित हो मरीजों एवं मरीज के परिजनों को भोजन करवाया , लायंस क्लब द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया, गुरुद्वारे में पहुंच कर श्री गुरुनानक देव जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया, भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यक्रताओ द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर जन्म दिवस मनाया, माणिक्य वाचनालय मे विद्यार्थियों के मध्य उपस्थित हो कर चर्चा की शुभकामनाएं दी, निज निवास पर विधायक श्रीमती तनवे द्वार स्वयं एवं उनके सहयोगी जनों द्वारा जन्म दिवस के अवसर पर रक्त दान किया गया, सिंहाडा में भी कार्यकर्ताओ द्वारा जन्म दिवस मनाया गया, जावर सीएम राइस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्वनिर्मित बुके भेंट कर पौधारोपण कर जन्म दिवस मनाया, कवेश्वर में 40 पौधे लगाकर श्री गिरी जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया।

### पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**हरदा ।** राज्य शासन ने राज्य में पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं इसके घटक के रूप में शासकीय भवनों में सौर संयंत्रों की स्थापना के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन कलेक्टर की अध्यक्षता में किया है। समिति मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अधीक्षण यंत्री, विदुयत वितरण कंपनी लिमिटेड, जिला लीड प्रबंधक, जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी, एवं अध्यक्ष द्वारा नामित विषय-विशेषज्ञ सदस्य होंगे। समिति द्वारा योजना के सभी घटकों के अंतर्गत प्रगति की नियमित समीक्षा की जायेगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच आवश्यक समन्वय बनाना, सभी सरकारी भवनों को रूफटॉप सोलर से संतृप्त करने की कार्य योजना तैयार करना। सरकारी भवनों में रूफटॉप सोलर की स्थापना की स्थिति की समीक्षा करना और मिशन मोड में सभी सरकारी भवनों की संतृप्ति के लिए कार्य योजना के कार्यान्वयन की निगरानी और पर्यवेक्षण करना।

# होटल व रेस्टोरेन्ट्स से खाद्य पदार्थों के नमूने लिये

**हरदा ।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के दल ने शुक्रवार को हरदा शहर खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिये। इस दौरान हरदा शहर के माँ रेवा रेस्टोरेन्ट व न्यू कान्हा रेस्टोरेन्ट से पोहा, जलेबी, समोसा व गुंजिया के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरदा राजेन्द्र कांबले ने बताया कि सभी सैम्पल खाद्य परीक्षण प्रयोग शाला भेजे जायेंगे तथा रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेंगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती ज्योति बंसल भी उपस्थित थी।



**प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिये-** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के दल ने शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिये। इस दौरान अकील खान डेरी से मिल्क सेंपल, सांई बाबा डेरी से दही, कलश इंटरप्राइजेस से सोया तेल तथा शिवा किराना से हल्दी, मैदा व सुपारी, मूंगफली दाने के सैम्पल लिये। श्री कांबले खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरदा ने बताया कि सभी सैम्पल खाद्य परीक्षण प्रयोग शाला भेजे जायेंगे तथा रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेंगी।

---

**धर्मकथा** शिव भक्ति का प्रताप : दो बच्चों के चले जाने के बाद एक साथ तीन बच्चों से भर दी गोद

# परिवार में खुशहाली चाहिए तो अपने बच्चों को धर्म और संस्कृति से संस्कारित करें : पं. मिश्रा

### बच्चों को लेकर कथा में पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद लेने पहुंचे माता-पिता

**सत्ता सुधार ■ खंडवा**

शिव औघड़ दानी है। शिव सब की सुनता है, सबकी रक्षा करता है। सारी समस्या का हल शिव की भक्ति है। दुख की घड़ी में शिव को याद करो सारे संकट दूर हो जाएंगे। ओंकारेश्वर की कथा पंडित मिश्रा नहीं सुना रहे बल्कि भगवान शंकर खुद कथा कर रहे हैं और सुन भी रहे हैं। परमात्मा ने जिस रूप में आपको भेजा है इस रूप से आपकी परवरिश होगी, सब जगह से हार जाओ तो कुबेश्वर धाम दर्शन कर लिए के आ जाना। रुद्राक्ष की प्रसादी पाना सारे संकट दूर हो जाएंगे। सारी बीमारी, सारी समस्या हल हो जाएगी। उक्त उद्गार थापना में चल रही शिवमहापुराण के छटवें दिन पंडित प्रदीप मिश्रा ने व्यक्त करते हुए कहा कि आज के इस आधुनिक युग में हमें हमारे बच्चों, हमारी युवा पीढ़ी को स्कूली शिक्षा के



साथ धर्म और संस्कृति की शिक्षा अवश्य देना है, ताकि हमारे बच्चे परिवार के साथ देश के विकास में भी अग्रणी हो सके। अच्छे संस्कार कोई साधारण कार्य नहीं, और एक बात अपने स्मरण में रखिएगा बेटे को डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर, एसपी, कमिश्नर, एसडीएम बनाओ, तुम्हारी मर्जी पड़े तुम बेटे को चाहे जो बनाओ। अपने बच्चों को प्रयास करना सबसे पहले धर्म और संस्कृति के संस्कार से संस्कारित करें। यदि हम अच्छे संस्कारित हैं तो हमारे बच्चे भी संस्कारित होंगे। हमारे बच्चे संस्कारित होंगे तो पूरे परिवार का माहौल अच्छा होगा। घर में खुशहाली रहेगी। घर स्वर्ग बन जाएगा। यदि बच्चे बुरे कर्म में लग गए तो परिवार नरक के समान हो जाएगा। बच्चों को धर्म और संस्कृति के साथ भगवान शिव और भगवान गणेश की भक्ति और पूजा भी आवश्यक है।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पूरे देश ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिव की भक्ति का अलख जगाने वाले पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा इन दिनों भगवान ओंकारेश्वर की नगरी थापना में चल रही है। भगवान भोले को एक लोटा जल सारी समस्या का हल, बोल बम का नारा है भोला बाबा शिव हमारा है की भक्ति के माध्यम से पंडित मिश्रा द्वारा श्रद्धालुओं को शिव की महिमा बताई जा रही है। शिव भक्ति की महिमा का गुणगान श्रद्धालुओं को कथा के माध्यम से कराया जा रहा है। बड़े हर्ष का विषय है कि पंडित मिश्रा की कथा सुनकर श्रद्धालु शिव भक्ति में लीन हो रहे हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो रही है। कथा के माध्यम से शिव की पूजा करते हुए हजारों की संख्या में बड़ी से बड़ी बीमारी के मरीज एवं अन्य समस्याओं से पीड़ित लोगों का जीवन खुशहाल हुआ है। यह स्वयं हम कथा मंच पर उन परिवारों की उपस्थिति को समझकर कर सकते हैं। शिव भक्ति का इससे अच्छा चमत्कार और कोई नहीं हो सकता की अंजूश्री सचिन वर्मा जिनके दो बालक हुए थे लेकिन गंभीर बीमारी के चलते हुए नहीं रहे, डॉक्टर ने मना कर दिया था कि अब बच्चे नहीं होंगे लेकिन वे पंडित मिश्रा के बताएं शिव भक्ति के मार्ग पर चले और भोले बाबा ने कृपा कर एक नहीं तीन बच्चे एक साथ उनकी झोली में डाल दिए। आज वह परिवार स्वयं कथा मंच पर पहुंचा और तीनों बच्चे खुशी, सत्यम, शिवम को पंडित की गोदी में बिठाया। ऐसे कई चमत्कार हम देख सकते हैं।

## खेल विभाग के पुरस्कारों के लिये 31 जुलाई तक करें आवेदन

**हरदा ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा म.प्र. खेल पुरस्कार-2024 अंतर्गत एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफ-टाइम एचीवमेंट पुरस्कार के लिये ऑनलाइन आवेदन 15 जून से 31 जुलाई, 2024 तक आमंत्रित किये जा रहे हैं। खेल और युवा कल्याण के नवीन पुरस्कार नियम-2021 के अनुसार विगत 5 वर्षो 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2024 में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। वायु आधारित खेल के लिये भी विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार के लिये आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। पुरस्कार के लिये पात्रता, पुरस्कार राशि एवं अन्य शर्तें विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आवेदन विभागीय वेबसाइट पर दी गई लिंक अथवा प्ले-स्टोर से खेल और युवा कल्याण के एप डाउनलोड करके भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद पंजीयन क्रमांक अंकित आवेदन की प्रति के साथ खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेख की छायाप्रति संबंधित जिले के जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय या फिर संचालनालय खेल और युवा कल्याण, टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में 31 जुलाई, 2024 तक जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्र खेल पुरस्कार के लिये मान्य नहीं किये जायेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपया डॉलर के मुकाबले स्थिर खुला

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के बीच रुपया शुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले स्थिर खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.54 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.52 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.54 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.29 पर रहा।

### मर्सिडीज बेंज महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ निवेश करेगीः मंत्री

**मुंबई।** जर्मनी की कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज बेंज महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने यह जानकारी दी। सामंत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि जर्मनी की यात्रा के दौरान उन्होंने मर्सिडीज बेंज के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और राज्य में निवेश अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मर्सिडीज बेंज इस साल महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे राज्य में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। इससे विधानसभा चुनावों में शिवसेना-भाजपा-राकांपा सरकार को मजबूती मिल सकती है।

### सिंगापुर की जीआईसी ने आईआरबी इन्फ्रा ट्रस्ट में शेयर बेचे

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के सॉवरेन संपदा कोष जीआईसी ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिये आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट के शेयर 5,884 करोड़ रुपये में बेच दिए। जीआईसी ने अपने सहयोगियों के माध्यम से आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट के शेयरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर बेचा। एनएसई पर उपलब्ध सौदे के आंकड़ों के अनुसार अनाहेरा ने आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट के 20.42 करोड़ शेयर बेचे और डेगनहम ने कंपनी के 4.90 करोड़ शेयर बेचे। स्ट्रेटफोर्ड एंड ने भी मुंबई स्थित आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट के 1.40 करोड़ शेयर बेच दिए। जीआईसी की तीनों संस्थाओं द्वारा कुल 26.72 करोड़ शेयर बेचे गए।

### भेल को अडाणी पावर से 7,000 करोड़ के ठेके मिले

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल को अडाणी पावर से 7,000 करोड़ रुपये के दो बिजली संयंत्रों के ठेके प्राप्त हुए हैं। भेल ने एक बयान में कहा कि पहला ठेका छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में स्थापित किए जा रहे रायपुर सुपरर्टिकल थर्मल पावर प्लांट का अडाणी पावर लिमिटेड से मिला है। बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में स्थापित किए जा रहे मिर्जापुर सुपरर्टिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए दूसरा ठेका एमटीईयूपीपीएल से मिला हे। भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भारत का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग व विनिर्माण उद्यम है। यह ऊर्जा, उद्योग और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में काम करता है।

## टाटा कंज्यूमर का एफएमसीजी कंपनी बनने का लक्ष्य

एजेंसी ■ नई दिल्ली




टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) एक पूर्ण एफएमसीजी कंपनी बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। कंपनी की योजना नई श्रेणियों में उतरने की है और उसने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने पूंजीगत व्यय को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 785 करोड़ रुपए कर दिया है। इसका एक प्रमुख हिस्सा वियतनाम में एक नए संयंत्र पर खर्च किया जाएगा। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के सवालों के जवाब देते हुए अधिकारी ने कहा कि कंपनी वित्तीय व्यवहार्यता और वृद्धि के अवसरों को देखते हुए अधिग्रहण पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर कंपनी ध्यान केंद्रित करना चाहती है और अधिक उत्पाद पेश करना चाहती है। यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी केवल पेय और खाद्य पदार्थों पर ही ध्यान केंद्रित करेगी या यह पूर्ण रूप से एफएमसीजी कंपनी बनेगी, उन्होंने कहा कि योजना पूर्ण रूप से एफएमसीजी कंपनी बनने की है। कंपनी हमेशा ही ऐसे अवसर तलाशती रहती है। टीसीपीएल ने पिछले वित्त वर्ष में लगभग 7,000 करोड़ रुपए में दो कंपनियों- कैपिटल फूड्स और ऑर्गेनिक इंडिया का अधिग्रहण किया था।

### स्टेनली लाइफस्टाइल्स का आईपीओ 21 जून को खुलेगा

**नई दिल्ली।** लक्जरी फर्नीचर ब्रांड स्टेनली लाइफस्टाइल्स की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 537 करोड़ रुपये जुटाने की है। स्टेनली लाइफस्टाइल्स के अनुसार कंपनी का आईपीओ 21 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा। एंकर निवेशक 20 जून को बोली लगा पाएंगे। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 351-369 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ में 200 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर और कंपनी के प्रवर्तकों तथा अन्य शेयरधारकों द्वारा 91.33 लाख शेयर की बिक्री पेशकश शामिल है। बेंगलुरु स्थित स्टेनली लाइफस्टाइल एक लक्जरी फर्नीचर ब्रांड है। यह अपने कई ब्रांड के जरिए सुपर-प्रीमियम, लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी सहित विभिन्न मूल्य श्रेणियों में काम करने वाली कुछ भारतीय कंपनियों में से एक है। कंपनी की बेंगलुरू में दो विनिर्माण सुविधाएं हैं।



बुडापेस्ट में लोग चीनी ब्रैंड फेयर 2024 में एक इलेक्ट्रिक मोटरबाइक को देखते हुए लोग। इसमें 270 से अधिक कंपनियां भाग ले रही हैं।

# विदेश के चार क्रिप्टो एक्सचेंजों ने भारत में कारोबार करने की मांगी अनुमति

### भारत ने इसी साल की शुरुआत में 9 क्रिप्टो एक्सचेंजों पर रोक लगा दी थी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

विदेश के चार एक्सचेंजों ने भारत में कारोबार करने के लिए संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जांच करने वाली राष्ट्रीय एजेंसी फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया (एफआईयू-इंडिया) से अनुमति मांगी है। कूकॉइन और बाइनेंस ने भी ऐसा ही अनुरोध किया है। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि कूकॉइन और बाइनेंस के अलावा हमें भारत में प्रतिबंधित 9 में से 4 अन्य विदेशी एक्सचेंजों से अनुरोध मिले हैं। इस बारे में जानकारी पाने के लिए वित्त मंत्रालय को ईमेल भेजा गया मगर खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया। भारत ने इसी साल की शुरुआत में 9 क्रिप्टो एक्सचेंजों पर रोक लगा दी थी। ये एक्सचेंज बाइनेंस, कूकॉइन, हुओबी, क्रैकेन, गेट डॉट आईओ, बिटस्टैंप, एमईएक्ससी ग्लोबल, बिट्रेक्स और बिटफेनिक्स हैं। एफआईयू-इंडिया ने 34.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के बाद मार्च 2024 में कूकॉइन से प्रतिबंध हटा लिया था। मगर बाइनेंस को अभी राहत नहीं मिली है। अधिकारी ने कहा कि बाइनेंस के लिए



प्रक्रिया अभी चल रही है। हम उम्मीद करते हैं कि वह भी जल्द ही काम शुरू कर देगा। काले धन को सफेद बनाने से रोकने के लिए बने भारतीय कानूनों का उल्लंघन होने पर एफआईयू-इंडिया ने देश में अवैध तरीके से कारोबार कर रहे 9 विदेशी क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यह नोटिस 28 दिसंबर को भेजा गया और उसके बाद उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। फिलहाल देश में क्रिप्टो करेंसी में कारोबार करने वाली 46 पंजीकृत संस्थाएं हैं। कूकॉइन और बाइनेंस के साथ उनकी कुल संख्या बढ़कर 48 हो जाएगी। सितंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) ने देशों के लिए दिशानिर्देश एवं क्रिप्टो परिसंपत्तियों के लिए नियमों की रूपरेखा पेश करने वाला एक सिंथेसिस पेपर प्रकाशित किया था। पेपर में निवेशक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और धन शोधन एवं आतंकवाद को मिल रही वित्तीय सहायता रोकने के उपाय बताए गए थे। अक्टूबर 2023 में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक में आईएमएफ एवं एफएसबी के पेपर में दी गई रूपरेखा स्वीकार कर ली गई। बैठक में इसे साथ मिलकर तेजी से लागू करने का आह्वान भी किया गया। भारत की अध्यक्षता में हुई इसकी अंतिम बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में सदस्य देशों से नीतिगत व्यवस्था लागू करने का अनुरोध किया गया। उसमें जी20 से बाहर दुनिया भर में पहुंचने, वैश्विक स्तर पर तालमेल और सहयोग करने, जानकारी साझा करने और डेटा में खामियां दूर करने की वकालत की गई थी। मगर जिस समय पूरी दुनिया क्रिप्टो परिसंपत्तियों को कानूनी दायरे में ला रही थी, उस समय भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने उन पर प्रतिबंध लगाने का केंद्रीय बैंक का पुराना रुख ही अपनाया।

## हल्की बढ़त के बाद फिसला शेयर बाजार

### सेंसेक्स 150 अंक फिसला, निफ्टी 23,400 पर




एजेंसी ■ मुंबई

वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों की वजह से शुक्रवार के कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत हल्की बढ़त के साथ हुई। बेंचमार्क निफ्टी 50 शुक्रवार सुबह 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 23,464 के स्तर पर नई ऊंचाई पर पहुंच गया, जबकि बीएसई सेंसेक्स 30 अंक की मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा। हालांकि थोड़ी देर में बाजार के प्रमुख इंडेक्स में गिरावट का सिलसिला देखने को मिला। बीएसई सेंसेक्स 202 अंक फिसलकर 76,608 के स्तर पर कारोबार करता दिखा।

वहीं निफ्टी 50 41 अंक गिरकर 23,357 के लेवल पर आ गया। सेंसेक्स पर पावरग्रिड, विप्रो, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील और रिलायंस के शेयरों में हल्की बढ़त देखी गई, जबकि अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति और एचयूएल टॉप लूजर रहे। निफ्टी 50 पर हिंडाल्को, ब्रिटानिया और श्रीराम फाइनेंस टॉप पांच गेनर्स में से थे, जबकि एनटीपीसी और एचसीएल टेक टॉप लूजर्स रहे। शुक्रवार की सुबह व्यापक सूचकांकों ने भी आशावाद बरकरार रखा, मिडकैप सूचकांक 0.26 और स्मॉलकैप सूचकांक 0.23 प्रतिशत से ऊपर बढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार दूसरे ट्रेडिंग सेशन में चढ़कर बंद हुआ। आर्थिक मोर्चे पर रिटेल इन्फ्लेशन के मई में घटने से बाजार चढ़कर बंद हुआ। बता दें कि रिटेल महंगाई मई में घटकर 4.7 फीसदी रह गई, जो 12 महीने में इसका सबसे कम आंकड़ा है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को शानदार तेजी के साथ 77,102.05 अंक पर खुला। हालांकि कारोबार समाप्त होते-होते बाजार ने अपनी बढ़त कुछ गंवा दी और अंत में 204.33 अंक चढ़कर 76,810.90 पर बंद हुआ।

### अंबुजा सीमेंट 10,422 करोड़ में करेगी पेन्ना सीमेंट का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट दक्षिण भारत की पेन्ना सीमेंट कंपनी का अधिग्रहण करने पर विचार कर रही है। कंपनी ने कहा कि वह इसका अधिग्रहण 10,422 करोड़ रुपये उद्यम मूल्य पर करने जा रही है। सितंबर 2022 में सीमेंट कारोबार में उतरने के बाद से समूह का इस उद्योग में तीसरा अधिग्रहण है। अंबुजा सीमेंट ने सौदे के लिए पेन्ना सीमेंट के साथ बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। वह पेन्ना सीमेंट के प्रवर्तकों पी प्रताप रेड्डी और उनके परिवार से कंपनी में 100 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी। अंबुजा सीमेंट ने कहा कि इस सौदे से उसकी कुल उत्पादन क्षमता 1.4 करोड़ टन सालाना बढ़ जाएगी और अदाणी समूह के सीमेंट कारोबार की कुल क्षमता 8.9 करोड़ टन सालाना हो जाएगी। सौदा 3 से चार महीने में पूरा होने की उम्मीद है। पेन्ना सीमेंट 2019 ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने का प्रयास किया था मगर नाकाम रही।

## स्टारलिंक इंटरनेट सेवा अब दो सौ देशों तक पहुंच जाएगी : एलन मस्क

एजेंसी ■ नई दिल्ली




सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक अभी 100 देशों में दी जा रही है। आने वाले दिनों सौ और देशों में यह सेवा शुरु हो जाएगी। इस तरह कुल दो सौ देशों को इसका लाभ मिलने लगेगा। स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्टारलिंक अब 100 देशों में उपलब्ध है। अफ्रीका का सिएरा लियोन इस सूची में शामिल होने वाला 100वां देश बन गया है। यह स्टारलिंक से जुड़ने वाला 10वां अफ्रीकी देश है। स्टारलिंक ने एक्स पर शेयर किया, यह दुनिया भर में 100वां बाजार है जहां स्टारलिंक का हाई-स्पीड लो-लेटेंसी इंटरनेट उपलब्ध है। सिएरा लियोन के राष्ट्रीय संचार प्राधिकरण ने 2023 में शुरू होने वाले लगभग एक वर्ष के तकनीकी मूल्यांकन के बाद स्टारलिंक के लाइसेंस को मंजूरी दे दी। चीफ मिनिस्टर डेविड मोइनिना सेंगेह ने कथित तौर पर इसे यूनिवर्सल कनेक्टिविटी और शैक्षिक परिवर्तन के सरकार के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। पिछले सप्ताह कंपनी को श्रीलंका से उपग्रह सेवा शुरू करने की मंजूरी दे दी गई थी। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि यह शुरुआत हमारी कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा और विशेष रूप से हमारे युवाओं के लिए नए रास्ते खोलेगा। मई में मस्क ने इंडोनेशिया और फिजी में स्टारलिंक लॉन्च किया था। मस्क के अनुसार, स्टारलिंक के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा का ऑर्डर देने के लिए किसी लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रैक्ट की आवश्यकता नहीं है। मस्क ने कहा, इससे 2 मिनट में ऑनलाइन ऑर्डर करना आसान है। इससे पहले टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क कहा था कि उनका अपना एक्स फोन भी एक संभावित साझेदार के रूप में सैमसंग के साथ आने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आईफोन और अन्य एप्पल डिवाइस में चैटजीपीटी के इंटीग्रेशन की भी आलोचना की थी।

### देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** सरकारी तेल कंपनियां प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल का नए भाव जारी करती है। तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल–डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में फ्यूल की कीमतों में गिरावट हुई तो वहीं देश के कई राज्यों में पेट्रोल–डीजल महंगा हो गया। इसी के साथ देश के चार प्रमुख महानगरों को छोड़कर ज्यादातर शहरों में ईंधन के दाम बदल गए। यूपी में पेट्रोल 71 पैसे चढ़कर 96.06 और डीजल 69 पैसे महंगा होकर 89.21 रुपये लीटर हो गया है जबकि राजस्थान पेट्रोल और डीजल के दाम 17–17 पैसे चढ़कर 106.29 और 91.63 रुपये लीटर हो गए हैं। महाराष्ट्र के जलगांव में पेट्रोल 105.56 और डीजल 92.04 रुपये लीटर हो गया है। वहीं बिहार में पेट्रोल–डीजल सस्ता हो गया है। बिहार में पेट्रोल 18 पैसे घटकर 107.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 17 पैसे घटकर 93.84 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर।

## रियलमी नारजो 70एक्स का नया वेरिएंट लॉन्च, कीमत 12,999 रुपए

### 8जीबी रैम+128जीबी स्टोरेज व 50एमपी डुअल कैमरा भी

एजेंसी ■ नई दिल्ली



रियलमी नारजो 70एक्स अप्रैल में 6जीबी रैम के साथ भारत में लॉन्च किया गया था। अब इस स्मार्टफोन का एक नया वर्जन 8जीबी रैम वेरिएंट पेश किया गया है। इसमें 120मेगाहार्ज रिफ्रेश रेट डिस्प्ले, मीडिया टेक डीमेनसिटी 6100+ प्रोसेसर, 50एमपी डुअल कैमरा सेटअप और 5000मेगाहार्ज की बैटरी लगाई गई है। नए 8जीबी+128जीबी वेरिएंट की कीमत 14,999 रुपए तय की गई है। इसमें लिमिटेड टाइम के लिए ग्राहक को दो हजार रुपए तक का कूपन अप्लाई करने की सुविधा भी दी गई है। इससे कीमत 12,999 रुपये हो जाएगी। ग्राहक इस फोन को अमेजन ये या कंपनी की ऑफिशियल साइट से ग्रीन और ब्लू कलर ऑप्शन में खरीद सकते हैं। रियलमी नारजो 70एक्स को पहले 4जीबी+128जीबी और 6जीबी+128जीबी वेरिएंट्स में उतारा गया था। इसकी कीमतें 11,999 रुपए और 13,499 रुपए रखी गई थीं।

इस फोन में 950 नीटस पीक ब्राइटनेस के साथ 6.72-इंच एफएचडी+120मेगाहार्ज एमोलिड डिस्प्ले मिलता है। फोन में 8जीबी रैम और 128जीबी स्टोरेज के साथ मीडिया टेक डीमेनसिटी 6100+ प्रोसेसर आता है। फोटोग्राफी के लिए फोन के रियर में 50एमपी प्राइमरी कैमरा और 2एमपी सेकेंडरी कैमरा मिलता है। सेल्फी के लिए 8एमपी का कैमरा भी दिया गया है। इसकी बैटरी 5000मेगाहार्ज की है और इसमें 45वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट भी दिया गया है। ये फोन एंड्रॉयड 14 बेस्ड यूआई5.0 पर चलता है।

### लॉन्चिंग से पहले ही हैंडसेट के मेजर स्पेसिफिकेशन्स सामने आए

# भारत में मोटोरोला एग्ज 50 अल्ट्रा जल्द होगा लॉन्च

एजेंसी ■ नई दिल्ली




भारत में मोटोरोला एग्ज 50 अल्ट्रा को जल्द लॉन्च होने वाला है। फोन को फ्लैगशिप सीरीज में टॉप-एंड मॉडल के तौर पर उतारा जाएगा। फिलहाल फोन की लॉन्चिंग से पहले ही हैंडसेट के मेजर स्पेसिफिकेशन्स सामने आ गए हैं। इसके लिए फ्लिपकार्ट पर माइक्रोसाइट भी बनाई गई है। इस फोन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड फीचर्स भी मिलेंगे। एक्स पर किए गए एक पोस्ट में मोटोरोला इंडिया ने ये घोषणा की है कि ये अपकमिंग फोन 18 जून को लॉन्च होगा। फोन की लॉन्चिंग से पहले मोटोरोला एग्ज 50 अल्ट्रा के लिए फ्लिपकार्ट पर एक माइक्रोसाइट भी क्रिएट किया गया है।

माइक्रोसाइट के मुताबिक इस स्मार्टफोन में 1.5के रेजोल्यूशन और 144 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ 6.7-इंच पीओलेड डिस्प्ले मिलेगा। दावे के मुताबिक स्क्रीन की पीक ब्राइटनेस 2500 नीटस होगी। मोटोरोला के मुताबिक एग्ज 50 अल्ट्रा में इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट स्कैनर होगा और इसमें गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन भी दिया जाएगा। इसमें आईपी68 डस्ट और वाटर रेजिस्टेंस भी होगा। कंपनी ने जानकारी दी है कि फोन के साथ तीन साल के लिए ओएस अपग्रेड्स और चार साल तक सिक्योरिटी अपडेट्स मिलेंगे। इसके अलावा फोन में 125वॉट वायर्ड फास्ट चार्जिंग और 50वॉट वायरलेस फास्ट चार्जिंग का भी सपोर्ट मिलेगा। फोटोग्राफी के लिए फोन के रियर में 50एमपी प्राइमरी कैमरा, 50एमपी अल्ट्रा-वाइड एंगल कैमरा और 64एमपी टेलीफोटो कैमरा मिलेगा।

सेल्फी के लिए फ्रंट में 50एमपी कैमरा भी होगा। इसके ग्लोबल वेरिएंट की कीमत लगभग 89,000 रुपये रखी गई थी।कंपनी ने लॉन्च से पहले कंफर्म कर दिया है कि ये फोन स्नैपड्रेगन 8एस जेन 3 प्रोसेसर के साथ आएगा। साथ ही इसमें मोटो एआई का भी सपोर्ट मिलेगा। एआई फीचर्स में मैजिक केनवास भी शामिल होगा। इससे टेक्स्ट प्रॉम्प्ट्स के जरिए यूजर्स एआई इमेज जनरेट कर सकेंगे। मोटोरोला एग्ज 50 अल्ट्रा में 12जीबी रैम और 51जीबी स्टोरेज मिलेगा। हालांकि, ग्लोबल वेरिएंट में 16जीबी रैम दिया गया था।

## सोने का भाव 71,200, चांदी 88,200 रुपए



**नई दिल्ली।** देश के सराफा बाजारों में सोने और चांदी के वायदा कारोबार में शुक्रवार को तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 71,200 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में भी तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 125 रुपये की तेजी के साथ 71,263 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 84 रुपये की तेजी के साथ 71,222 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 258 रुपये की तेजी के साथ 88,241 रुपये पर खुला। इस समय यह 234 रुपये की तेजी के साथ 88,217 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। चांदी के वायदा भाव सुस्त शुरुआत के बाद सुधर गए। कॉमेक्स पर सोना 2,319.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,318 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.50 डॉलर की तेजी के साथ 2,323.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.03 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.06 डॉलर था। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह 0.06 डॉलर की तेजी के साथ 29.12 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# डेढ़ वर्ष पुराने अंधे कत्ल का खुलासा, मृतिका का प्रेमी व पत्नी व बेटा गिरफ्तार

## सीमा शादी के लिए बना रही थी दबाव, प्रेमी की कर दी थी चप्पल से पिटाई, इसलिए लिया बदला



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के माता बसैया थाना अंतर्गत कुतवार डैम के पास डेढ़ वर्ष पूर्व झाड़ियां से एक 26 वर्षीय अज्ञात महिला की लाश पुलिस द्वारा बरामद की गई, जो ग्वालियर की सीमा खान की निकली। पुलिस ने इस मामले में कड़ी मशक्कत के बाद अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए उसके प्रेमी, पत्नी व बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद ठाकुर ने शुक्रवार को बताया कि कुतवार डैम की झाड़ियो में 1 नवंबर 2022 को 26 वर्षीय अज्ञात महिला की लाश बरामद हुई थी, जिसकी पहचान काफी मशक्कत के बाद सीमा खान पत्नी अनवर उर्फ पप्पन खॉन उम्र 28 वर्ष निवासी स्टॉन पार्क के पास पुरानी छावनी ग्वालियर के रूप में की गई थी। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर माता वसैया थाना प्रभारी जयपाल सिंह गुर्जर ने अपनी टीम के साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर उसके मायके वालों तक पहुंची। पुलिस द्वारा मृतिका सीमा खॉन के परिजन माँ करीमन खॉन, भाई वकील एवं आसीन खॉन से शिनाख्तगी कराई एवं पूछताछ की गई तो परिजनों द्वारा बताया कि मृतिका सीमा खॉन अपने पति पप्पन खॉन को छोड़कर स्टॉन पार्क पुरानी छावनी ग्वालियर निवासी हामिद उर्फ मुन्ना खान पुत्र मजहर अली खान 48 वर्ष के साथ रहने लगी थी, फिर कुछ समय बाद मृतिका द्वारा उससे शादी की बोलने पर उसने शादी करने से मना कर दिया एवं लडाई झगड़ा कर मृतिका की मारपीट की। मृतिका के परिजनों द्वारा उक्त व्यक्ति पर किसी के साथ मिलकर सीमा खॉन की हत्या करने का संदेह व्यक्त किया गया। परिजनों द्वारा संदेह व्यक्त किए जाने के पश्चात पुलिस द्वारा आरोपी की कई जगह तलाश की गई। थाना प्रभारी जयपाल सिंह को शुक्रवार को सूचना मिली कि आरोपी हामिद उर्फ मुन्ना वर्तमान में श्रीराम कॉलोनी सविता का पुरा मुरैना में किराये के मकान में रह रहा है एवं वहां से भी मकान खाली कर कहीं और जाने की फिराख में है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो वह भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी हामिद उर्फ मुन्ना ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि सीमा खान से उसके अवैध संबंध थे। इसी के चलते मृतिका सीमा खाँन मुझसे शादी करने के लिये दबाब बनाती थी, जिसको लेकर मैने कई बार उसकी मारपीट की थी, फिर 31 अक्टूबर 2022 से चार से पांच दिन पहले मृतिका सीमा खॉन मेरे घर पर आयी और मेरी पत्नी लड़के एवं मौहल्ले वालों के सामने मुझसे गाली-गलौज कर मुझमें चप्पलें मार कर मेरी बैज्जती की। बेइज्जती के कारण उसने अपनी पत्नी एवं अपने लड़के के साथ मिलकर बदला लेने व मृतिका सीमा खाँन से छुटकारा पाने के लिये उसे जान से मारने की योजना बनाई। 31 अक्टूबर 2022 को ही आरोपी हमिद, सीमा खाँन को ग्वालियर से कुतवार डैम पर लाया, जहाँ पहले से ही फोन करके अपनी पत्नी एवं लड़के को बुला लिया था स शाम करीबन 07 बजे से 7:30 के बीच मैने अपनी पत्नी एवं लडके के साथ मिलकर मृतिका सीमा खाँन की मारपीट की व पत्नी के दुपट्टा से उसका गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी और उसके शव को छिपाने के उद्देश्य से वहीं डैम की पार के बगल से झाडियों में फे ंक दिया। पुलिस ने आरोपी प्रेमी हामिद एवं उसकी पत्नी शबनम 40 वर्ष एवं पुत्र इमरान 22 वर्ष निवासी इंदिरा नगर स्टोन पार्क के पास ग्वालियर को गिरफ्तार कर लिया है और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

## समय पर वेतन न मिलने से नाराज निगम कर्मचारी हड़ताल पर बैठे



सत्ता सुधार ■ मुरैना

नगर पालिक निगम मुरैना के कर्मचारी शुक्रवार को पूरे दिन हड़ताल पर रहे। उन्होंने निगम अधिकारियों से समय सीमा में वेतन देने की मांग की साथ ही अन्य मांगे भी शामिल हैं।

हड़ताल पर बैठे निगम कर्मचारियों ने बताया कि वेतन से प्रतिमाह कटौत्रा की जाने वाली जी.पी.एफ., एन.पी.एस., ई.पी.एफ. राशि हम समस्त कर्मचारियों के खातों में प्रतिमाह जमा नहीं की जा रही है। उक्त राशि विगत एक वर्ष से जमा नही की जा रही है, जिससे समस्त कर्मचारियों को ब्याज राशि का नुकसान हो रहा है। साथ ही आवश्यकता होने से उक्त निधि से आंशिक अंतिम विकर्षण (पार्ट फायनल) जैसी सुविधा प्राप्त नही हो पा रही है। इस संबध में आयुक्त को कई बार समक्ष में उपस्थित होकर अवगत कराया जा चुका है किन्तु उनके द्वारा इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई। साथ ही ऐसे कर्मचारी जिनकी मृत्यु हो चुकी है तथा जो सेवानिवृत्त हो चुके है, उनके स्वत्वों का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। समस्त कर्मचारी ने निगम अधिकारियों को चेतावनी दी है कि समस्त राशियों को 3 दिवस के भीतर जमा कराया जावे, अन्यथा की स्थिति समस्त कर्मचारियों द्वारा कार्यालय के किसी भी कार्य का सम्पादन नहीं किया जावेगा।

## आज आयेंगे केंद्रीय मंत्री सिंधिया, अनेकों कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत



सत्ता सुधार ■ मुरैना

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एक दिवसीय प्रवास पर शनिवार की सुबह ग्वालियर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां पर भाजपा नेता उनकी अगवानी करेंगे। यह जानकारी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी कैलाशचंद्र मित्तल ने देते हुए बताया कि श्री सिंधिया दिल्ली से दोपहर 12:00 बजे ग्वालियर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां भाजपा नेताओं द्वारा उनकी अगवानी की जाएगी। इसके बाद श्री सिंधिया 2:45 बजे गौरखी मंदिर दर्शन करेंगे। श्री सिंधिया 3:20 जवाहर कॉलोनी 3:45 बजे खेड़ापति कॉलोनी, द्वारिकापुरी लश्कर पर निजी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 4:00 बजे छतरी लश्कर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वह 4:40 बजे सागर ताल लोकल कार्यक्रम में भाग लेंगे। 5:28 बजे शंकरपुर न्यू क्रिकेट स्टेडियम में एमपीसीए स्टेडियम के इनॉगरेशन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 7:55 बजे वह किला गेट पहुंचेंगे तथा 8:15 बजे निज निवास जय विलास पैलेस पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

## धोखाधड़ी कर अकाउंट खुलवाए, लाडली बहन के रुपए फिनो बैंक में कराऐ ट्रांसफर



सत्ता सुधार ■ मुरैना

कोतवाली क्षेत्र के बनखंडी रोड पर सेंट जॉन्स स्कूल दीक्षित वाली गली में सीखो-कमाओ योजना के तहत सिलाई सीखने के नाम पर महिलाओं को बुलाया गया और बाद में उनके फिंगर प्रिंट लेकर फिनो बैंक में धोखे से खाता खोलकर लाडली बहन योजना के रुपए ट्रांसफर कर लिए गए। धोखाधड़ी का शिकार महिलाओं ने कोतवाली थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। शहर के वार्ड क्रमांक 1 से 35 वार्ड तक की तमाम महिलाओं ने थाना प्रभारी को शिकायत कर बताया कि सिलाई सेंटर को चलाने वाले अनिल शर्मा एवं नीरज शर्मा द्वारा सीखो-कमाओ योजना के तहत उन्हें बुलाया गया और 6 महीने तक उन्हें सिलाई सिखाई गई तथा एग्जाम करने के नाम पर फिंगर प्रिंट ले लिए गए। इसके बाद उनके खाते फिनो बैंक में खोलकर लाडली बहन योजना के रुपए ट्रांसफर कर दिए गए। महिलाओं ने थाना प्रभारी से आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## जौरा रोड पर गड्ढे बने मुसीबत, भूसा की ट्रॉली पलटी, लगा जाम

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत जौरा रोड पर मुख्य मार्ग गहरे गड्ड़ों में तब्दील हो गई है, जिस कारण आए दिन वाहन पलट रहे हैं। शुक्रवार की सुबह भूसा से भरी ट्राली पलटने से मुख्य मार्ग पर एक घंटे तक जाम लग रहा, जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस द्वारा मशक्कत किए जाने के बाद सड़क पर से भूसा हटवाया गया और ट्रॉली को सीधा कराया गया, तब कहीं जाकर जाम खुल पाया और लोगों ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि जौरा रोड पर पानी का निकास न होने के कारण आए दिन पानी भरा रहता है और मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिस कारण आए दिन चार पहिया एवं दोपहिया वाहन चालक इन गड्डों का शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं। नगर निगम द्वारा इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा, जिससे लोगों में आक्रोश पनप रहा है।



## पर्यावरण संरक्षण हेतु अजाक्स द्वारा दिलाई गई शपथ



सत्ता सुधार ■ मुरैना

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स मुरैना द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन व जिला ईकाई के मार्गदर्शन में अजाक्स तहसील इकाई जौरा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से चलाए जा रहे पर्यावरण पखवाड़े के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जौरा पर हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व बीएमओ डॉ हिमांशु शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा अजाक्स तहसील जौरा की अध्यक्ष श्रीमती मीना कुमारी एवं डॉ कुशवेंद्र सिंह सिकरवार, डॉ राजकुमार शाक्य, डॉ किरन शाक्य, डॉ हरिओम मीणा, एसटीएस दिनेश पचौरी, एसटीएलएस रणवीर गोयल, आईसीटीसी के परामर्शदाता संदीप सेंगर, मनीकांत शर्मा, लेव टेक्नीशियन लक्ष्मीनारायण अम्ब, वीरेंद्र सिंह, टीवीएचवी रघुराज शर्मा, फार्मासिस्ट रिंकू सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, एएनएम लाली कुशवाह, किरन शाक्य के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दौलत खान, बीरू सिंह ,हरवीर अर्गल, सोनू मोर्य, अमित मोर्य आदि लोग के द्वारा हस्ताक्षर कर पर्यावरण बचाने एवं धरती को हरा-भरा रखने हेतु वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया गया।



## ब्रीफ न्यूज

### आगामी 19 जून से चर्च मैदान पर खेल मेला

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर अखिल भारतीय फुटबाल एसोसिएशन के निर्देशानुसार इन दिनों शहर के चर्च मैदान पर आगामी 19 जून से होने वाली बेबी लीग फुटबाल खेल मेला का आयोजन किया जाना है। इसके तहत बड़ी संख्या में फुटबाल टीम यहां पर खेली नजर आएगी। वहीं गुरुवार को दो मैच खेले गए थे। गुरुवार की शाम को पहला मैच सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर क्लब के मध्य खेला गया, इस मैच में सीहोर क्लब की टीम 2-0 से विजय रही। इसमें सीहोर क्लब की ओर से अक्षत ने दो गोल किए थे। यह मुकाबला एक तरफा रहा। इसमें अक्षत ने शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा एक अन्य मैच सीहोर मिनी बाइज और सीहोर ब्लू के मध्य खेला गया। इस मैच में सीहोर मिनी बाइज की ओर से चित्रांश, कुशल और हिमांशु परमार ने एक-एक गोल किया था।

### बंधक श्रम उन्मूलन के संबंध में आमजन को जागरुक करने के निर्देश

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार बंधक श्रम सतर्कता समिति की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी श्रम पदाधिकारी बलवीर रमन सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में बंधक श्रमिक उन्मूलन अधिनियम, 1976 के बारे में समिति के सदस्यों को बताया गया। साथ ही बंधक श्रम उन्मूलन के लिए अभियान चलाकर आमजन को अधिनियम की जानकारी के संबंध में जागरुक करें। इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 21 जून को रोजगार मेले का आयोजन होगा

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय छतरपुर द्वारा 21 जून को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के छात्रावास परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निम्न पद जैसे ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट आदि पदों पर भर्ती पर कार्यवाही कर जिले के बेरोजगार युवको युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### मत्स्य पालन बड़ामलहरा के लिए 10 वर्षीय पट्टा के लिए आवेदन आमंत्रित

**छतरपुर।** जनपद पंचायत बड़ामलहरा के स्वामित्व के सिंचाई जलाशय को मत्स्य पालन के लिए 10 वर्षीय बरम सागर सिंचाई जलाशय भगवां पट्टा दिए जाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। 2 जुलाई 2024 तक आवेदन निर्धारित दस्तावेज के साथ जनपद कार्यालय बड़ामलहरा में जमा करें। पट्टा के लिए पंजीकृत मछवा, सहकारी समिति एवं स्वसहायता समूह सेआमंत्रित किये गये है। वंशानुगत मछुआ जाति को मत्स्य विकास के अधिकार में प्रथम प्राथमिकता रहेगी। विस्तृत जानकारी जनपद पंचायत बड़ामलहरा कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान : विशाल कलश यात्रा एवं पौधारोपण कार्य हुआ संपन्न

## हर दिन कुछ न कुछ नवाचार कुछ प्रयास, खंडवा रचने चला है एक इतिहास

### जल गंगा संवर्धन अभियान नही अनुभूति है, जो लाएगा प्रकृति को और पास

**खंडवा।** शहर की भूगोल बदलने में जितना हाथ मेहनती निगम लोकप्रतिनिधि, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का है , उतना ही हाथ खंडवा के प्यारे नगर वासियों का भी है और यह बात आज की कलश यात्रा से सिद्ध हो गई जब 37 डिग्री तापमान एवं उमस भरी धूप में महापौर के नेतृत्व में नगर की महिला शक्ति ने कलश यात्रा के जरिए न सिर्फ लोगों को जल संरक्षण के प्रति अपितु पौधारोपण के प्रति भी जागरूक किया।
उनकी ऊर्जा इस प्रकार थी की हिस्सा न लेने वालों ने भी इस अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया , और कलश यात्रा को और गौरवांवित किया। आज की कलश यात्रा नगर निगम से होते हुए केवल राम





पेट्रोल पंप, फुल गाली, कहारवाड़ी होते हुए विठ्ठल मंदिर पर महापौर द्वारा विठ्ठल भगवान की पूजा कर यात्रा का समापन किया गया एवं सभी उपस्थित मातृशक्ति को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई इस कार्यक्रम में महापौर अमृता यादव, अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, आयुक्त नीलेश दुबे , उपायुक्त प्रदीप जैन, उपायुक्त जाकिर जाफरी, भुवन श्रीमाली समेत ब्रह्माकुमारी आश्रम से शक्ति दीदी एवं लायंस क्लब से नारायण बाहेती आदि महिला मंडल एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लायन्स क्लब की नि :शुल्क भोजन सेवा में सम्मिलित होने से मिलती हैं खुशियां : विधायक

## विधायक व महापौर ने अपने हाथों परोसा मरीजों परिजनों व जरूरमन्दों को भोजन

सत्ता सुधार ■ खण्डवा

लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा गत 24 वर्षों से जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में मरीजो परिजनों व जरूरमन्दों की भोजन सेवा में सम्मिलित होने पर बहुत खुशियां मिलती है उपरोक्त उदगार विधायक श्रीमती कंचन तनवे ने लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा जिला चिकित्सालय में संचालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में व्यक्त करते हुए कहे,समाजसेवी सुनील जैन व नारायण बाहेती ने बताया कि श्रीमती तनवे ने कहा कि मुझे लायन्स क्लब खण्डवा की सेवा गतिविधियों व इस भोजन शाला में अनेको बार सम्मिलित होने का अवसर मिला, आत्मसंतुष्टि प्रदान करने वाले इस केंद्र पर मेरी विधानसभा के सैकड़ो ग्रामीण मरीज व परिजन इस नि:शुल्क भोजन सेवा का लाभ प्राप्त करते है,महापौर अमृता यादव ने अपनी



शुभकामनाएं देते हुए कहाकि जनप्रतिनिधि,समाजसेवी इस गतिविधि से प्रभावित होकर जन्मदिन व शुभ अवसरों पर यहाँ आकर अपनी सेवाएं प्रदान करते है,विधायक कंचन तनवे के जन्मदिवस के अवसर पर श्रीमती तनवे, महापौर श्रीमती अमृता यादव,अमर यादव,सेवादास प्रवक्ता सुनील जैन संदेश गुप्ता, अनिल विश्वकर्मा ने भी भोजन सेवा केंद्र में पधारकर अपने हाथों जरूरतमंदों को भोजन परोसा, लायन्स अध्यक्ष राजीव मालवीय ,लायन्स भोजन सेवा केंद्र चेयरमेन गांधी प्रसाद गदले,को चेयरमेन नारायण बाहेती व राजीव शर्मा के साथ ही बी आर तिरोले,अखिलेश गुप्ता, सुनील जैन, राजू जोशी,सुशीला गदले ने अतिथियों का स्वागत किया एवं विधायक कंचन तनवे को जन्मदिन पर बधाई दी।राजीव मालवीय ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहाकि विधायक व महापौर का लायन्स क्लब खण्डवा को सदैव सहयोग व मार्गदर्शन मिलता है,नारायण बाहेती ने अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद भोजन सेवा में आकर सेवा प्रदान करने हेतु सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया, महिला अस्पताल के भोजन केंद्र पर प्रतिदिन भोजन करने वाली आने वाली गौ माता को भी विधायक कंचन तनवे महापौर अमृता यादव ने भोजन कराया।

# गैल मामले में प्रशासन का किसानों की मंशा के बिपरीत जाना दुखद

### हक़ की लड़ाई में कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है- राजीव गुजराती

सत्ता सुधार ■ सीहोर

मध्य प्रदेश सरकार एवं गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा सीहोर जिले की आष्टा तहसील के बागेर भंवरा भंवरी क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा एथेन क्रैकर प्रोटोकेमिकल प्लांट गेल इंडिया द्वारा लगाया जाना प्रस्तावित किया गया है जिसकी मध्य प्रदेश सरकार ने प्रारंभिक स्वीकृति दे दी है और साथ ही जिला कलेक्टर को सरकारी एवं निजी किसने की भूमि को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है जिस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि सरकार और गैल इंडिया प्लांट लगाना चाहता है वह किसानों के लिए सबसे अच्छी उपजाऊ जमीन है और उस जमीन के अंदर पूरे देश में सबसे अच्छी क्वालिटी का शरबती गेहूं पैदा होता है जो कि पूरे देश में प्रसिद्ध है ऐसे एरिया में यह प्लांट लगाना पूरे एरिया को बर्बाद करने जैसा निर्णय है, क्षेत्र के किसान भी लगतार प्लांट का विरोध कर रहे है, एक किसान द्वारा आत्महत्या का प्रयास करना दुखद है। कांग्रेस पार्टी हर स्थिति में किसानों और क्षेत्र की आम जनता के साथ खड़ी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने जारी बयान में कहा कि हर स्थिति में प्रशासन और सरकार किसानों की मंशानुरूप ही कार्य करे। गेल इंडिया और मध्य प्रदेश सरकार का आष्टा क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा एथेन क्रैकर प्रोटोकेमिकल प्लांट लगाने का निर्णय एकदम गलत और क्षेत्र



साबित होने वाला हैं यह क्षेत्र कृषि के लिए और खासकर शरबती गेहूं के साथ ही कई प्रकार की बेहतरीन फसल उपजाने के लिए जाना जाता है और 2013 में परित भूमि अधिग्रहण कानून किसी भी क्षेत्र की भूमि अधिकृत करने के लिए 70 से 80 प्रतिशत लोगों की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण की अनुमति नहीं देता है यह तो निजी भूमि की बात हुई पर हमारे क्षेत्र की सरकारी भूमि भी सरकार किसी ऐसे प्लांट को लगाने के लिए नहीं दे सकती जिससे हमारे क्षेत्र के वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो । सरकार और जनप्रतिनिधी गण से क्षेत्र के किसानों के साथ और क्षेत्र को बचाने के लिए सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर किसानों के हक़ अधिकार की लड़ाई में साथ खड़े होकर इस प्लांट को यहां नहीं लगाने के संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े होना चाहिए । जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यदि सरकार ने हठधर्मिता के साथ यह प्लांट लगाने की कोशिश की तो क्षेत्र के किसान और आम लोगों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी जनांदोलन खड़ा करेगी।

# आगामी 21 जून को मनाया जायेगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

### कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आयोजित हुआ योग दिवस

सत्ता सुधार ■ खण्डवा

आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इसके पूर्व तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को श्री रायचंद नागड़ा उत्कृष्ट



शासकीय उच्चतर विद्यालय खंडवा में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम ''स्वयं एवं समाज के लिए'' पर आधारित है। कार्यक्रम में कलेक्टर खंडवा अनूप कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खंडवा शैलेंद्र सिंह सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंशु चावला सहित विभिन्न अधिकारी, शिक्षक शिक्षिकाएं, योग समिति के सदस्य, पतंजलि योग, ब्रह्माकुमारी आदि के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री संदीप जोशी ने किया।

### 16 जून से 15 अगस्त तक रहेगा मत्स्याखेट प्रतिबंधित

प्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। मत्स्य प्रजजन काल को देखते हुए नदीय मत्स्योद्योग नियम के तहत कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह द्वारा यह आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि छोटे तालाब अथवा अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा में नहीं लिया गया है उन पर मत्स्याखेट निषेध का यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। उन्होंने मत्स्य पालकों से कहा है कि वह इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, परिवहन न करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें। उन्होंने बताया कि इस प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास तथा 5 हजार रू. तक जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

### सहायक जेल अधीक्षक एवं प्रहरी भर्ती परीक्षा हेतु शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट 2 से 7 जुलाई तक

**खण्डवा ।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा गत दिनों आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च, 2024 को घोषित किया गया है। जिला जेल अधीक्षक खण्डवा ने बताया कि सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों हेतु सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा जिसमें शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा, जो जेल विभाग स्वयं लेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम, भोपाल में 2 जुलाई से 7 जुलाई, 2024 तक आयोजित किया जाएगा, जिसका विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार अंतर्गत आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

**खण्डवा ।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार उन बच्चों को उचित मान्यता देने के लिए हर साल प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करती है, जिन्होंने दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी के निस्वार्थ कार्य किए हैं।
ऐसे असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले छोटे बच्चों को जो रोल मॉडल हैं को सम्मानित किया जाना है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिन्होनें खेल, सामाजिक सेवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में समाज पर व्यापक स्पष्ट प्रभाव डाला है, जो राष्ट्रीय स्तर पर उचित मान्यता के पात्र हैं। पुरस्कार में एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। ये पुरस्कार नई दिल्ली में भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाते हैं। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि कोई भी बच्चा जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, और जिसकी आयु 5 वर्ष से कम (इस वर्ष की 31 जुलाई तक) 18 वर्ष से अधिक नहीं है पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है। पीएमआरबीपी के पुरस्कार हेतु आवेदन ऑनलाइन पोर्टल https://awards.gov.in पर प्राप्त किए जाएंगे।

### माहेश्वरी समाज क्रिकेट प्रतियोगिता महिला वर्ग में पूज़ा बाहेती व पुरुष में कल्पित लड्डा मेन ऑफ द मैच

**खण्डवा।** माहेश्वरी समाज खण्डवा द्वारा महेश नवमी उत्सव के तहत माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।नारायण बाहेती ने बताया कि आयोजित महिला मंडल द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित क्रिकेट मैच में टीम उमा महेश व टीम माहेश्वरी महिला इलेवन के बीच आयोजित टी ट्वेन्टी मैच में कप्तान कविता मुंदड़ा के नेतृत्व वाली टीम माहेश्वरी महिला इलेवन ने 72 रन बनाए।कप्तान पूजा बाहेती की टीम उमा महेश ने आसान लक्ष्य को पूर्ण कर विजय प्राप्त की।कप्तान पूजा बाहेती मेन ऑफ द मैच रही। माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित पुरुष वर्ग की टीम जय महेश व टीम महेश इलैवन के बीच सम्पन्न टी ट्वेन्टी मैच में कप्तान प्रियांश काकाणी के नेतृत्व वाली टीम ने पहले खेलते हुए 140 रन बनाए जवाब में कप्तान पवित्र सारड़ा के नेतृत्व वाली टीम 93 रन ही बना सकी।जय महेश टीम 47 रनों से विजयी हुई।

### जिले में किया गया योगाभ्यास, 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जायेगा



**छतरपुर।** 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जायेगा। जिसके तहत राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में योगा कमडाउन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में योगा कमडाउन के तहत राजस्व, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों और स्कूली बच्चों सहित आम नागरिकों ने छतरपुर शहर के शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 के ग्राउंड में योगाभ्यास किया। इस दौरान योगाचार्य एवं योग प्रशिक्षकों द्वारा योग आसनों का सभी को अभ्यास कराया गया।

**निरीक्षण** वर्षा पूर्व बैकवाटर में पाइप लाइन डालने का कार्य समाप्त करें...

# समयावधि के पूर्व पाइपलाइन डालने का कार्य पूर्ण हो: महापौर अमृता यादव

### महापौर एमआईसी सदस्यों ने डल रही नई पाइपलाइन का किया अवलोकन चारखेड़ा प्लांट का किया निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ खंडवा

स्थाई रूप से पानी की समस्या को दूर करने के लिए जनप्रतिनिधियों के अनुरोध पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश शासन द्वारा अमृत टू योजना अंतर्गत चारखेड़ा से खंडवा तक पाइपलाइन विस्तार की स्वीकृति प्रदान की गई थी, इस पाइपलाइन का कार्य तेज गति से किया जा रहा है, चारखेड़ा के आसपास लगभग 9 किलोमीटर पाइपलाइन डाली जा चुकी है, और निरंतर



कार्य चल रहा है समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि महापौर अमृता अमर यादव ने एमआईसी सदस्यों पार्षदों एवं जल विभाग के अधिकारियों के साथ चारखेड़ा पाइपलाइन प्रोजेक्ट एवं वाटर प्लांट का निरीक्षण किया, योजना अंतर्गत नई पाइप लाइन 38 किलोमीटर में डाली जाना प्रस्तावित है, जिसमे से 9 किलोमीटर की पाइपलाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है, बचे हुए कार्य में सबसे महत्वपूर्ण एवं अहम हिस्सा बैकवाटर होते हुए 700 मीटर की पाइपलाइन डालने का है जिसे पानी को अस्थाई रूप से रोक कर किया जा रहा है। महापौर श्रीमति यादव ने इस काम को 7 दिनो के भीतर करने के निर्देश दिए ताकि मानसून आने पर किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े एवं प्रस्तावित समय से पहले पूरा प्रोजेक्ट पूरा करने के भी निर्देश दिए ।
ताकि यह प्रोजेक्ट एक उदाहरण बन सके एवं बार बार लाइन फूटने से लोगों को होने वाली समस्या से निजात मिल सके, सुनील जैन ने बताया कि चल रही पाइपलाइन का निरीक्षण महापौर अमृता यादव द्वारा बारीकी से किया गया, डल रहे हैं पाइपों को भी देखा और उपस्थित जल विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से भी पाइपलाइन को लेकर चर्चा की, इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों से चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण अमृता यादव ने कहा कि अमृत टू योजना अंतर्गत लगभग 137 करोड रुपए की चारखेड़ा से खंडवा तक 38 किलोमीटर पाइपलाइन के माध्यम से खंडवा में नर्मदा का जल पहुंचेगा, पाइपलाइन के साथ शहर में पांच बड़ी टंकियां का निर्माण एवं नया फिल्टर प्लांट भी बनना प्रस्तावित है। आज हमने डल रही पाइपलाइन का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए की अच्छी गुणवत्ता के साथ पाइपलाइन डालने का कार्य किया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की पानी की समस्या शहरवासियों को ना हो, लगभग 9 किलोमीटर पाइपलाइन डालने का कार्य पूर्ण हो चुका है, और लगातार इस योजना अंतर्गत कार्य चल रहा है।

# डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद बेहतर विकल्प

### कृषकों से एनपीके उर्वरक को खेतों में डालने की अपील

सत्ता सुधार ■ छतरपुर

खरीफ सीजन 2024 के लिये किसान भाईयों के द्वारा उर्वरकों का अग्रिम उठाव किया जा रहा है। जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा किसान भाईयों से अपील की गई कि डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद भी बेहतर विकल्प है। किसान एनपीके उर्वरक को खेतों में डाल सकते हैं। उप संचालक कृषि डॉ सुरेश पटेल ने सलाह देते हुए कहा कि खरीफ फसल जिसमें मुख्य रूप से मूंगफली, तिल, उरड एवं सोयाबीन की बुवाई हेतु डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में एन.पी.के 12, 32, 16, एस.एस.पी. उर्वरक का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि डी.ए.पी. में नाईट्रोजन एवं फास्फोरस दो ही तत्व पाए जाते है जबकि एन.पी.के. में नाईट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तीन तत्व तथा एस.एस.पी. में फास्फोरस तथा सल्फर दो तत्व पाए जाते हैं जो कि फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिए अति आवश्यक है। इसके अलावा सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक का भी प्रयोग करने की सलाह दी गई है। जिसमें फास्फोरस 16 प्रतिशत, सल्फर 12 प्रतिशत एवं कैल्शियम 21 प्रतिशत पाये जाते हैं जिनके उपयोग से फसलों के उत्पादन में वृद्धि होती है ।

विश्व रक्तदाता दिवस पर हुआ रक्तदान करने वालों का हुआ सम्मान

# किसी की जिंदगी को बचाना और नया जीवन देना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है : गौरव सिरोठिया

सत्ता सुधार ■ भोपाल

आप जैसे डोनर के माध्यम से कई लोगों को जिंदगी प्रदान की जाती है, किसी की जिंदगी को बचाना और नया जीवन देना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है ।यह बात शासकीय चिकित्सालय बीना में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहीं। वही विधायक निर्मला सप्रे ने बताया कि एनीमिया रोग से पीड़ित को रक्त की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है हमारे यहां ब्लड बैंक होना चाहिए जिससे कि आवश्यकता वाले मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया जा सके , इस मौके पर उन्होंने बताया कि मैं शीध्र ही मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव को शासकीय चिकित्सालय बीना की समस्याओं की निराकरण हेतु पत्र लिखूंगी और शीघ्र ही निराकरण करने का प्रयास करूंगी अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रक्त बाजार में नहीं मिलता इसकी आपूर्ति केवल दान के रक्त से ही



संभव है उन्होंने रक्तदान कर्ताओं को बधाई दी और कहा आप जैसे लोगों की बदौलत कई लोगों की जान बचती है।बीएमओ अरविंद गौड़ ने बताया कि यह बात मिथक है कि रक्तदान करने से व्यक्ति कमजोर हो जाता है। बल्कि हमारा शरीर एक ही दिन में तरल पदार्थ की भरपाई कर लेता है।रेड ब्लड सेल्स का रिजनरेशन भी तीन माह में हो जाता है और इस पूरी प्रक्रिया में शरीर कमजोर नहीं होता।

ब्लड डोनेशन कैंप प्रभारी डॉक्टर बीरेंद्र ठाकुर एवं उनके साथीगण विशेष रूप से रवि बौद्ध, श्रीमती पुष्पाकोरी, राम सहाय, सौरभ लगातार कई वर्षो से कैंप लगाकर कई लोगों की जिंदगी बचाने का कार्य कर रहे हैं।शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान करने वालों का सम्मान किया गया जिनमें प्रमुख रूप से रक्तदान की सेंचुरी बनाने वाले मनीष सिंघई, (101 बार रक्तदान) उनके पुत्र अंश सिंघई (8 बार रक्तदान), श्रीमति आसुमा जैन (50 बार रक्तदान), राकेश सुमन (35 बार रक्तदान), हेमंत सिरोठिया (26 बार रक्तदान), मनोज शर्मा (14 बार रक्तदान), पुलिस थाना बीना एस आई देवराज सिंह ठाकुर, मुकेश? जैन, दिनेश प्रजापति (बीना वाले यू ट्यूब फिल्म मेकर), राकेश प्रजापति।

इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह, बीएमओ अरविंद गौर, योग प्रशिक्षक डॉ रामनाथ, भाजपा नेता मनोज शर्मा, शुभम तिवारी, रतन यादव, विक्की राय,सचिन समैया बदन सिंह, अखिलेश तिवारी, मुकेश जैन, विमल अहिरवार, अभिषेक लिटोरिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## निगमायुक्त द्वारा ली गई विभागीय प्रमुखों एवं निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक



### नगर निगम द्वारा किए जाने वाले कार्यों में मितव्ययिता बरतने के दिये निर्देश

सत्ता सुधार ■ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने निगम के समस्त विभाग प्रभारियों और नगर निगम में कार्य कर रही विभिन्न निर्माण एजेंसी जैसे- सीवर -टाटा और रेमकी के अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें किए जा रहे कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में निगमायुक्त ने नगर निगम की आय और व्यय की जानकारी लेते हुए, अधिकारियों को कार्यो में मितव्ययिता बरतने के निर्देश दिए साथ ही नगर निगम का राजस्व बढ़ाने और बकाया निगम करों की अधिक से अधिक वसूली करने के निर्देश दिए।उन्होंने निर्देश दिए कि टाटा-सीवर और रेमकी कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के बनाए गए बिलों का राजस्व अधिकारी को संबंधित वार्ड कर संग्राहको से वेरिफिकेशन कराकर उसकी जानकारी तैयार कर एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वार्डो में चल रहे है सीवर -टाटा और रेमकी कंपनी के कार्यो की निगरानी संबंधित वार्ड के कर संग्राहक से कराने की कार्रवाई की जाए।इस प्रकार वार्ड कर संग्राहक सीवर-टाटा और रेमकी कंपनी के कार्यो का अपने-अपने वार्डो में मानीटरिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।इसके अलावा उन्होंने नगर निगम का स्वयं का सॉफ्टवेयर तैयार करने के संबंध में प्रदेश की अन्य नगर निगमों जिनके स्वयं का सॉफ्टवेयर संचालित है वहां जाकर सॉफ्टवेयर के संबंध में जानकारी लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# अजाक्स सागर ने राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ सागर

अजाक्स सागर द्वारा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र बोहत के नेतृत्व में राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया ज्ञापन में मांग की गई कि उच्च न्यायालय जबलपुर मे निम्न मध्यम वर्गीय समुदायों, विशेषकरएस.सी/एस.टी./ओ.बी.सी के लिए समान अवसर प्रदान करने हेतु कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं आ रही है। वर्तमान में, माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा सिविल जजों के चयन में साक्षात्कार प्रक्रिया में कई एस.सी/एस.टी./ओ.बी.सी वर्ग के अभ्यार्थी असफल हो रहे हैं, जबकि वे लिखित परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त कर सफल हो चुके होते हैं। सिविल जजों की नियुक्ति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व हेतु संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) में स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। लेकिन उपरोक्त बर्ग को सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े होने के वाबजूद भी सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व देने का पालन नहीं किया जा रहा है। हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा आयोजित civil judge junior Division entry level की मुख्य परीक्षा में एस.सी/एस.टी./ओ.बी.सी अभ्यार्थियों का प्रतिनिधित्व काफी कम हैं। वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा में चयनित अभ्यार्थियों में से 77 में से केवल 03 एस.सी., 03 ओ.बी.सी बर्ग के अभ्यर्थियों का चयन किया गया है जबकि कोई एस.टी. बर्ग का अभ्यर्थी चयनित नहीं हुआ है जो कि निराशाजनक स्थिति हैं।इसका मुख्य कारण एस.सी. और एस.टी. अभ्यार्थियों के लिये मुख्य परीक्षा में निर्धारित 45 प्रतिशत की अंक प्राप्ति सीमा हैं, तथा साक्षात्कार हेतु 40ः अंकों की प्राप्ति की सीमा है जो उनके शैक्षिक और सामाजिक पृष्ठभूमि के मददेनजर उचित प्रतीत नही होती हैं। वर्तमान चयन प्रक्रिया भारत के संविधान के प्रावधानों के विपरीत हैं। यह चयन एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी के अभ्यार्थियों के प्रतिनिधित्व को खत्म करती हैं।



## जल गंगा संवर्धन अभियान 2024

### कुओ में जमा कचरे और मलबे को बाहर निकाल कर उनकी सफाई क गई

सत्ता सुधार ■ सागर

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार नगर निगम द्वारा जन भागीदारी से प्राचीन जल संरचनाओं और कुआं, बावड़ियों की सफ़ाई का अभियान निरंतर जारी है , जिसमे शुक्रवार को शिवाजी नगर वार्ड,दयानंद वार्ड, तुलसी नगर वार्ड, रामपुरा वार्ड, राजीव नगर वार्ड ,और अंबेडकर वार्ड के चिन्हित कुओ और बावड़ियों की वार्ड दरोगा, जोन प्रभारी और संबंधित वार्ड के इंजीनियर द्वारा जन भागीदारी से सफ़ाई अभियान चलाकर कुओ में जमा कचरे और मलबे को बाहर निकाल कर उनकी सफाई की गई ,और नागरिकों को इन प्राचीन जल स्त्रोतों की सफाई रखने के लिए जागृत किया गया ताकि इन जल स्त्रोतों में उपलब्ध जल का पुनः उपयोग किया जा सके।अभियान के अंतर्गत शनिवार को की जाएगी इन वाडो के कुआ-बावडियो की सफाई-- गोपालगंज वार्ड,वृंदावन वार्ड, तिलक गंज वार्ड, इतवारी वार्ड,परकोटा वार्ड, केशवगंज वार्ड, भगत सिंह वार्ड, और संत कबीर वार्ड के चिन्हित कुआं - बावडियो की सफाई की जाएगी।

# संगीत विद्यालय के बाजू वाली निर्माणाधीन सड़क के एक भाग को आवागमन के लिए शीघ्र खोला जाएगा : निगमायुक्त

सत्ता सुधार ■ सागर

संगीत विद्यालय के बाजू वाली निर्माणाधीन सड़क का एक भाग बन जाने पर उसे आवागमन के लिए शीघ्र खोला जाएगा परंतु यातायात प्रारंभ करने के पूर्व सुरक्षित आवागमन की दृष्टि को देखते हुए सड़क के किनारे बने चैंबरों को ढक्कन से बंद किया जाए और दूसरी ओर निर्माण कार्य के चलते सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए आवश्यकता अनुसार बैरिकेट्स लगाये जाए ताकि वाहन चालकों को कोई परेशानी न हो।

इस आशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने शुक्रवार को प्रातः नगर भ्रमण के दौरान संगीत विद्यालय के बाजू में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को दिये।उल्लेखनीय है कि संगीत विद्यालय के बाजू में सड़क को चौड़ीकर सी सी रोड और नाले का निर्माण कार्य चल रहा है ,जिसके चलते सड़क को यातायात के लिये बंद किया गया था लेकिन वर्तमान में सड़क का एक ओर का भाग बन जाने से इस रोड को शीघ्र खोल दिया जाएगा तथा दूसरी ओर के भाग के निर्माण का कार्य जारी रहेगा जिसके पूर्ण होने पर उसको भी यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।निगमायुक्त ने डिग्री कॉलेज के



सामने के नाले का भी निरीक्षण करते हुए इसकी जल निकासी के उचित इंतजाम करने के निर्देश जोन प्रभारी को दिए।भ्रमण के दौरान निगम आयुक्त डीडी चौराहा के सामने स्थित मयूर होटल पर पहुंचे और होटल की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तो चाय के डिस्पोजल कप दुकान के बाहर खुले में पड़े पाए जाने पर संबंधित होटल मालिक पर पांच सौ रूपये की चालानी कार्रवाई करने के जोन प्रभारी को निर्देश दिए साथ ही होटल मालिक को हिदायत दी कि होटल के आसपास पर्याप्त साफ -सफाई व्यवस्था हो और डिस्पोजल के स्थान पर कांच के बने गिलासों का उपयोग किया जाए। उन्होंने होटल के बाजू में निगम की खुली पड़ी भूमि पर पेवर ब्लाक लगवाने के भी निर्देश दिए।तालाब की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब में निर्माण कार्य हेतु मशीन को आने जाने के लिए बनाए गए मिट्टी के रैंप को तोड़कर संबंधित एजेंसी से पोकलेन मशीन लगाकर उसकी मिट्टी को झील से बाहर निकालने के निर्देश दिए साथ ही लाखा बंजारा प्रतिमा के आसपास सफाई करने के भी निर्देश दिए।

# कन्या महाविद्यालय में हरितमा एवं वसुंधरा बगीचे में फूल एवं फलदार पौधों का रोपण किया

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना में पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती सोनाली राय के निर्देशन में एवं प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर के संरक्षण में पौधों रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण के हरितमा एवं वसुंधरा बगीचे में फूल एवं फलदार पौधों का रोपण कर महाविद्यालय परिवार की सभी सदस्यों ने पौधा रोपित किए एवं पौधे के संरक्षण का दायित्व लिया। एवं प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया ।इस अवसर पर श्रीमती सोनाली राय ने प्रकृति के हो रहे दोहन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हमें जीवित रहना है और धरती पर अपना जीवन जारी रखना चाहते हैं तो हमें अपनी धरती का श्रृंगार वक्षो से करना होगा तभी हम अगली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित कर सकेंगे ।प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने



कहा कि प्रकृति हमें पानी, हवा शुद्ध वातावरण निशुल्क देती है?। हमें उसकी कीमत समझकर उपयोग करना चाहिए एवं वातावरण को शुद्ध बनाए रखने में प्रकृति के साथ सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित नमामि देवी नर्मदे के जिला संजोयक श्री गोविंद तिवारी ने कहा कि पौधों को हमें अपने बच्चों की तरह पोषित करना चाहिए और संकल्प के साथ पौधारोपण करना चाहिए ।श्री जितेंद्र राय ने पर्यावरण की समस्या पर केंद्रित होते हुए कहा कि यांत्रिकी साधनों के प्रयोग से हमारा वातावरण दूषित हो रहा है इससे धरती का संतुलन बिगड़ रहा है इसलिए वृक्ष लगाना बहुत अनिवार्य है। कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर उमा लवानिया ने इस अवसर पर कहा कि मानव ने आधुनिकता के नाम पर प्रतीक प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया है। जिससे हमारी धरती प्रदूषित हो गई है तो हम सभी को संयुक्त रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है ।जिससे हम एक स्वस्थ वातावरण में जीवन बिता सके। डॉ निशा जैन ने कहा कि पर्यावरण भारत के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है देश का प्रत्येक व्यक्ति ठान ले तभी इसका निवारण संभव है और हम अपने पर्यावरण को प्रदूषण से बचा सकते हैं। डॉ रश्मि जैन ने कहा कि जब समस्या सामने आती है हम तभी सचेत होते हैं क्यों ना हमारा प्रयास समस्या आने के पूर्व से ही प्रारंभ हो जाए और पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचा ले।

## बीना नगर पालिका कर्मचारीयों को समय पर नहीं मिल रहा वेतन

### परेशान कर्मचारियों ने अध्यक्ष और सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**बीना(सागर)।** बीना नगर पालिका के कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कई महीनों से वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मचारियों ने नपाध्यक्ष व सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पिछले कई महीनों से समय पर वेतन नहीं मिल रहा है, इसकी शिकायत भी कई बार मौखिक रूप से कर्मचारी कर चुके हैं।समय पर वेतन नहीं मिलने से बैंक से लोन की किस्त नहीं भर पा रहे हैं। साथ ही घर की व्यवस्थाएं भी गड़बड़ा रही हैं। कर्मचारियों ने एक से पांच तारीख के बीच में वेतन का भुगतान करने की मांग की है।ज्ञापन सौंपने वालों में जाहर सिंह यादव, नंदकिशोर अहिरवार, मुकेश तिवारी, विकास तिवारी, दिग्विजय सिंह ठाकुर, विवेक सिंह, वंदना चौबे, शालिनी शर्मा, निर्भय सिंह, बृजेश, भगत, गंगाराम, सुरेश मिश्रा, सतीश, विजय, शिव दर्शन, अशोक, नरेंद्र, राजाराम सहित अन्य शामिल हैं।

## अवैध कॉलोनाइजर एवं बिना पार्किंग एनओसी संचालित शॉपिंग मॉल पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर शिवसेना ने कलेक्टर को सोपा ज्ञापन



सागर। सागर नगर निगम अंतर्गत चल रही अवैध कॉलोनाइजर एवं बिना पार्किंग एनओसी के मकरोनिया में संचालित हो रहे शॉपिंग मॉलो पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर शिवसेना ने सागर कलेक्टर दीपक आर्य को ज्ञापन सोपा। शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि सागर नगर निगम की सीमा के अंतर्गत आने तिली बागराज कनेरा भोपाल रोड सहित अन्य जगहों पर अवैध कालोनियां का धंधा मनमर्जी तरीके से चल रहा है जबकि ना तो उनके पास टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की एनओसी हैं ना ही जिला प्रशासन एवं रेरा के दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है लेकिन उसके बाद भी नगर निगम कमिश्नर कार्रवाई न करने की बहाने ढूंढते नजर आ रही है जबकि मकरोनिया नगर पालिका सीएमओ इशांत धाकड़ द्वारा निरंतर अवैध कॉलोनी आयोजनों पर कार्रवाई की जा रही है तो कहीं ना कहीं नगर निगम कमिश्नर की सुस्त कार्यप्रणाली की वजह से नगर निगम में अवैध कॉलोनाइजरो के मनोबल बढ़ रहे हैं और निरंतर अवैधकालोनियां बढ़ती जा रही है शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा मकरोनिया में बिना पार्किंग,अग्निशामक यंत्र एनओसी के शॉपिंग मॉल संचालित किया जा रहे हैं जिसकी वजह से मकरोनिया में चक्काजाम जैसे हालत हो जाते हैं तो वही अग्निशामक यंत्र भी न होने की वजह से कोई बड़ी अनहोनी घटना होने की आशंका बनी रहती है शिवसेना ने चेतावनी देते हुए कहा है कि शीघ्र ही अवैध कॉलोनाइजर एवं बिना एनओसी संचालक मॉलो कार्यवाही की जाए ज्ञापन देने वालों में पंकज दुबे अमन ठाकुर विकास यादव मयंक रजक राहुल विठ्ठल अजीत जैन शुभम बाजपेई गौरव बड़कुल सुमित यादव अनिकेत मिश्रा उपस्थित थे।

# बीटेक विभाग की फीस कम करने को लेकर अभाविप ने किया धरना प्रद्रर्शन

सत्ता सुधार ■ सागर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में बीटेक विभाग के छात्रों के साथ कुलपति ऑफिस का घेराव कर फीस कम करने की मांग की साथ ही पूर्व में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ बीटेक विभाग के छात्रों ने जब कुलपति से मिलने का प्रयास किया तो उन्हें प्रशासनिक भवन के बाहर से ही कई बार वापस भेज दिया गया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रशासनिक भवन में कुछ छात्रों के साथ अंदर जाकर कुलपति ऑफिस तक पहुंचाने का प्रयास किया जिसमें विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्डो के द्वारा छात्र एवं कार्यकर्ताओं से धक्का मुक्की कर उन्हें बाहर करने का प्रयास किया गया।लेकिन छात्र कुलपति चेम्बर तक पहुँचने में सफल रहे। कुलपति ऑफिस पहुंचते ही अपने अधिकारों को लेकर नारे लगाते हुए अपनी बात रखी तत्पश्चात कुलपति द्वारा प्रतिनिधि मंडल को अपने ऑफिस में बुलाया




इसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति महोदय से अपनी बात रखते हुए कहा कि बीटेक विभाग विश्वविद्यालय द्वारा पिछले दो वर्षो से संचालित किया जा रहा है जिसमें ना कोई लैब ना लाइब्रेरी, और न ही कोई भी एक्टिविटी कराई जाती है। जिसके नाम पर विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों से पर सेमेस्टर फीस ली जाती है।और साथ में ही फर्स्ट बैच के छात्रों की फीस जो की 48600 रुपये है और वही सेकंड बैच के छात्रों की फीस 80 हजार है एक ही कैंपस में दो प्रकार की फीस विद्यार्थियों के समझ के परे है और ना ही सेकंड बेच के छात्रों को कोई



अतिरिक्त सुविधा दी जाती हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जब सेकंड बैच की काउंसलिंग कराई गई उस समय वेबसाइट पर पुराना फीस स्ट्रक्चर ही अपलोड था जिस वजह से बहुत सारे छात्रों ने विश्वविद्यालय में एडमिशन लिया एडमिशन होने के पश्चात छात्रों ने जब फीस भारी तब उन्हें 80 हजार भरने के लिए कहा गया परंतु वेबसाइट पर फीस स्ट्रक्चर 48 हजार का ही था उस समय भी विद्यार्थियों ने विरोध जताया था परंतु विश्वविद्यालय द्वारा कहा गया की फीस कमेटी बनाकर इसे कम किया जाएगा परंतु छात्रों को बार-बार केवल आश्वासन ही दिया गया। साथ ही बीटेक के विद्यार्थियों को आर्यभट्ट हॉस्टल में रूम अलॉट हुए है जिसमें उनसे ?2500 पर महीने फीस ली जा रही है और वही विश्वविद्यालय के अन्य छात्रों से ?200 में ही पर सेमेस्टर फीस ली जाती है। एक ही विश्वविद्यालय परंतु फीस अलग-अलग ली जाती है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों से भेदभाव किया जा रहा है।जिसमे विद्यार्थी परिषद ने कहा कि अगर सात दिवस के अंदर फीस कम करने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करने के लिए वाध्य होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन में जिला संगठन मंत्री सावन सिंह वि. वि. अध्यक्ष प्रतीक नामदेव,इकाई मंत्री अनिकेत कुर्मी,अमन प्रजापति,शुभम पटेल ,अमित पांडेय, आशुतोष पाठक,आशुतोष,आदविक,दिलीप सिंह,विवेक खरे,पूर्वी साहू,जहान सोनी,सुमित सैनी, हर्ष केशरवानी,गिरीश पटेल, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### चेन्नईयन ने कोलंबियाई स्ट्राइकर विलमर से करार किया

**चेन्नई।** अब कोलंबिया के स्टार फुटबॉलर विलमर जॉर्डन गिल चेन्नईयन एफसी से खेलते हुए दिखेंगे। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र को देखते हुए इस स्टार स्ट्राइकर के साथ एक साल का अनुबंध किया है। एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्कू के बाद वह क्लब से जुड़ने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। क्लब के अनुसार ये कोलंबियाई फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में उसने आईएसएल में खेला है। इस फुटबॉलर ने पहली बार साल 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से खेला था। इसके अलावा उसने अगले सत्र में पंजाब एफसी की तरफ से भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

### एक भी मैच खेले बिना स्वदेश लौटेंगे शुभमन और आवेश

**मुम्बई।** टी20 विश्वकप के लिए भारतीय दल में रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर शामिल बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज आवेश खान बिना कोई मैच खेले ही स्वदेश लौटेंगे। इस विश्वकप में भारतीय टीम में शुभमन और आवेश के अलावा रिंकू सिंह व खलील अहमद को भी रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। जहां शुभमन और आवेश को वापस आने को कहा गया है, वहीं रिंकू और खलील टीम के साथ बने रहेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार शुभमन और आवेश को इसलिए लौटने को कहा गया है क्योंकि इन्हें केवल अमेरिका दौरे तक टीम के साथ रहना था जिससे किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर इन्हें शामिल किया जा सके क्योंकि बीसीसीआई के लिए भारत से तत्काल किसी अतिरिक्त खिलाड़ी को अमेरिका या कैरेबियाई देश में भेजना संभव नहीं था।

### टी20 विश्वकप में नौवीं बार 100 रनों का आंकड़ा नहीं कर पायी कोई टीम

**त्रिनिदाद।** पापुआ न्यूगिनी की टीम अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 विश्वकप में 95 रनों पर ही सिमटने के साथ ही ये नौवां अवसर है जब कोई टीम 100 रनों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायी है। पापुआ न्यूगिनी की टीम इस टूर्नामेंट में दूसरी बार 100 रन के अंदर आउट हुइ है। इससे पहले वह युगांडा के खिलाफ भी 77 रन ही बना पायी थी। अब तक इस टूर्नामेंट में हुए 29 मैचों में 9 टीमें 100 रनों के अंदर आउट हुई हैं। अब तक केवल ऑस्ट्रेलिया ही एक बार 200 रनों तक पहुंची है।

### फारूकी ने टी20 विश्वकप में सबसे अधिक विकेट लेकर दिग्गजों को पीछे छोड़ा

**त्रिनिदाद।** अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने इस बार टी20 विश्वकप में अब तक सबसे अधिक विकेट लिए हैं। 23 साल के फारूकी ने 3 मैच में ही 12 विकेट लेकर भारत के जसप्रीत बुमराह, ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस सहित कई दिग्गज गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया है। फारूकी ने पापुआ न्यूगिनी के खिलाफ केवल 16 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 और युगांडा के खिलाफ 5 विकेट लिए थे। वहीं बुमराह ने 3 मैच में अब तक से 5 विकेट और कमिंस के नाम 2 मैच में 4 विकेट हैं। पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी ने भी केवल 2 विकेट ही लिए हैं।



रोम में आयरलैंड की एथलीट सोफी अपना रजत और शेरलीन अपना स्वर्ण पदक समर्थकों को दिखाती हुई।

# मिशेल और सेंटनर को अंतिम ओवरों में लगाना विलियमसन को भारी पड़ा

एजेंसी ■ त्रिनिदाद

वेस्टइंडीज के खिलाफ खिलाफ टी20 विश्वकप मुकाबले में हार के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान केन विलियमसन निराश नजर आये। इस मैच में विलियमसन का तेज गेंदबाजों के जल्दी इस्तेमाल का प्रयोग असफल रहा। इस मैच के 18वें ओवर तक ट्रेंट बोल्ट और लॉकी फर्ग्यूसन के ओवर खत्म हो गए। इसके बाद विलियमसन को अंतिम दो ओवर मध्यम तेज गेंदबाज डेरिल मिशेल और बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर को देने पड़े। इसका पूरा लाभ. वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड ने उठाते हुए 39 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। विलियमसन ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि मिशेल और सेंटनर जो भी ओवर फेंके, उस पर रन बनने ही थे क्योंकि अंतिम ओवरों में इस प्रकार की चीजों का सामना करना होता है। टी20 में आजकल टीमें काफी गहरायी




तक बल्लेबाजी कर रही हैं। इसमें कभी भी कुछ हो सकता है। कीवी टीम को अब 14 जून को युगांडा और 17 जून को पापुआ न्यू गिनी से खेलना है। इन दोनों मैचों को जीतने के बाद भी वह सुपर आठ में नहीं पहुंच सकत है। इसका कारण है कि मेजबान वेस्टइंडीज 6 अंक लेकर पहले ही सुपर 8 में पहुंच गयी जबकि दूसरी टीम के तौर पर अफगानिस्तान चार अंक लेकर पहुंची है।

# कनाडा के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

## रात आठ बजे शुरू होगा मुकाबला, बारिश के कारण अभ्यास नहीं कर पाई भारतीय टीम

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत और कनाडा के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2024 का मुकाबला भारतीय समयानुसार आज रात 8 बजे से फ्लोरिडा के लॉडरहिल में खेला जाएगा. हालाके फ्लोरिडा में बारिश की संभावना है। जिसके कारण मैच रद्द भी हो सकता है। टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सुपर-8 दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया है. मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड, पाकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका को मात देकर भारतीय टीम ने जीत की हैट्रिक लगाई है. कनाडा के खिलाफ इस आखिरी ग्रुप मैच में भारत कैसी प्लेइंग इलेवन के साथ उतरेगा, आइए एक नजर डालते हैं।

### ओपनिंग कॉम्बिनेशन

कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी ओपनिंग करने के लिए उतर सकती है. रोहित शर्मा जब सेट हो



जाएं तो किसी भी टीम के बॉलिंग अटैक की धज्जियां उड़ाकर रख देते हैं. विराट कोहली भी विरोधी गेंदबाजों पर ताबड़तोड़ अटैक करने के लिए जाने जाते हैं. कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के इस मैच में धाकड़ विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने उतर सकते हैं. ऋषभ पंत इन दिनों जबरदस्त फॉर्म में हैं. बल्लेबाजी हो या विकेटकीपिंग, ऋषभ पंत का मैदान पर तगड़ा जलवा देखने को मिलता है. कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के इस मैच में सूर्यकुमार यादव नंबर 4 पर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं, जो अपनी विस्फोटक बैटिंग से तेजी से रन बटोरेंगे. सूर्यकुमार यादव मौजूदा समय में टी20 फॉर्मेट के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में शुमार हैं. सूर्यकुमार यादव का स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा का रहता है. सूर्यकुमार यादव के सामने किसी भी गेंदबाज का बॉलिंग करना बहुत मुश्किल है, क्योंकि वह मैदान के चारों तरफ 360 डिग्री एंगल में चौके और छक्कों की बौछार करते हैं. शिवम दुबे कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के इस मैच में नंबर 5 पर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं. शिवम दुबे अपनी तूफानी बैटिंग और उपयोगी मीडियम पेस गेंदबाजी से किसी भी हालात में मैच का पासा पलटने का दम रखते हैं।

### नंबर 7 बल्लेबाज और ऑलराउंडर

कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के इस मैच में लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल नंबर 7 पर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं. अक्षर पटेल नंबर 7 पर विस्फोटक बल्लेबाजी की वजह से टीम इंडिया के लिए उपयोगी साबित होंगे. साथ ही अक्षर पटेल अपनी कातिलाना लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी से कनाडा की बैटिंग लाइनअप की धज्जियां भी उड़ाकर रख सकते हैं. अक्षर पटेल एक गेम चेंजर खिलाड़ी हैं. चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के इस मैच में प्लेइंग इलेवन में चुना जा सकता है।

### फ्लोरिडा में बारिश का कहर

भारतीय क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप में जीत की हैट्रिक लगाकर लीग राउंड के आखिरी मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंच चुकी है। टीम इंडिया को अपना आखिरी मैच फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रिजनल पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारतीय खिलाड़ियों को अभ्यास का मौका नहीं मिला। वह बिना किसी ट्रेनिंग सेशन के मैदान पर उतरेंगे। भारतीय टीम को 14 जून को लॉनडरहिल में अभ्यास करना था। हालांकि बारिश के कारण यह ट्रेनिंग सेशन रद्द कर दिया। वहीं 14 जून को ही इस मैदान पर होने होने वाले अमेरिका और आयरलैंड के मैच पर भी रद्द होने का खतरा मंडरहा है। फ्लोरिडा में बीते कई दिन से बारिश हो रही है जिसके बाद राज्य का कई इलाकों में बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है।

# पाक की टी20 विश्वकप में हार का मामला अमेरिकी विदेश मंत्रालय तक पहुंचा




एजेंसी ■ नई दिल्ली

टी20 विश्वकप में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की अमेरिका के खिलाफ हार की चर्चा इतनी बढ़ी कि ये मामला अमेरिकी विदेश मंत्रालय तक पहुंच गया। विश्वकप में पाक जैसी मजबूत टीम की ऐसी हार का अंदेशा किसी को नहीं थी। ये मामला इसलिए भी गरमा गया क्योंकि अमेरिकी टीम में अधिकतर भारतीय मूल के खिलाड़ी थे जिससे इससे पाक की मिनी इंडिया के खिलाफ हार के तौर पर देखा जा रहा है।

आईसीसी ने क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाने इस बार विश्वकप अमेरिका में रखा है। अमेरिकी क्रिकेट टीम में वहां के मूल निवासी बहुत कम थे क्योंकि अमेरिका में क्रिकेट ज्यादा नहीं खेला जाता। इस कारण अमेरिक टीमें सात खिलाड़ी भारतीय मूल के खिलाड़ी थे। अमेरिकी टीम की पाक पर जीत को एक बड़ा उलटफेर माना जा रहा है। ऐसे में अमेरिकी विदेश मंत्रालय के की एक पत्रकार वार्ता में इसको लेकर सवाल किया और पूछा कि मैच में अमेरिका के हाथों पाकिस्तान की हार को आप कैसे देखते हैं।

इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि मुझे अक्सर तब परेशानी होती है जब मैं अपनी विशेषज्ञता वाले विषय से अलग किसी दूसरे मुद्दे पर कोई बात कहता हूं और मेरा मानना है कि पाक की क्रिकेट टीम को लेकर ये सवाल भी वैसा ही है, इसलिए मैं पर क्या कुछ कह सकता हूं। उनके इस जवाव को लेकर सोशल मीडिया में पाक टीम का जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है।

# नडाल और अलकराज पेरिस ओलंपिक में युगल जोड़ीदार के तौर पर उतरेंगे

## ये दोनों ही पुरुष एकल मुकाबले के चैम्पियन हैं

एजेंसी ■ बार्सिलोना

स्पेन के टेनिस महासंघ ने कहा है कि अगामी पेरिस ओलंपिक में राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज युगल मुकाबले में खेलते हुए नजर आयेंगे। ये दोनो हालांकि एकल मुकाबले के चैम्पियन हैं। अलकराज ने हाल ही में हुए फ्रेंच ओपन एकल में जीत हासिल की थी। वहीं अनुभवी नडाल के नाम 22 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं। ओलंपिक के टेनिस मुकाबले उसी कोर्ट में खेले जाएंगे जिसमें फ्रेंच ओपन के मुकाबले हुए हैं , ऐसे में इन दोनो को ही हालात से तालमेल बनाना आसान रहेगा। स्पेन के कप्तान डेविड फेरर ने टीम की कहा, ''नडाल और अलकराज पेरिस में एक साथ खेलेंगे।'' इसके अलावा टीम में पाब्लो कैरेनो बुस्टा, एलेजांद्रो डेविडोविच और मार्सेल ग्रेनोलर्स भी शामिल होंगे।



अलकराज का लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है क्योंकि उनका मानना है कि इसका विशेष महत्व है। उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत के बाद कहा था कि इस साल वह अपने विंबलडन खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने की जगह पर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने को अधिक महत्व देंगे। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम अलकराज ने कहा, ''ओलंपिक खेल हर चार साल में होते हैं और यह एक विशेष टूर्नामेंट है जहां आप न अपने साथ ही अपने देश के लिए भी खेलते हैं। स्पेन का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे लगता है कि इस साल मैं ओलंपिक स्वर्ण जीतना चाहूंगा।''

### बांग्लादेश ने नीदरलैंड्स को हराकर सुपर आठ की दावेदारी मजबूत की

**किंग्सटाउन।** ऑलरांउडर शाकिब अल हसन के शानदार अर्धशतक की सहायता से बांग्लादेश की टीम ने टी20 विश्व कप में नीदरलैंड्स को 25 रन से हराकर सुपर आठ की अपने संभावनाएं बनाये रखी हैं। बांग्लादेश टीम ने इसी के साथ ही 3 मैचों में अपना दूसरा मुकाबला जीता है। इसी के साथ ही 4 अंक लेकर बांग्लादेश ग्रुप डी में दूसरे नंबर पर पहुंच गयी है। इस ग्रुप से दक्षिण अफ्रीका 6 अंकों के साथ पहले ही सुपर 8 में पहुंच चुकी है ऐसे में बांग्लादेश की सुपरआठ की दावेदारी बनी हुई है। बांग्लादेश ने इस मैच में नीदरलैंड्स की टीम को जीत के लिए 160 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए नीदरलैंड्स टीम 8 विकेट पर 134 रन ही बना पायी। इस जीत में अनुभवी खिलाड़ी शाकिब अल हसन का अहम योगदान रहा जिन्होंने करीब 2 साल बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक लगाया।

### महिला वालीबाल लीग ...




हांगकांग में महिला वालीबाल नेशंस लीग में खेलती हुई खिलाड़ी।

**टी20 विश्व कप** अफगानिस्तान ग्रुप-सी से सुपर आठ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गयी है...

# अफगानिस्तान सुपर आठ में पहुंची, न्यूजीलैंड बाहर हुई

एजेंसी ■ त्रिनिदाद

अफगानिस्तान की टीम ने पपुआ न्यू गिनी को हराकर टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ में जगह बनायी है। अफगानिस्तान ग्रुप-सी से सुपर आठ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गयी है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने सुपर आठ में जगह बनायी थी। अफगानिस्तान की जीत के साथ ही न्यूजीलैंड टीम बाहर हो गयी है। अफगानिस्तान ने इस मैच में पपुआ न्यू गिनी को 95 रनों पर आउट करने के बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को 15.1 ओवरों में ही 3




### टी20 विश्वकप में न्यूजीलैंड का सफर समाप्त हुआ

अफगानिस्तान टीम की पापुआ न्यूगिनी पर जीत के साथ ही न्यूजीलैंड टीम टी20 विश्वकप से बाहर हो गयी है। अफगानिस्तान की टीम जहां जश्न मना रही है, वहीं कीवी टीम का सफर समाप्त हो गया है। न्यूजीलैंड के बाकी बचे मैच अब सिर्फ औपचारिक रह गए हैं क्योंकि उनके परिणामों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

विकेट के नुकसान पर 101 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में पपुआ न्यू गिनी की टीम पहले बल्लेबाजी कतरे हुए करते हुए अफगानिस्तान की गेंदबाजी का सामना नहीं कर पायी। कीप्लिन डोरिगा ने 32 गेंदों में 27 रन जबकि नाओ ने 13 और टोनी यूरा ने 11 रन बनाये बाकि बल्लेबाज विफल रहे। वहीं अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारुकी ने 16 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि नवीन उल हक ने 2 और नूर अहमद ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। इब्राहिम जादरान को सेमो खाता ही नहीं खोल पाये। इसके बाद रहमनउल्ला गुरबाज 11 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। अजमतुल्लाह ओमरजई 13 रन जबकि नॉर्मन वनुआ 13 रन बनाकर आउट हुए। गुलबदीन नैब ने 36 गेंदों में नाबाद 49, जबकि मोहम्मद नबी ने 23 गेंदों में एक चौका की मदद से नाबाद 16 रन बनाकर टीम को जीत दिलायी।

# टी20 में छाया बड़ा भाई , छोटा भाई रहा फ्लाप

एजेंसी ■ न्यूयार्क

अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जा रहे टी20 विश्वकप क्रिकेट में युगांडा के दो भाई रॉजर मुकासा और फ्रेंक सुबुगा भी खेल रहे हैं। इसमें एक भाई जहां अपने प्रदर्शन से छाया हुआ है।

वहीं एक भाई आलोचना शिकार हो रहा है। युगांडा टीम ने अब अपने तीन मैचों में से एक में जीत हासिल की है। इस दौरान बड़े भाई फ्रेंक ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है जबकि छोटे भाई रॉजर का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। युगांडा को अपने मैचों में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज से करारी हार जबकि पापुआ न्यू गिनी पर जीत मिली है।

टीम के प्रमुख बल्लेबाज रॉजर इस टूर्नामेंट में तीनों ही मैचों में शून्य पर आउट हुए हैं। इस दौरान उन्होंने 6 गेंदें खेली हैं। रॉजर युगांडा की ओर से कभी पारी की शुरुआत करते हैं तो कभी तीसरे नंबर पर उतरते हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले मैच में वह पहली ही गेंद पर आउट हो गये। अपनी पहली ही गेंद पर वह फजलहक फारुकी की गेंद पर आउट हुए।

सत्ता सुधार

यूपी की राजधानी लखनऊ में हथियार से लैस एक नकाबपोश महिलाओं की गैंग एक घर में घुस गयी। महिलाओं की इस गैंग ने बड़ी चोरी की है। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।



## ब्रीफ न्यूज

### सराफा कारोबारी को लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** कोहड़ौर थाना क्षेत्र राय चौराहे पर पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को देखने के बाद यह बदमाश फायरिंग कर भागने का प्रयास कर रहे थे। जवाबी कार्रवाई में घायल हो गए। तीनों बदमाशों ने शाम को एक सराफा व्यवसायी को तमंचे से आतंकित कर सोने के आभूषण और नकदी की लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद से ही पुलिस इनकी खोजबीन कर रही थी। सराफा व्यावसायी से लूट की घटना के आठ घंटे के भीतर ही पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। तीन बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। तीनों के पैर में गोली लगी है। कड़ी सुरक्षा में इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### खाना नहीं मिला तो बिफरे किसानों ने किया हंगामा

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस परीक्षा ग्रह में हुई तीन मंडल के 14 जनपदों की खरीफ गोष्ठी में किसानों ने खाना न मिलने पर हंगामा किया। गोष्टी के बाद भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नेता धर्मेंद्र मलिक के नेतृत्व में किसानों ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के गेट बंद करके प्रशासन के खिलाफ हंगामा करते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कृषि विभाग के अधिकारियों और प्रशासन को खाना चोर बताते हुए किसानों का खाना हड़पने का आरोप लगाकर हंगामा किया। कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख समेत तमाम अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में ही खड़े हो गए।

### नाई ने किशोर को किया गंजा भाजपा को सपोर्ट की सजा

**बरेली।** बदायूं में एक नाई ने मानिक विक्षिप्त एक किशोर को गंजा कर दिया। क्योंकि लड़के के परिजनों ने भाजपा को सपोर्ट किया था। हालांकि मामला सामने आने के बाद बदायूं के बिल्सी में दुकान करने वाले नाई पर एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी (बिल्सी) कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि उसकी मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### धर्म को राजनीति से दूर रखें, बुनियादी मुद्दों पर हो बात

**अयोध्या।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद चंद्रशेखर आजाद अयोध्या पहुंचे। एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि अयोध्या लोकसभा चुनाव में अयोध्यावासियों ने बहुत बड़ा काम किया है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि धर्म अब राजनीति से दूर रहे, तो ज्यादा अच्छा है क्योंकि अब बुनियादी मुद्दों पर बात होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजगार और महंगाई पर बात होनी चाहिए।

### सीएम योगी ने समीक्षा बैठक में दी सख्त चेतावनी, कहा- उत्तर प्रदेश में वीआईपी कल्चर को पूरी तरह समाप्त कराएं

# आम आदमी का फोन रिसीव करें अधिकारी विवादित स्थलों पर न हो बकरीद पर कुर्बानी

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता दर्शन दोबारा शुरू हो गया है। जिलों से आ रहीं शिकायतों एवं आवेदनों की समीक्षा हो रही है। जहां से अधिक शिकायतें मिलेंगी, वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। जनता दर्शन कार्यक्रम जिला, रेंज, जोन स्तर भी शुरू हो। अधिकारी जहां जनसुनवाई करेगा, इसकी सूचना जनता को पहले से दे। लोगों की समस्याएं सुनें और तत्काल निस्तारण करें। कॉमन मैन की संतुष्टि ही आपके काम का मानक है। उसका विश्वास जीतें। फील्ड में तैनात अधिकारियों को सीयूजी फोन जनता के लिए मिले हैं, इसे चालू रखें। अधिकारी फोन स्वयं रिसीव करें, अथवा कॉल बैक करें। अपने सरकारी आवास पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री ने मंडल, रेंज और जिलों में तैनात विभिन्न विभागों के अधिकारियों से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के बाबत कहा कि ब्लॉक, जिला मुख्यालय, सचिवालय, यदि कहीं भी अनैतिक लेन-देन की शिकायत मिली तो इसमें संलिप्त लोगों पर कार्रवाई होनी तय है। वहीं आगामी त्योहारों के संबंध में उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, डीएम व पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया कि जून और जुलाई में तमाम पर्व, मोहर्रम और कांवड़ यात्रा आदि हैं। यह समय अत्यंत संवेदनशील है, लिहाजा लगातार एक्टिव मोड में रहना होगा।



#### सीख लेते हुए सतर्क रहना होगा

पूर्व के अनुभव बताते हैं कि जहां स्थानीय प्रशासन ने संवादहीनता रखी, वहां अप्रिय घटना की स्थिति बनी। इससे सीख लेते हुए सतर्क रहना होगा। वरिष्ठ अधिकारी धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों से संवाद बनाएं। सकारात्मक संदेश जारी कराएं। पीस कमेटी की बैठक करें। मीडिया का सहयोग लें। दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत करने वाली घटना न हो। शरारती तत्व दूसरे संप्रदाय को उत्तेजित करने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे मामलों पर नजर रखें। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करें। रोज पुलिस बल फुट पेट्रोलिंग करे। पीआरवी 112 एक्टिव रहे। अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटा जाए।

#### प्रेशर हार्न और हूटर स्वीकार्य नहीं

योगी ने वीआईपी कल्चर को पूरी तरह समाप्त करने के लिए सरकारी और निजी वाहनों में प्रेशर हार्न, हूटर पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि यह जहां लगा हो, तत्काल उतरवाएं। वीआईपी फ्लीट में सबसे आगे की गाड़ी में एक तय ध्वनि सीमा के साथ ही हूटर बजे। अन्य किसी वाहन में नहीं। यदि कहीं से भी प्रेशर हॉर्न अथवा हूटर बजने की सूचना मिली तो संबंधित थाना पर कार्रवाई होनी तय है। वीआईपी कल्चर को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

#### अनावश्यक पावर कट न हो

सीएम ने कहा कि भीषण गर्मी में कहीं भी रोस्टरिंग के नाम पर पॉवर कट न हो। ट्रांसफार्मर खराब होने अथवा फॉल्ट की समस्या का तेजी के साथ निस्तारण कराएं। प्रदेश में 15 से 22 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। गंगा दशहरा के दृष्टिगत गंगा नदी के घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा की जाए। गोताखोरों, पीएसी की फ्लड यूनिट तथा एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती भी की जाए।

#### किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं

सीएम ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान का चिन्हांकन पहले से होना चाहिए। विवादित एवं संवेदनशील स्थलों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। कहीं भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के बाद अपशिष्ट के निस्तारण की कार्ययोजना हो। नमाज परंपरानुसार एक निर्धारित स्थल पर हो, सड़क अवरुद्ध कर नहीं। किसी नई परंपरा को प्रोत्साहन न दें। वीडियोग्राफी कराएं, ड्रोन का इस्तेमाल करें।

#### गरीब के खिलाफ न हो कार्रवाई

उन्होंने कहा कि हमारी कार्रवाई माफिया के खिलाफ है, गरीब के खिलाफ नहीं। भूमाफिया हो या कोई अन्य माफिया, सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी। जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाये रखें। उनकी अपेक्षाओं- समस्याओं को सुनें। वहीं सड़क से अतिक्रमण हटाने, अवैध वसूली को रोकने को कहा। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था और अवैध टैक्सी स्टैंड की समस्या का स्थायी समाधान करने को कहा।

#### योग दिवस की करें तैयारी

सीएम ने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम से सभी जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, धार्मिक, योग संस्थानों, एनसीसी कैडेट, स्काउड एंड गाइड और एनएसएस स्वयंसेवकों को अनिवार्य रूप जोड़ा जाए। मुख्य समारोह सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में आयोजित किया जाए। अमृत सरोवर, ऐतिहासिक महत्व के स्थलों और सांस्कृतिक स्थलों में योगाभ्यास कराया जाना उचित होगा। कॉमन योग प्रोटोकॉल के वीडियो भी प्रसारित किए जाने चाहिए। सभी मंत्री अपने प्रभार वाले जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हों।

## जनादेश स्वीकार, परिणाम की हम करेंगे समीक्षा

### यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने कहा

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि हमने संगठन की बैठक की है...जिस प्रकार के परिणाम आए हैं उस जनादेश को हमने स्वीकार किया है, लेकिन एक संगठन के नाते हमने सभी विषयों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। मुझे निश्चित रूप से विश्वास है कि हम उन सब कारणों को दूर करके पीएम और सीएम के नेतृत्व में यूपी व देश को विकसित बनाएंगे। हम उन सब कारणों को जानने का प्रयास करेंगे जिनके कारण हमें अपेक्षा के मुताबिक परिणाम नहीं आए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि हमें किन कारणों से नुकसान हुआ है। हम इसकी रिपोर्ट बनाएंगे। लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने का दावा कर रही थी लेकिन पार्टी 33 सीटों पर ही सिमट गई जो कि 2019 (62 सीटें) और 2014 (71 सीटों) के मुकाबले काफी कम सीटें रही हैं।

## फ्लोटिंग रेस्टोरेंट-क्रूज में मौज मस्ती कर सकेंगे शहरवासी

### केडीए बोर्ड बैठक में स्वीकृत हुए अहम प्रस्ताव

**एजेंसी ■ कानपुर**

कानपुर में केडीए बोर्ड की 140वीं बैठक में शुक्रवार को वोट क्लब में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और क्रूज के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, अटल घाट के पीछे और चकेरी एयरपोर्ट के पास लेबर फ्रंट डेवलपमेंट से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जवाहरपुरम, शताब्दीनगर, महावीरनगर में डेढ़ सौ लोगों को प्लॉट मिलेंगे। न्यू कानपुर सिटी में जमीन अधिग्रहण के लिए ढाई सौ करोड़ का प्रावधान किया गया है। अब इस योजना के लिए 550 करोड़ से जमीन खरीदी जा सकेगी। इससे योजना के जल्द विकसित होने का रास्ता साफ हो गया है। चालू वित्तीय वर्ष के 1374.86 करोड़ के मूल बजट में केडीए ने निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 248.80 करोड़, विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए 73.50 करोड़, निर्माण के लिए 234.55 करोड़ और जमीन अधिग्रहण के लिए 300 करोड का प्रावधान किया है।सिग्नेचर ग्रीन्स योजना के प्लॉटों के दाम में पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर दी गई है, जबकि अन्य 13 आवासीय योजनाओं में खाली पड़े प्लॉटों के दाम यथावत रहेंगे।



## बालियान और भाजपा विधायक का विवाद अब थाने पहुंचा

### सोम ने लेटर पैड दुरुपयोग का लगाया आरोप

**एजेंसी ■ मेरठ**

डॉ. संजीव बालियान और बीजेपी के पूर्व एमएलए संगीत सोम के बीच चल रहा विवाद अब थाने तक पहुंच गया है।

संगीत सोम ने बालियान पर अपने लेटर पैड का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है और इसकी शिकायत मेरठ पुलिस के आला अफसर से की थी। लेटर पैड पर संजीव बालियान के खिलाफ कई गंभीर आरोप लिखकर मीडिया को दिए थे। गुरुवार को संगीत सोम के पीए को बुलाकर बयान दर्ज किए गए। सोम ने अपने आवास पर 11 जून को पत्रकारों के सामने पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के आरोपों का खंडन करते हुए पलटवार किया था। इसी दौरान सोम के लेटर पैड पर संजीव बालियान के खिलाफ 20 गंभीर आरोप लगाकर मीडिया को दिए गए थे। आरोप लगाया कि संजीव बालियान ने अपने कार्यकाल के दौरान अकूत संपत्ति अर्जित की है।

## मुरादाबाद सपा सांसद लड़ेंगे कुंदरकी विस का उपचुनाव! कहा-आदेश मिले तो मैं तैयार हूं

**एजेंसी ■ मुरादाबाद**



मुरादाबाद के सांसद डॉ. एसटी हसन ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आदेश होगा तो उप चुनाव लड़ने में कोई हर्ज नहीं है। वह आदेश का पालन करते हुए उप चुनाव लड़ेंगे, मना नहीं करेंगे। सपा सांसद ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनसे रामपुर लोकसभा लड़ने के लिए कहा था। उस समय पूर्व मंत्री आजम खां के लिहाज के चलते रामपुर से लड़ने से मना कर दिया था, जब कि आजम खां ने ही उनके टिकट को कटवाया था। वह लोकसभा चुनाव समाप्त होने पर दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देने के लिए गए थे, लेकिन उप चुनाव के मुद्दे पर अभी चर्चा नहीं हुई है। मुरादाबाद जिले में कुंदरकी विधानसभा खाली होने वाली है। क्योंकि यहां के विधायक जियाउर्रहमान संभल लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हो गए हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार में एक भी मंत्री मुस्लिम समाज से नहीं है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर हुए चुनाव के दौरान सपा ने एसटी हसन का टिकट काटकर उसे रुचि वीरा को दे दिया था। इस सीट पर रुचि वीरा ने भाजपा के सर्वेश सिंह को हराया था। उधर, कुंदरकी विधायक जियाउर्रहमान बर्क को सपा ने संभल से चुनाव लड़वाया था। इसमें वह विजयी रहे थे। बर्क के सांसद चुने जाने के बाद कुंदरकी विधानसभा से उपचुनाव होगा। ऐसे में हसन ने कहा कि वह उपचुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। इसके लिए पार्टी की सहमति होनी चाहिए।

## थ्री-डी विधि से करें बाबा विश्वनाथ का दर्शन

### महाकाल की तर्ज पर 12 भक्त, 12 मिनट में एक साथ देख सकेंगे आरती

**एजेंसी ■ वाराणसी**

महाकाल की तर्ज पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में भी बाबा विश्वनाथ का थ्री-डी (त्रिआयामी विधि) दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए चार दिनों से ट्रायल चल रहा है। ट्रायल के दौरान अभी 12 भक्त एक साथ 12 मिनट में बाबा की पांचों आरती व पूजा को देख रहे हैं। साथ ही घाटों का नजारा भी देख पा रहे हैं। ट्रायल सफल रहा तो जल्द ही यह व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी। श्री विश्वनाथ धाम में भक्तों को थ्री-डी दर्शन कराने की सुविधा शुरू कराने के उद्देश्य से मंदिर प्रशासन एक कंपनी के साथ मिलकर ट्रायल शुरू कर दी है। मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं को इस तकनीक से भी दर्शन कराया जा रहा है। कंपनी के प्रोजेक्ट हेड हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि थ्री-डी के जरिए 10 से 12 मिनट का एक शो तैयार किया गया है। इसमें मंदिर में होने वाली पूजा और पांचों वक्त की आरती के साथ ललिता घाट से मणिकर्णिका घाट तक को भी दिखाया जा रहा है। थ्री-डी आधारित इस वीआर मशीन में कुल 12 डिवाइस लगे हैं। जिससे 12 श्रद्धालु एक साथ बैठ कर घाट और बाबा के पूजन व आरती देख सकते हैं। अभी सुबह 11:30 से रात आठ बजे तक थ्री डी दर्शन कराया जा रहा है।





**ईडी का शिकंजा** वर्तमान में यूनिवर्सिटी की भूमि और भवनों की बाजार कीमत 4440 करोड़ रुपए

## खनन माफिया इकबाल की ग्लोकल यूनिवर्सिटी जब्त

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

सहारनपुर के खनन माफिया एवं पूर्व बसपा एमएलसी मोहम्मद इकबाल की ग्लोकल यूनिवर्सिटी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त कर लिया है। राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय ने शुक्रवार को अवैध खनन के मामले में मोहम्मद इकबाल की यूनिवर्सिटी की 121 एकड़ भूमि और सभी भवनों को जब्त करने की कार्रवाई की है। गौरतलब है कि इकबाल बीते कई महीनों से फरार होकर दुबई में पनाह लिए है। उसके खिलाफ देश भर की करीब एक दर्जन से ज्यादा एजेंसियां जांच कर रही हैं। ईडी के मुताबिक ग्लोकल यूनिवर्सिटी को अब्दुल



वहीद एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए संचालित किया जा रहा था, जिसके नियंत्रण, प्रबंधन और संचालन मोहम्मद इकबाल और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा किया जाता है। ईडी ने करीब 10 वर्ष पूर्व मोहम्मद इकबाल के खिलाफ सीबीआई द्वारा दर्ज की गयी खनन घोटाले की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। यह मुकदमा सहारनपुर में खनन के पट्टों में हुई धांधली से जुड़ा था, जिसमें लीज होल्डर महमूद अली, दिलशाद, मोहम्मद इनाम, महबूब आलम (अब मृत), नसीम अहमद, अमित जैन, नरेंद्र कुमार जैन, विकास अग्रवाल, मोहम्मद इकबाल का बेटा मोहम्मद वाजिद, मुकेश जैन, नरेंद्र कुमार, पुनीत कुमार और कुछ अज्ञात सरकारी अधिकारियों को नामजद किया गया था।

#### स्वामित्व और संचालन इकबाल के पास था

ईडी की जांच से पता चला कि सभी खनन फर्मों का स्वामित्व और संचालन इकबाल के पास था। इकबाल और उसके करीबियों की कंपनियां और फर्में सहारनपुर और आस-पास के इलाकों में अवैध खनन में शामिल थीं। इसके जरिए मोहम्मद इकबाल के साथ करोड़ों रुपये का लेन-देन किया गया, जबकि इन कंपनियों से उसका कोई कारोबारी संबंध नहीं था। इतना ही नहीं, मोहम्मद इकबाल ने इस अवैध कमाई को आयकर विवरण में इसे छिपा लिया गया था। बाद में मोहम्मद इकबाल ने सारी धनराशि अब्दुल वहीद एजुकेशनल ट्रस्ट के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी।

#### अधिकतर रकम को असुरक्षित कर्ज और दान के रूप में दर्शाया

बताया जाता है कि अधिकतर रकम को असुरक्षित कर्ज और दान के रूप में दिया जाना दर्शाया गया था। बाद में ट्रस्ट ने इस धनराशि का उपयोग यूनिवर्सिटी की भूमि खरीदने और भवनों के निर्माण के लिए किया। ईडी की जांच में सामने आया है कि इस तरह करीब 500 करोड़ रुपये ट्रस्ट के जरिए ग्लोकल यूनिवर्सिटी में निवेश किए गये। वर्तमान में यूनिवर्सिटी की भूमि और भवनों की बाजार कीमत 4440 करोड़ रुपए है। बता दें मोहम्मद इकबाल के चार बेटे और भाई अलग-अलग मामलों में जेल में बंद हैं।

## स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक बढ़ाई, 28 से विद्यालय में आना शुरू कर देंगे बच्चे

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

यूपी में भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक के लिए बढ़ा दी गई हैं। वहीं, बच्चे 28 जून से स्कूल आएंगे। 28 जून से बच्चे सुबह 7.30 बजे से 10.00 बजे तक उपस्थित रहेंगे। वहीं, एक जुलाई से स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कर दिया गया है। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जानकारी दी है। बता दें कि भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने की मांग की थी। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को भेजे पत्र में कहा था कि पूरा प्रदेश भीषण गर्मी व लू से तप रहा है। ऐसे में विद्यालयों को 18 जून से खोलना हितकर नहीं होगा। वहीं शिक्षकों की परस्पर तबादले की प्रक्रिया भी चल रही है। इसे देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 30 जून तक की जाएं। उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को भेजे पत्र में कहा है कि वर्तमान में प्रदेश भर में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों का ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाए।



**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गहोई बाटिका सीता सागर ताल के सामने मां पीताम्बरा रोड, दतिया से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100**, फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2005/16546 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट , **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**